# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025


केंद्रीय मंत्री गडकरी ने लोकसभा में कहा

## यूरोपीय मानक की बसें चलेंगी, 'हथौड़ेछाप' नहीं



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बस हादसों में लोगों की होने वाली मौत पर चिंता जताई। गुरुवार को लोकसभा में गडकरी ने कहा कि अब देश में यूरोपीय मानक वाली बसें चलेंगी, हथौड़ेछाप बसें नहीं चलेंगी। ट्रक चालकों की सुरक्षा के लिए कोई भी ट्रक एयरकंडीशन के केबिन के बिना नहीं आएगा।






# बस, हॉस्टल और मेस के लिए वसूला ज्यादा पैसा, तीन प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों पर दस-दस लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश के तीन मेडिकल कॉलेजों पर 10-10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इन कॉलेजों ने ट्रांसपोर्ट, हॉस्टल और मेस के नाम पर छात्रों से अधिक फीस ली थी। यह राशि फीस विनियाम आयोग द्वारा तय की गई राशि से कई गुना अधिक थी। छात्रों ने इसकी शिकायत की थी। जांच में शिकायत के सही पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है। प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति छत्तीसगढ़ द्वारा ने छात्रों से ली गई अधिक राशि एक माह के भीतर 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित छात्रों को लौटाने के निर्देश दिए हैं।

प्रवेश तथा फीस नियामक समिति के अध्यक्ष जस्टिस प्रभात कुमार शास्त्री ने बताया, शंकराचार्य इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, जुनवानी भिलाई , श्री बालाजी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, मोवा एवं रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस, भानसोज, ग्राम-गोढ़ी पर यह कार्यवाही की गई है। इन संस्थानों में एमबीबीएस, एमडीएमएस पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर रहे छात्रों से ट्रांसपोर्ट, हॉस्टल एवं मेस के नाम पर अत्यधिक राशि प्रत्येक छात्र ▶▶|शेष पेज 5 पर

## छात्रों से ली गई अधिक राशि एक माह के भीतर 7% ब्याज सहित वापस देने निर्देश

- जांच के बाद प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति का फैसला, छात्रों ने की थी शिकायत



### जानिए... किस संस्थान ने कितने वसूले

**शंकराचार्य इंस्टिट्यूट: 4 हजार की जगह लिए 2.50 लाख**

जांच में पाए गए तथ्य के अनुसार, श्री शंकराचार्य इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस द्वारा ट्रांसपोर्टेशन मद में 2.50 लाख ▶▶|शेष पेज 5 पर

**बालाजी इंस्टिट्यूट: प्रति छात्र वसूले 4 लाख 58 हजार अतिरिक्त**

इसी तरह श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस द्वारा तीनों मद में 5.50 लाख रूपए राशि ली जा रही है, ▶▶|शेष पेज 5 पर

**रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस: 13 हजार के जगह 5.5 लाख**

रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस द्वारा तीनों मद में 5.50 लाख रूपए की राशि ली जा रही है, जबकि ट्रांसपोर्टेशन मद ▶▶|शेष पेज 5 पर






## राज्यसभा से भी पारित हुआ वक्फ बिल, 13 घंटे से ज्यादा चली संसद, पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 मत

# बदलाव का मकसद 'मलाई' खाने वालों को रोकना : नड्डा

# सोनिया बोलीं - यह संविधान पर सरेआम हमला

- सुधांशु त्रिवेदी की बात पर गृह मंत्री शाह और दिग्विजय सिंह में तकरार
- वक्फ में किसी गैर मुस्लिम का नहीं होगा कोई हस्तक्षेप : किरण रिजिजू

*लोकसभा के बाद वक्फ (संशोधन) बिल, 2025 को गुरुवार को राज्यसभा में पास हो गया। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बिल को सदन के पटल पर रखा। इस बीच, चर्चा के दौरान विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि बिल का मकसद वक्फ की प्रॉपर्टी का उचित मैनेजमेंट करना है। वहीं सोनिया गांधी ने कहा- यह संविधान पर सरेआम हमला है। इस बीच, बिल के पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 वोट मिले।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राज्यसभा में भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक का मकसद वक्फ की जमीन के प्रबंधन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है ताकि उनके



दुरूपयोग पर काबू पाया जा सके और 'मलाई खाने' वाले जमीन माफिया पर रोक लग सके। राज्यसभा में वक्फ़ संशोधन विधेयक, 2025 पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए नड्डा ने कहा कि मौजूदा वक्फ कानून से मुसलमानों को नुकसान हो रहा था और जमीन माफिया मलाई खा रहे थे। राज्यसभा में चर्चा के बाद जवाब देते हुए अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन ▶▶|शेष पेज 5 पर

**कोलकाता में विरोध**



**जयपुर में जश्न**



### वक्फ बिल पर बीजेडी का यू-टर्न

वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को लेकर बीजू जनता दल ने यू-टर्न लिया है। पार्टी पहले बिल का विरोध कर रही थी। अब पार्टी ने अपने राज्यसभा सांसदों को इस बिल पर मतदान के दौरान अपने विवेक से फैसला लेने की छूट दी है। इस मुद्दे पर पार्टी की ओर से कोई व्हिप जारी नहीं किया गया है।

**वक्फ बिल पर सिंघवी का हमला :** कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह बिल एक कानून नहीं, बल्कि कानूनी भाषा में सत्ता की मनमानी का प्रतीक है। उन्होंने रतिलाल केस और तिलकायत गोविंद जी महाराज केस का उदाहरण देते हुए बताया कि बिल के क्लॉज 11 के तहत राज्य सरकार को वक्फ बोर्ड में सौ फीसदी नामांकित सदस्य रखने का अधिकार दिया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इससे स्वायत्तता बची रहेगी? क्या धार्मिक समुदायों के पास अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार रहेगा?

### सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक पहल : साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोकसभा से पारित वक्फ संशोधन बिल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बिल भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का प्रमाण है। जिस प्रकार से इस बिल पर व्यापक चर्चा हुई है, वह हमारे संसदीय विमर्श की परिपक्वता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह संशोधन वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। वर्षों से वक्फ और सरकारी ▶▶|शेष पेज 5 पर



### किसने क्या कहा

हमारी इबादतगाहें तो हमसे मत छीनिए, बिल वापस ले सरकार
*- इमरान प्रतापगढ़ी*

प्रॉपर्टी मेरी, चैरिटी में मैं देना चाहता हूं, आप कौन हैं भाई
*- कपिल सिब्बल*

सभी धर्मों के साथ होना चाहिए समान व्यवहार
*- रामगोपाल यादव*

उम्मीद है कि वक्फ प्रॉपर्टी का भविष्य सुरक्षित होगा
*- एचडी देवगौड़ा*

मुसलमानों के हित की इतनी चिंता तो जिन्ना ने भी नहीं की थी
*- संजय राउत*

आपने इतना बुल्डोजर चलाया है कि आप पर भरोसा नहीं होता
*- सरफराज अहमद*

### सोची-समझी रणनीति

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने विधेयक को लोकसभा में मनमाने ढंग से पारित कराने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि यह विधेयक संविधान पर सरेआम हमला है। यह समाज को स्थायी ध्रुवीकरण की स्थिति में बनाए रखने की भाजपा की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है।



## खबर संक्षेप

### विमानन कंपनियों को मिली 24 फर्जी बम की धमकी

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा कि इस साल 25 मार्च तक विभिन्न विमानन कंपनियों को बम रखे होने की धमकी वाले 24 फर्जी फोन कॉल आए। नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में बताया कि 2022 से 25 मार्च, 2025 तक कुल 836 फर्जी फोन कॉल आए।




### जगुआर क्रैश मामले की जांच के आदेश

**अहमदाबाद।** भारतीय वायु सेना ने गुजरात के जामनगर वायुसेना के अड्डे के पास एक गांव में जगुआर लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले की जांच के आदेश दिए हैं। इस हादसे में एक पायलट की मौत हो गई, जबकि एक अन्य पायलट घायल हो गया है।




### म्यांमार में भूकंप से अब तक 3085 की मौत

**बैंकॉक।** म्यांमार में एक सप्ताह पहले आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,085 हो गई। देश की सैन्य सरकार ने यह जानकारी दी। सेना ने कहा कि 4,715 लोग घायल हुए हैं तथा 341 लापता हैं। पिछले शुक्रवार को आए 7.7 तीव्रता वाले भूकंप का केंद्र म्यांमा के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था।



### कठुआ में 12वें दिन भी चला तलाशी अभियान

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में तीन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए कई एजेंसियों द्वारा शुरू किया गया तलाशी अभियान लगातार 12वें दिन भी जारी रहा। ऐसा माना जा रहा है कि पाकिस्तान से घुसपैठ कर भारतीय सीमा में दाखिल हुए आतंकवादी कठुआ के घने जंगलों में छिपे हुए हैं।



पुलिस विभाग में मचा हड़कंप

# सिपाही के घर का ताला तोड़कर चोर ले उड़े एके-47 और 90 राउंड जिंदा कारतूस!

- जिला बल बलरामपुर में है पदस्थ, गांधीनगर थाना के समीप हुई घटना, सोने चांदी के जेवर समेत हथियार भी ले गए चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

शहर के गांधीनगर थाना से समीप एक सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। इस चोरी की घटना से पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि चोरी जिला बल के आरक्षक के घर हुई और चोर सोने चांदी के जेवर के साथ ही आरक्षक को दी गई एके 47 राइफल और 90 राउंड कारतूस भी ले गए। इसलिए यह चोरी आम चोरियों से अलग है। अब पुलिस की नींद उड़ गई है। एके 47 और 3 मैगजीन कारतूस किसी गलत हाथ में पड़ गया तो कोई बड़ी घटना भी हो सकती है। इस संवेदनशील मामले को लेकर पुलिस के आला अधिकारी जांच ▶▶|शेष पेज 5 पर

**चल रही जांच**

जिला बल के आरक्षक द्वारा घर में चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई है। चोर सोने चांदी के जेवर के साथ ही एके 47 राइफल और 90 राउंड कारतूस की चोरी हुई है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है और जो भी जानकारी सामने आएगी उसके आधार पर पुलिस मामले का खुलासा करेगी।

**- योगेश पटेल,** एसपी, सरगुजा

**जांच के बाद होगी कार्रवाई**

आरक्षक अधिकारी की सुरक्षा के लिए हथियार लेकर ड्यूटी में अंबिकापुर गया था लेकिन यदि वह छुट्टी पर जा रहा था तो स्थानीय थाने या लाइन में हथियार जमा कर अधिकारियों को सूचित करना था। एसपी सरगुजा की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्वाई की जाएगी।

**- वैभव बेंकर रमनलाल**
एसपी, बलरामपुर

# आज आएंगे शाह, कल पंडुम महोत्सव में होंगे शामिल, रायपुर में लेंगे नक्सल मुद्दों पर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिनों के छत्तीसगढ़ दौरे पर शुक्रवार रात को राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम यहां करने के बाद शनिवार को सुबह बस्तर जाएंगे। वहां पर दंतेवाड़ा में पंडुम महोत्सव में शामिल होने के साथ जन प्रतिनिधियों और सुरक्षा बलों के कमांडरों और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके साथ गृह मंत्री भोजन भी करेंगे। इसके बाद रायपुर लौटने पर यहां नक्सल मुद्दे पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। तय कार्यक्रम के ▶▶|शेष पेज 5 पर



- रात्रि विश्राम करेंगे रायपुर में

### रायपुर करेंगे बैठक

बस्तर से शाम को लौटने के बाद होटल मेफेयर में 5.30 से 7.30 बजे तक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नक्सल मुद्दों पर चर्चा करेंगे। नक्सलियों की तरफ से आए शांति वार्ता के प्रस्ताव पर भी इस बैठक में विचार होगा। इसी के साथ नक्सल मुद्दों पर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# रायपुर से कवर्धा पहुंचा 4 किलो सोना पकड़ा गया, कार में नकदी 8 लाख रुपए भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

कवर्धा पुलिस ने बुधवार की रात छानबीन के दौरान कार से चार किलो सोना तथा 8 लाख चालीस हजार रुपए की नगदी बरामद किए हैं। प्रकरण में दो सेल्समैन को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की जांच के लिए जीएसटी और इनकम टैक्स विभाग को मामला सौंप दिया है। जब्त किए गए सोने के जेवरातों का कुल वजन 4000.700 ग्राम और बाजार मूल्य करीब तीन करोड़ रुपए बताया ▶▶|शेष पेज 5 पर



- बिना बिल खरीदी बिक्री का शक

### दोनों सेल्समैन रायपुर निवासी

पुलिस ने कार सवार सेल्समैन माशंकर साहू, निवासी भगत चौक, टिकरापारा रायपुर तथा जावेद जिवानी, निवासी फौव्वारा चौक, बैरन बाजार, रायपुर से पूछताछ की। दोनों सेल्समैन सोने के आभूषणों तथा नगदी के संबंध में कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। इसके बाद पुलिस ने ▶▶|शेष पेज 5 पर

## ईपीएफओ में बदलाव, एम्प्लॉयर अप्रूवल की अनिवार्यता भी हटी

# पीएफ विड्रॉल में कैंसिल चेक-पासबुक जरूरी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने कहा कि अब भविष्य निधि से ऑनलाइन निकासी के इच्छुक आवेदकों को रद्द किए गए चेक की तस्वीर 'अपलोड' करने की आवश्यकता नहीं है और उनके बैंक खातों को नियोक्ताओं द्वारा सत्यापित करने की भी जरूरत नहीं है। इस कदम से लगभग आठ करोड़ अंशधारकों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में तेजी आने और नियोक्ताओं के लिए कारोबारी सुगमता सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

### शिकायतों में आएगी कमी

इन उपायों से दावों के निपटान की प्रक्रिया में उल्लेखनीय सुधार आएगा। दावों के खारिज होने से संबंधित शिकायतों में कमी आएगी। इन आवश्यकताओं को शुरू में कुछ केवाईसी-अपडेट किए गए सदस्यों के लिए परीक्षण आधार पर छूट दी गई थी। 28 मई, 2024 को परीक्षण के तौर पर शुरुआत के बाद से, इस कदम से पहले ही 1.7 करोड़ ईपीएफ सदस्यों को लाभ मिल चुका है।



**पहले** वित्त वर्ष 2024-25 में 1.3 करोड़ सदस्यों ने बैंक सीडिंग के लिए रिक्वेस्ट दी, इसमें एम्प्लॉयर की मंजूरी में औसतन 13 दिन देरी हुई। इसके कारण 14.95 लाख रिक्वेस्ट्स एम्प्लॉयर के पास पेंडिंग हैं।

**अब** सदस्य आधार ओटीपी के जरिए नया बैंक अकाउंट नंबर और आईएफएससी कोड वेरिफाई कर सकेंगे।

### इधर, पीपीएफ में नामिनी बनाने पर शुल्क नहीं

इधर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) खातों के लिए 'नॉमिनी' बनाने या उसमें कोई बदलाव करने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा क्योंकि सरकार ने अधिसूचना के जरिये आवश्यक बदलाव किए हैं। वित्त मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, हाल ही में पीपीएफ खातों में 'नॉमिनी' व्यक्ति के विवरण को जोड़ने-संशोधित करने के लिए वित्तीय संस्थानों द्वारा शुल्क लेने की जानकारी मिली है।


APRIL
04
मान. राकेश पाण्डेय जी
को
छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड
अध्यक्ष नियुक्त होने पर एवं
जन्मदिन की हार्दिक बधाई
शुभेच्छु:- चंदन-बसंत अग्रवाल, थान खम्हरिया, रायपुर (छ.ग.)




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





## बीजापुर इलाके में खुल गए 250 स्कूलों के बंद दरवाजे, मुठभेड़ में जहां 24 नक्सली मारे गए, वहां 40 बच्चों को इसी सत्र से शिक्षा

अलग खबर

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जहां छोटे-छोटे बच्चे पहले केवल खून और गोलीबारी को समझा करते थे, अब वे अक्षरों का ज्ञान प्राप्त करेंगे। कुछ दिन पहले बीजापुर जिले के घनघोर नक्सल प्रभावित अंड्री इलाके में मुठभेड़ में दो दर्जन से अधिक माओवादी मारे गए थे, उसी इलाके में एक गांव है मुदवेंडी, जहां प्रायमरी स्कूल इसी सत्र में शुरू किया गया है। विभागीय अफसरों का कहना है कि 20 साल बाद मुदवेंडी में स्कूल खुला है। जिले में अब तक 250 स्कूल खोल दिए गए हैं। यहां गोण्डी बोलने वाले आदिवासी परिवार के नन्हे बच्चे हिन्दी का अक्षर ज्ञान और गिनती ▶▶|शेष पेज 5 पर

### 250 बंद स्कूल शुरू हुए

सलवा जुडूम के दौरान जो स्कूल बंद हो गए थे, उन्हें खोला जा रहा है। इस साल सुरक्षा कैम्प के समीप के गांव में 20 स्कूल और सुरक्षा कैम्प जहां नहीं है, वहां पूरे जिले में 230 स्कूल खोले गए हैं। इस तरह बंद हुए 250 स्कूल पुनः खोलकर संचालित हो रहे हैं। वहीं भवन की स्वीकृति भी दी जा रही है। मुदवेंडी में भी भवन का काम शुरू हो गया है।

-एलएल धनेलिया,
जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर



■ मुदवेंडी में 20 बरस बाद लगी क्लास, इस साल सिर्फ पहली क्लास में एडमिशन

### सीएम साय ने ली सुध

राज्य में विष्णुदेव साय सरकार के गठन के बाद बस्तर में नक्सली उन्मूलन की दिशा में तेजी से काम शुरू हुआ। नक्सलियों के सफाये के साथ अंदरुनी इलाकों में विकास के द्वार खोले गए, इनमें शिक्षा भी शामिल है। चूंकि अभी शिक्षा विभाग श्री साय के पास ही है, इसलिए नक्सली खौफ से बंद स्कूलों को फिर से खोलने को प्राथमिकता दी गई और अंदरुनी इलाकों में फोर्स की हलचल के साथ स्कूल खुलते चले गए। अब तक 250 बंद स्कूलों को खोला जा चुका है।



### रेगुलर शिक्षक की जगह शिक्षादूत बनकर गांव के युवा पढ़ा रहे

धूर नक्सल गढ़ में पढ़ाने के लिए रेगुलर शिक्षक जाने से आज भी बच रहे हैं। ऐसे में संवेदनशील गांव में 12वीं तक शिक्षित स्थानीय युवक को शिक्षादूत बनाकर 10 हजार वेतन दिया जा रहा है। 2 स्थानीय युवक यहां पढ़ा रहे हैं, रेगुलर शिक्षक पदस्थ नहीं है। पहली बार स्कूल खुला है, इसलिए भाषा-बोली की समस्या भी है। स्थानीय युवक इन बच्चों को गोण्डी में उनकी भाषा समझकर पढ़ा रहे हैं। आगे जब हर साल 1-1 क्लास बढ़ेगी तो फिर रेगुलर शिक्षक भेजे जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुदवेंडी में 12वीं पास युवक नहीं मिला, लेकिन इसी ग्राम पंचायत बुरजी जिसमें 17 गांव आते हैं, वहां शिक्षादूत मिल गए। इस तरह यहां स्कूल शुरू हो गया है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### रन्या 40 करोड़ के सोने की तस्करी में शामिल

**बेंगलुरु।** जौहरी साहिल सकारिया जैन ने कन्नड़ अभिनेत्री हर्षवर्धिनी



रन्या उर्फ रन्या राव को तस्करी के 49.6 किलोग्राम सोने को खपाने में सहायता की। इस सोने की कीमत 40.14 करोड़ रुपए आंकी गई है। जैन ने इस अवैध लेनदेन को अंजाम देने में मदद की।

### रैगिंग करने के आरोप में तीन मेडिकल छात्र निलंबित


**हैदराबाद।** तेलंगाना में सरकारी मेडिकल कॉलेज के तीन छात्रों को प्रथम वर्ष के एमबीबीएस छात्र



की रैगिंग करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। रैगिंग रोधी समिति की बैठक के बाद तीन वरिष्ठ छात्रों (एक तृतीय वर्ष का और दो द्वितीय वर्ष) के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई।

### आग लगने से गैस सिलेंडर फटा, दो बच्चों की मौत


**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में झोपड़ी में गैस सिलेंडर फटने से दो बच्चों की मौत हो गई। जिनसिनंगला गांव के बाहर स्थित



जयपाल सिंह की झोपड़ी में आग लग गई। जब ग्रामीण आग पर बुझाने की कोशिश कर रहे थे, तभी झोपड़ी के अंदर रखा गैस सिलेंडर फट गया, जिससे आसपास का इलाका भी आग की चपेट में आ गया।

### मिशेल की याचिका पर अधिकारियों से जवाब तलब


**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने अगस्ता वेस्टलैंड मामले में कथित बिचौलिये



क्रिश्चन मिशेल जेम्स की उस याचिका पर तिहाड़ अधिकारियों से जवाब मांगा। इसमें दावा किया गया है कि जेल में उसे जहर देने की कोशिश की गई थी।

### मुंबई में लॉरेंस गैंग के 5 सदस्य गिरफ्तार

**मुंबई।** क्राइम ब्रांच ने अंधेरी इलाके से लॉरेंस गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास



से 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। गिरफ्तार लोगों की पहचान विकास ठाकुर उर्फ विक्की, सुमित कुमार दिलावर, श्रेयस यादव, देवेंद्र सक्सेना और विवेक गुप्ता के रूप में की गई है। ये सभी राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। सुमित कुमार और विकास हिस्ट्रीशीटर हैं।

देश में दो मौसम : राजस्थान-गुजरात में हीटवेव, मप्र-महाराष्ट्र में गिर सकते हैं ओले

# बदला मौसम, छत्तीसगढ़ में बूंदाबांदी 12 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

*बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली हवाओं के चलते देशभर में मौसम बदल गया है। गुरुवार को छत्तीसगढ़ के कई स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। मप्र, महाराष्ट्र और यूपी में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के भीतर देश के 12 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है, वहीं गुजरात-राजस्थान में हीटवेव का अनुमान जताया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश में गुरुवार को कहीं-कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। इन राज्यों के कुछ क्षेत्रों में जहां बारिश होने से गर्मी से राहत मिली, वहीं उमस ने लोगों को परेशान कर दिया। भारत के मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों के लिए बड़ी चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार देश के कई राज्यों में अब जोरदार बारिश के साथ ओले पड़ने वाले हैं।

■ छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश से मिली राहत, उमस बढ़ी

आईएमडी के अनुसार 4 अप्रैल से लेकर 9 अप्रैल तक दक्षिण भारत में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। इसके साथ बिजली कड़केगी और बारिश भी होगी। कहीं-कहीं ओले पड़ने की भी संभावना व्यक्त की गई है। इसके साथ ही 4 अप्रैल से मध्य भारत, महाराष्ट्र, गंगीय पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा में भी ऐसा ही मौसम रहेगा। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार यूपी, बिहार, बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, कोंकण, गोवा और नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में बारिश का अलर्ट है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ▶▶|शेष पेज 5 पर

### आज से 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी तेज हवाएं



#### छग सहित इन राज्यों को चेतावनी

मौसम विभाग के अनुसार 3-4 अप्रैल को छत्तीसगढ़ सहित मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा में बारिश के साथ ही ओले पड़ सकते हैं। 4 और 5 अप्रैल को विदर्भ और उत्तर आंतरिक कर्नाटक में, 4 अप्रैल को पश्चिम मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में बारिश-ओले पड़ने की चेतावनी दी गई है।



#### इन राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

आईएमडी के अनुसार 4 से लेकर 9 अप्रैल तक तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में, आंतरिक कर्नाटक के तटीय और आसपास के क्षेत्रों में अलग- अलग स्थानों पर, 5 अप्रैल से 8 अप्रैल तक केरल और माहे में और 6-7 अप्रैल को उत्तर आंतरिक कर्नाटक में भारी बारिश होने की संभावना है।

#### यहां करेगी लोगों को गर्मी परेशान

अगले 7 दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान 3-5 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। राजधानी दिल्ली, सौराष्ट्र और कच्छ के अलग- अलग इलाकों में 5 से 8 अप्रैल के दौरान, पश्चिमी राजस्थान में 6 से 8 अप्रैल के दौरान, गुजरात व पूर्वी राजस्थान में 7 से 9 अप्रैल तक गर्म हवाएं चलने की संभावना है।

#### चारमीनार की दीवार से प्लास्टर की परत गिरी

*हैदराबाद। हैदराबाद में बृहस्पतिवार को भारी बारिश के बाद चारमीनार की दीवार से प्लास्टर की परत गिर गई। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सूत्रों ने बताया कि चारमीनार की दीवार से प्लास्टर की परत गिरने की घटना में कोई घायल नहीं हुआ। चारमीनार की दीवार से प्लास्टर की परत गिरने के लिए भारी बारिश को जिम्मेदार ठहराया।*

प. बंगाल सरकार को बड़ा झटका

## स्कूलों में 25,753 शिक्षकों कर्मियों की नियुक्ति अवैध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को बड़ा झटका देते हुए राज्य सरकार द्वारा संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति को अवैध करार दिया और पूरी चयन प्रक्रिया को 'त्रुटिपूर्ण और विकृत' करार दिया। सीजेआई संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के 22 अप्रैल, 2024 के फैसले को बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा, हमारे विचार से, यह ऐसा मामला है जिसमें पूरी चयन प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण रही है, जिसे सुधारा नहीं जा सकता। कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को लेकर दाखिल 127 याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, चयन की विश्वसनीयता और वैधता कम हो गई है, और तदनुसार, हमें इसे (उच्च न्यायालय के आदेश को) कुछ संशोधनों के साथ बरकरार रखना होगा।

#### ममता बोली-फैसले को नहीं कर सकतीं स्वीकार

*प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह न्यायपालिका का बहुत सम्मान करती हैं, लेकिन विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्तियों को अमान्य करार देने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले को वह स्वीकार नहीं कर सकतीं। बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार उच्चतम न्यायालय के फैसले का पालन करेगी, यद्यपि अन्य कानूनी विकल्पों पर भी विचार कर रही है।*

#### भाजपा ने ममता से मांगा इस्तीफा

*भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने करीब 26,000 शिक्षकों की 'दुर्दशा' के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष और केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, शिक्षक भर्ती में इतने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की पूरी जिम्मेदारी राज्य की विफल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की है।*

#### सीबीआई जांच पर सुनवाई आज

पीठ ने सीबीआई से जांच कराने के उच्च न्यायालय के निर्देश को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका सहित अन्य याचिकाओं पर सुनवाई के लिए चार अप्रैल की तारीख तय की है। शीर्ष अदालत ने 10 फरवरी को मामले से संबंधित कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था और कहा कि जिन लोगों को गलत तरीके से नौकरी मिली है, उन्हें हटाया जा सकता है।

भोजन करने के बाद बिगड़ी बच्चों की तबीयत

## मध्यान्ह भोजन में छिपकली 70 बच्चे पहुंचे अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसमी

बच्चों के मध्यान्ह भोजन में छिपकली निकलने की घटना सामने आई है। मामला विकासखंड के ग्राम तुरीपानी प्राथमिक शाला का है। मध्यान्ह भोजन करते समय



छिपकली निकलने से हड़कंप मच गया। भोजन करने के बाद दो बच्चों की तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इसके साथ ही भोजन करने वाले कुल 70 बच्चों को भी प्राथमिक उपचार दिया गया। फिलहाल सभी बच्चे खतरे से बाहर बताए जा रहे है। इस घटना के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने ▶▶|शेष पेज 5 पर

#### बच्चे खतरे के बाहर

खाने में छिपकली निकलने के बाद बच्चों को उपचार के लिए दो बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके साथ ही भोजन करने वाले शेष अन्य बच्चों की भी एहतियातन जांच की गई है। सभी बच्चे ठीक है और अब घबराने की बात नहीं है।

#### मिथलेश पैकरा, बीएमओ, कुसमी

की जाएगी कार्रवाई

खाने में छिपकली मिलने की सूचना मिली है। एहतियातन सभी बच्चों का उपचार कराया गया है और बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ है। इस मामले की जांच चल रही है और भोजन बनाने वाले समूह को जांच के बाद हटाया जाएगा।

-डीएन मिश्रा, डीईओ
बलरामपुर

#### दो बच्चों को किया गया भर्ती

इस मामले में बीईओ रामपथ यादव ने बताया कि मध्यान्ह भोजन में छिपकली निकलने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर बच्चों का उपचार कराया गया। दो बच्चों को उल्टी की शिकायत थी जिसके बाद उन्हें भर्ती कर उपचार कराया गया है जबकि शेष बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। सभी बच्चे स्वस्थ है और इस मामले की जांच कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दी जाएगी। स्कूल में कुल 101 बच्चे उपस्थित हुए थे जिनमें से सिर्फ 70 बच्चे ही भोजन कर पाए थे।

## थाईलैंड में भारतीयों के बीच पीएम मोदी




**बैंकाक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए बैंकॉक पहुंचे। थाईलैंड में भारतीय समुदाय ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैंकॉक में रामायण के थाई संस्करण, रामकियेन को देखा।

## कुएं में जहरीली गैस से घुटा दम, आठ की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खंडवा

खंडवा में एक कुएं में जहरीली गैस से दम घुटने के कारण 8 लोगों की मौत हो गई। करीब 3 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन में सभी 8 शव कुएं से बाहर निकाल लिए गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस, प्रशासन और एसडीईआरएफ की टीम पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। पुलिस के अनुसार घटना गुरुवार शाम को जिले के छैगांवमाखन क्षेत्र के कोंडावत गांव की है। बताया जा रहा है कि गणगौर विसर्जन को लेकर अर्जुन नाम का शख्स कुएं की सफाई करने उतरा, जो जहरीली गैस के कारण बेसुध होकर कुएं में जमा दलदल में डूब गया।



#### इनकी हुई मौत

राकेश (21) पिता हरी पटेल, वासुदेव (40) पिता आसाराम पटेल, अर्जुन (35) पिता गोविंद पटेल, गजानंद (35) पिता गोपाल पटेल, मोहन (48) पिता मंसाराम पटेल, अजय (25) पिता मोहन पटेल, शरण (40) पिता सुखराम पटेल अनिल (28) पिता आत्माराम पटेल।

भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया समेत दुनियाभर के नेताओं ने दी तीखी प्रतिक्रिया

## 'ट्रंप टैरिफ' पर गुस्सा, कहा-कोई दोस्त ऐसा नहीं करता



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन/नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दुनिया के देशों पर व्यापक टैरिफ का ऐलान किया। ट्रंप के नए टैरिफ ऐलान पर दुनिया भर के नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आई है। भारत की तरफ से केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा है कि भारत पहले टैरिफ का विश्लेषण करेगा। भारत पर ट्रंप ने 27% का टैरिफ लगाया है। इसे लेकर मंत्री पंकज चौधरी ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप के लिए अमेरिका पहले है और मोदी जी के लिए भारत पहले है।

#### बौखलाया चीन

चीन ने नए टैरिफ की निंदा करते हुए कहा कि वो इन तरीकों का 'दृढ़ता से विरोध



करता है और अपने अधिकारों, हितों की रक्षा के लिए जवाबी उपाय' लागू करेगा। वाणिज्य मंत्रालय ने टैरिफ की आलोचना करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मानदंडों का उल्लंघन बताया और तर्क दिया कि इससे प्रभावित देशों के वैध अधिकारों को काफी नुकसान पहुंचता है।

#### इटली पीएम बोलीं- फैसला गलत

ट्रंप की सहयोगी इटली की जॉर्जिया मेलोनी ने



कहा कि यह फैसला गलत है, लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि वो ट्रेड वॉर यानी व्यापार युद्ध को रोकने के लिए अमेरिका के साथ समझौते की दिशा में काम करेंगी।

#### यूरोप के लिए बेहद मुश्किल

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यह यूरोप



के लिए बेहद मुश्किल होने वाला है। उन्होंने कहा, यह यूरोप के लिए बेहद कठिनाई भरा है. मेरा मानना है कि यह अमेरिका और उसके नागरिकों के लिए भी बेहद विनाशकारी साबित होने वाला है।

#### कनाडा ने कहा, देंगे जवाब

प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि कनाडा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ का जवाब देगा। कनाडा की



प्रतिक्रिया पर चर्चा के लिए कैबिनेट की बैठक से पहले उन्होंने प्रेस से बात करते हुए कहा, उद्देश्य और ताकत के साथ काम करना जरूरी है और हम यही करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने का फैसला 'किसी दोस्त का काम नहीं' है लेकिन उन्होंने अमेरिका के खिलाफ रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने से इंकार कर दिया।

# अचानक आसमान में दिखने लगे दो सूरज, लोग भी रह गए दंग



ओटावा। कनाडा के क्यूबेक में सेंट लॉरेंस नदी के ऊपर एक अद्भुत वीडियो कैद की गई है। जिसे देखकर हर कोई हैरान है। वीडियो में एक साथ दो सूरज उगते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह घटना 29 मार्च की है। इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर लोगों का काफ़ी ध्यान आकर्षित किया है, और कई लोग इस कुदरती नज़ारे को देखकर हैरान हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि एक ही वक्त में दो सूरज उग सकते हैं? अगर आपको लगता है कि ऐसा नहीं हो सकता है, तो ऐसा हुआ है। दरअसल, दावा किया जा रहा है कि 29 मार्च को ऐसा ही एक दिलचस्प नज़ारा देखने को मिला है, जिसे 'डबल सनराइज'भी कहा जा रहा है। हालांकि, यह भारत में नजर नहीं आया है।

## सूर्य को आंशिक रूप से ढक लिया था चंद्रमा ने



सूर्यग्रहण ने इस असाधारण वाक्या के लिए बेहतरीन हालात पैदा किए। चूंकि, इस दौरान चंद्रमा ने सूर्य को आंशिक रूप से ढक लिया था, इसलिए ऐसा वहम पैदा हुआ कि दो सूर्य एक साथ उग रहे हैं। इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर लोगों का काफ़ी ध्यान आकर्षित किया है, और कई लोग इस कुदरती नजारे को देखकर हैरान हैं।



### क्या होता है असर

यह घटना न केवल देखने में हैरतअंगेज है, बल्कि आसमानी पिंडों और जमीन की फिजा के बीच यूनिक इंटरेक्शन को नुमाया भी करता है। ग्रहण के दौरान सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी की अलाइनमेंट से अलग-अलग प्रकार के ऑप्टिकल असर पैदा हो सकते हैं, जिनमें 'सींग' या 'सन डॉग' का दिखना भी शामिल है, जो सूर्य के दोनों ओर चमकीले धब्बे होते हैं।

### नायाब नजारे

सूर्य ग्रहण आम बात है, लेकिन इस तरह के डरामाई विजुअल्स इफेक्ट्स के नजारे को कैद करना नायाब है। सेंट लॉरेंस नदी की शांत मंजर के साथ ग्रहण के संयोजन ने इस वीडियो को गैर-मामूली बना दिया है, जो ब्रह्मांड के साथ हमारे ग्रह के रिश्ते की गतिशील और हमेशा बदलती खूबसूरती की एक झलक पेश करता है।

## रोचक खबरें



### यहां पर लड़की के शादी से मना करने पर लड़के को देते हैं कद्दू

**कीव।** दुनिया के सभी देशों की अपनी मान्यताएं और रीति-रिवाज हैं। कई देशों में इस आधुनिक दौर में भी लोग सालों से चली आ रही परंपराओं का पालन करते हैं। हर देश में शादी एक संस्कार मानी जाती है। हालांकि, शादी के तरीके और इससे जुड़े रीति-रिवाज काफी अलग होते हैं। कहीं शादी के समय पिता लड़की के सिर पर थूककर आशीर्वाद देता है, तो कहीं शादी के लिए लड़के मार खाते हैं। लेकिन, यूक्रेन में शादी को लेकर एक अजीबोगरीब परंपरा है। यहां पर लड़की वाले लड़के को कद्दू देते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन में कद्दू का शादी के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि यूक्रेन में लड़कों को कद्दू से काफी डर लगता है। इसकी वजह शादी से जुड़ी एक अजीबोगरीब मान्यता है। रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेन में जब कोई लड़का किसी लड़की के घर शादी के लिए रिश्ता लेकर जाता है, तो उसे माता-पिता को भी रिश्ते के लिए राजी करना होता है। लड़के को अपने साथ परिवार के दो लोगों को लेकर जाना होता है। हालांकि, शादी का अंतिम फैसला लड़की ही करती है। अगर वो शादी के लिए मानती है, तो वो लड़के के हाथ में रिबन बांधती है, लेकिन वो इंकार कर देती है, तो लड़के को कद्दू दिया जाता है।


### 7 साल में 20 बार 'दुल्हन' बन चुकी है लड़की, फिर भी है कुंवारी! वजह जानकर उड़ जाएंगे होश

**बीजिंग।** शादी वैसे तो जन्म-जन्म का नाता है और इसे करने से पहले इंसान को अच्छी तरह सोचना-समझना होता है। हालांकि, वक्त बदलने के साथ-साथ इस रिश्ते के मायने भी बदल गए हैं। कुछ लोग सिर्फ समाज के लिए शादी करते हैं तो कुछ समाज के दबाव में करते हैं। यही वजह है कि शादी एक संस्कार नहीं, बल्कि कुछ जगहों पर मज़ाक बनकर रह गई है। पड़ोसी देश चीन से एक ऐसी ही लड़की की कहानी सामने आई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक यहां रहने वाली एक लड़की सिर्फ दिखावे के लिए लोगों की दुल्हन बन जाती है। ये शादी उसके लिए किसी सीरियल में काम करने जैसी होती है और वो इससे पैसे कमाती है। कहने को तो उसकी 20 शादियां हो चुकी हैं, लेकिन आज तक वो अविवाहित ही है। चीन की रहने वाली काओ मेई नाम की लड़की ने कमाई का अलग ही रास्ता निकाल रखा है। वो उन लोगों के लिए दुल्हन बन जाती है, जो समाज से पड़ रहे शादी के प्रेशर को लेकर परेशान हैं। काओ 20s में है और वो पिछले 7 सालों से ये काम कर रही है। चंग्दू की रहने वाली काओ ने साल 2018 में अपने एक दोस्त की गर्लफ्रेंड होने का नाटक किया था। इसके बाद तो उसने इसे ही बिजनेस बना लिया, वो सोसायटी प्रेशर में पड़े लोगों की मदद करने के लिए उनकी गर्लफ्रेंड या बीवी बन जाती है। पिछले सात सालों में वो 20 शादियां कर चुकी है, जिसमें वो अपने क्लाइंट के लिए उनकी दुल्हन बन जाती है।



### जुलाई में आएगी सुनामी, हिलेगी जमीन! जापानी 'अम्मा' ने 26 साल पहले ही कर दी थी 2025 वाली भविष्यवाणी

**टोक्यो।** कई लोग ऐसे हैं जो बहुत पहले ही धरती पर होने वाली चीजों का दावा कर चुके हैं और जिनकी बातें सच भी साबित हुई है। इसी कड़ी में जापान की एक अम्मा का किस्सा सामने आया है। जिन्होंने कहा कि जुलाई महीने में साल 2011 से भी भंयकर तबाही देखने को मिलेगी। आपने एक चीज नोटिस की होगी कि पिछले कुछ समय से हमारी धरती पर हमें ऐसी कई चीजें देखने को मिल रही है। जिसकी उम्मीद किसी ने ना की हो. जैसे कुछ ही दिनों पहले म्यांमार में धरती इस तरीके से हिली की हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इन सबके इतर हम लोगों को कई ऐसी परिस्थिति देखने को मिल रही है। जिसे किसी के लिए भी समझ पाना काफी ज्यादा मुश्किल हो रहा है। सीधे शब्दों में कहे तो किसी को समझ नहीं आ रहा कि आखिर हमारी धरती पर ये हो क्या रहा है। वैसे क्या आप जानते हैं कि जानते हैं कि जो घटनाएं आप हमारी धरती पर अभी देख रहे हैं, इसकी भविष्यवाणी कई साल पहले हो चुकी है। अगर आप भी भविष्य या उनसे जुड़ी चीजों में दिलचस्पी रखते हैं तो आप बाबा वेंगा के बारे में अच्छे से जानते होंगेइनको लेकर दुनिया का ये मानना है कि इन्हें भविष्य दिखता था और इसी तरह की एक महिला जापान में भी थी, जिनको लेकर वहां के लोगों का ऐसा कहना था कि उन्हें भविष्य में होने वाली चीजें नजर आती है। रयो ततसुकि ने 1999 में अपनी किताब पब्लिश की थी। जिसमें कोरोना को लेकर भविष्यवाणी उन्होंने पहले ही कर दी थी। इसके अलावा साल 2025 को लेकर भी उन्होंने काफी कुछ लिखा है, जो अगर सच हो गया तो हर हमारी धरती पर तबाही आ जाएगी। किताब में कही बात को अगर माने तो ये सुनामी जुलाई महीने में आने वाली है और यहां भंयकर तबाही मचाएगी।



# 40 साल बाद फिर बनेगा इतिहास, भारत के शुभांशु शुक्ला जाएंगे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन

नई दिल्ली। भारत के स्पेस क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक पल आने वाला है, जब भारतीय वायुसेना के अधिकारी ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन की यात्रा करेंगे। यह मिशन एक्सिओम मिशन 4 (एएक्स-4) के तहत मई में लॉन्च किया जाएगा, जिसमें चार देशों के चार अंतरिक्ष यात्री शामिल होंगे। शुभांशु शुक्ला इस मिशन के तहत अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय बनेंगे और 40 साल बाद किसी भारतीय के अंतरिक्ष में जाने का सपना पूरा होगा। इससे पहले 1984 में राकेश शर्मा ने सोवियत संघ के अंतरिक्ष यान से यात्रा की थी।

### क्या है एएक्स-4 मिशन?

एएक्स-4 मिशन का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग और तकनीकी



परीक्षण करना है। इस मिशन के तहत कई बड़े काम किए जाएंगे। वहां सभी वैज्ञानिक माइक्रोग्रैविटी में जैविक और भौतिक विज्ञान से जुड़े प्रयोग करेंगे। इसके साथ ही वहां तकनीकी परीक्षण भी किए जाएंगे। इस दौरान नई स्पेस तकनीकों और उपकरणों का परीक्षण किया जाएगा। इस मिशन के तहत पृथ्वी पर लोगों को अंतरिक्ष विज्ञान और रिसर्च के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### ड्रैगन कैप्सूल से होगा लॉन्च

शुभांशु शुक्ला और उनके साथी अंतरिक्ष यात्री स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए उड़ान भरेंगे। यह लॉन्च अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन-9 रॉकेट के जरिए किया जाएगा। लॉन्च की सटीक तारीख नासा और एक्सिओम स्पेस द्वारा अंतिम अनुमोदन के बाद घोषित की जाएगी।





### भारत के लिए बड़ी उपलब्धि

शुभांशु शुक्ला का यह मिशन भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक बड़ी छलांग साबित होगा। 40 साल के बाद एक भारतीय अंतरिक्ष में जा रहा है, जिससे न केवल देश की वैज्ञानिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी बल्कि भविष्य में गगनयान मिशन और अन्य अंतरिक्ष अभियानों के लिए नई संभावनाएं भी खुलेंगी। इस मिशन से भारत को वैश्विक स्पेस रिसर्च और वाणिज्यिक अंतरिक्ष यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा।




### चौथी प्राइवेट स्पेस फ्लाइट

एक्सिओम स्पेस एक निजी अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी है, जो भविष्य में एक वाणिज्यिक स्पेस स्टेशन स्थापित करने की योजना पर काम कर रही है। एक्सिओम ने अब तक तीन अंतरिक्ष मिशन सफलतापूर्वक पूरे किए हैं। अप्रैल 2022 में एक्सिओम-1 मिशन लॉन्च हुआ था, जिसमें 17 दिन का अंतरिक्ष मिशन किया गया था. इसके बाद मई 2023 में एएक्स-2 मिशन और जनवरी 2024 में एएक्स-3 मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च किए गए. अब एएक्स-4 मिशन इस सीरीज का चौथा चरण है, जिसमें भारत सहित चार देशों के अंतरिक्ष यात्री शामिल होंगे।

# यहां जंगल में जिंदा रहना सीख रहे हैं लोग, राशन की दुकानों पर मची है लूट

लंदन। दुनिया में कई देशों के बीच तनाव चल रहा है। साथ ही कई देशों के बीच प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर युद्ध चल रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध 2022 में शुरू हुआ था, जो अभी भी चल रहा है, तो वहीं इजराइल और हमास के बीच भी जंग जा रही है। इन सभी के बीच कई बार तीसरे विश्व युद्ध की भविष्यवाणी की जा चुकी है। अगर तीसरा विश्व युद्ध होता है, तो दुनिया में भयानक तबाही सकती है। कई देशों ने तीसरे विश्व युद्ध की आशंका को लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी हैं।



### ऐसे गैजेट की बढ़ी बिक्री

लोग टूटने और खराब होने वाले गैजेट पर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व सैन्यकर्मी लेह प्राइस का कहना है कि रूस के पश्चिम के खिलाफ युद्ध छेड़ने की वजह से उनकी द बग आउट दुकान के कारोबार में भारी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि तैयारी का मतलब आत्मनिर्भरता है। उनका कहना है कि अब सभी लोगों को सुविधाओं की आदत पड़ गई है, लेकिन हमेशा ऐसा नहीं रहा और भविष्य में भी ऐसा नहीं होगा। प्राइस ने 25 साल की एक्सपायरी डेट वाले फ्रीज-ड्राय चिकन और मीट की मांग में बढ़ोतरी देखी है। उन्होंने अपने जीवन रक्षा प्रशिक्षण में भी इसका फायदा लिया है। रूस के साथ बढ़ते तनाव की वजह से लोगों में भय और चिंता है। उत्तरी यूरोपीय देशों की आपातकालीन योजना बनाने में अग्रणी भूमिका है।

### इन देशों में भी हो रही तैयारी

नॉर्वे में लोगों को सलाह दी गई है कि वह परमाणु हमले की स्थिति में आयोडीन की गोलियों समेत गैर-जरूरी दवाइयों का जमा कर लें। जर्मन परिवारों से गुजारिश की गई है कि वे तहखानों, गैरेजों या स्टोर रूम को बंकर के रूप में इस्तेमाल करें। पोलैंड में बिल्डरों को नए घरों में सुरक्षित आश्रय स्थल बनाने पड़ेंगे।





### बुशक्राफ्ट कोर्स में 75 फीसदी हुई वृद्धि

बुशक्राफ्ट कोर्स में दाखिला लेने वाले लोगों की 75 फीसदी संख्या बढ़ी है। बुशक्राफ्ट कोर्स में जंगल में जीवित रहने के तरीके सिखाए जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईस्ट एंग्लिया में बैक टू वाइल्डरनेस लर्निंग सेंटर के संस्थापक रे चिन का कहना है कि लोग सच में बुनियादी कौशल सीख रहे हैं। उदाहरण के तौर पर जंगल में बिना किसी उपकरण या लकड़ियों को आपस में रगड़कर आग कैसे जलाई जाए, यह जानने की कोशिश कर रहे हैं।

## एक करोड़ लेकर जुड़वां बच्चे की मां बनी ये लड़की



एक वजह से पूरे देश में मच गया हंगामा

**बीजिंग।** चीन से एक हैरान करने वाला मामला इन दिनों लोगों के बीच सामने आया है। जहां एक लड़की 17 साल की उम्र में सरोगेट मदर बन गई और उसने 50 साल के एक शख्स के जुड़वे बच्चे को जन्म दिया। उसे इस काम के बदले 900,000 युआन (1 करोड़ रुपए) से अधिक का भुगतान किया। इस खबर के सामने आते ही लोग इसे तस्करी की संज्ञा दे रहे हैं। ये कहानी 24 मार्च को चर्चा में आई। जब तस्करी विरोधी कार्यकर्ता शांगगुआन झेंगयी ने सोशल मीडिया पर यह डिटेल शेयर की। अपनी कहानी को शेयर करते हुए कार्यकर्ता ने कहा कि 2007 में जन्मी सिचुआन प्रांत की रहने वाली किशोरी ने गुआंगझोउ की एक एजेंसी के माध्यम से सरोगेसी प्रक्रिया अपनाई और उसने 2 फरवरी को गुआंगडोंग प्रांत में बच्चे को जन्म दिया। अपनी इस कहानी में उसने कहा कि जब इस लड़की एम्ब्रियो ट्रांसप्लांट किया गया तो उसकी उम्र महज 16 की साल थी। 50 साल के शख्स का सरनेम लोंग था। जिसको लेकर कार्यकर्ता द्वारा डेटा शेयर किया गया और कहा कि लोंग ने एजेंसी से जुड़वां लड़कों का अनुरोध किया था।

**वायरल हुआ ये मामला :** इस रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि लॉन्ग जुनलान मेडिकल इक्विपमेंट कंपनी के साथ 730,000 युआन (81 लाख रुपए) डील साइन की। हालांकि, उसने सब मिलाकर 900,000 युआन (1 करोड़ रुपए) से अधिक का भुगतान किया लॉन्ग शादीशुदा नहीं थे।

## यह जगह कनाडा के मैनिटोबा में मौजूद शहर नार्सिस है

# सांपों का 'हनीमून स्पॉट', हर साल रोमांस के लिए पहुंचते हैं 75 हजार सांप

**नार्सिस।** सांपों को देखकर यूं तो किसी के भी शरीर में सिहरन दौड़ जाएगी, लेकिन एक जगह है, जहां पर लोग सांपों के मिलन को देखने के लिए जाते हैं। हर साल वसंत ऋतु में यहां पर 75,000 से अधिक पूर्वी गार्टर सांप पहुंच जाते हैं और अपने लिए पार्टनर तलाश करते हैं। वैज्ञानिकों के लिए ये जगह काफी दिलचस्प है। सांपों के हनीमून स्पॉट कहे जाने वाले इस शहर में हर साल नाग-नागिन के जोड़े लहराते हुए देखे जाते हैं। ये जगह कनाडा के मैनिटोबा में मौजूद शहर नार्सिस है, जहां हर बसंत ऋतु में ये चमत्कार घटित होता है। इस दौरान यहां 75,000 से अधिक सांप प्रवास के लिए आते हैं। कभी-कभी यह संख्या 1,50,000 तक पहुंच जाती है।

यहां प्रवास करने वाले सांप लाल-किनारे वाले पूर्वी गार्टर सांप हैं। जीव वैज्ञानिक यहां हर साल मार्च से जून तक बड़ी संख्या में एकत्र होने वाले सांपों को देखने आते हैं। ये सांप सर्दियों में अपने छिपने के स्थानों से बाहर आ जाते हैं। वे गर्मी और मेटिंग के लिए साथी की तलाश में नार्सिस की ओर पलायन करते हैं।



### पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र

चूंकि ये एक हाईवे के पास है, ऐसे में प्रवास के दौरान सड़क पार करते समय वाहनों की चपेट में आने से हजारों सांप मर चुके हैं, जिससे वे डर जाते हैं। अब पर्यावरण की सुरक्षा करने वाले लोगों ने आइडिया निकाला और उन्होंने राजमार्ग के नीचे सुरंगें बनाई और बाड़ लगाई है, ताकि सांपों के साथ दुर्घटनाएं नहीं हों। नार्सिसस में सांपों का मेल और मिलन महज एक घटना नहीं, बल्कि इकोसिस्टम का एक हिस्सा है। इससे वैज्ञानिकों को यह जानने में मदद मिलेगी कि सांप कैसे रहते हैं और कैसे व्यवहार करते हैं। यह क्षेत्र कई तरह के पर्यटकों के लिए आकर्षण का अहम केंद्र बना हुआ है।

### मादा सांपों के चारों ओर समूह में घूमते हैं नर सांप

कनाडा में सर्दी समाप्त होने के बाद सांपों का प्रवास शुरू हो जाता है। सर्दियों में सांप चूना पत्थर की दरारों से बनी गुफाओं में ज़मीन के नीचे रहते हैं। जब वसंत ऋतु आती है, तो नर सांप सबसे पहले जागते हैं और साथी की तलाश में बाहर आते हैं। जो नागिन उन्हें अपने योग्य समझती है, वो उनके साथ संबंध स्थापित करती है। हनीमून डेस्टिनेशन पर पहुंचकर नर सांप, मादा सांपों के चारों ओर समूह में घूमते हैं। नर सांप कोशिश करते हैं कि वो मादा सांप को इम्प्रेस करके उन्हें अपना पार्टनर बना लें, इस प्रक्रिया को 'मेटिंग बॉल' कहा जाता है। विशाल सांपों का यह जमावड़ा सांपों के मेटिंग और ब्रीडिंग सीज़न का हिस्सा होता है। जहां यह घटना घटित होती है वहां नार्सिसस सर्प गुफाओं में हजारों सांप घूमते हैं। वह क्षेत्र काफी भीड़भाड़ वाला है और यहां इतने सारे सांपों को करीब से देखने का यह एक दुर्लभ मौका भी मिलता है।



## दिल्ली-एनसीआर में पटाखा बैन पर शीर्ष कोर्ट का ढील से इनकार

# हर आदमी एयर प्यूरीफायर नहीं खरीद सकता

**अदालत ने बताया- स्वास्थ्य का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 का अहम हिस्सा**

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा सड़कों पर काम करता और प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित है। प्रदूषण का मुकाबला करने के लिए हर आदमी सक्षम नहीं है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर लगी रोक पहले की तरह बरकरार रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों के उत्पादन, भंडारण और और बिक्री में ढील देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर लंबे समय तक चिंताजनक स्थिति में था। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा सड़कों पर काम करता और प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित है। बेंच ने कहा कि प्रदूषण का मुकाबला करने के लिए हर आदमी घर या कार्यस्थल पर एयर प्यूरीफायर नहीं खरीद सकता है। कोर्ट ने कहा कि इस अदालत से पिछले 6 महीने में पास किए गए कई ऑर्डर दिल्ली में बहुत अधिक प्रदूषण की वजह से उत्पन्न भयानक स्थिति को रिकॉर्ड पर रखा है।

अब इनका उत्पादन भंडारण और और बिक्री नहीं की जा सकेगी

दिल्ली में प्रदूषण स्तर दिनों-दिन बढ़ रहा, सुधार नहीं हुआ



**दलील पर भड़के जज**

### आप ज्यादा बड़े एक्सपर्ट हैं, अभी छोड़ रहे आपकी भी सुनेंगे

कोर्ट को बताया गया कि पटाखों पर बैन लगने से प्रदूषण 30 पर्सेंट तक कम हुआ है। इस पर आवेदन दाखिल करने वाले शख्स दावा करने लगे कि पटाखों के सल्फर से हवा शुद्ध होती है। जज ने इस बात पर उनको फटकार लगाई और कहा कि आप ज्यादा बड़े एक्सपर्ट हैं क्या? कोर्ट का कहना है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर लंबे समय तक चिंताजनक स्थिति में था। जजों ने याचिकाकर्ता के इस तर्क पर हैरानी जताते हुए कहा कि क्या आप 'नीरी' से भी बड़े एक्सपर्ट हैं? 2 बजे आइए, हम आपको भी कुछ देर सुनेंगे। आवेदन दाखिल करने वाले ने प्रदूषण मामले के मुख्य याचिकाकर्ता एम सी मेहता और दूसरे संगठनों के लोगों पर भारत विरोधी विदेशी संस्थाओं से चंदा खाने का भी आरोप लगाया। जजों ने आवेदन खारिज करते हुए कहा कि यह आपकी पहली ऐसी हरकत है, इसलिए हम जुर्माना नहीं लगा रहे हैं।

### कई लोग सड़कों पर भी काम कर रहे

कोर्ट ने कहा कि वायु प्रदूषण किस तरह लोगों की प्रभावित कर रहा है, उसका अंदाजा लगाया जा सकता है। बेंच ने कहा कि समाज का एक वर्ग ऐसा भी है, जो सड़कों पर काम करता है और प्रदूषण सबसे ज्यादा और खतरनाक तरीके से इन लोगों को प्रभावित करता है।

### कंपनियां बोलीं- सुधार के लिए काम कर रहे

पटाखा बनाने वाली कंपनियों ने कोर्ट को बताया कि गुणवत्ता में सुधार के लिए काम किया जा रहा है। ग्रीन पटाखों को लेकर कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार ग्रीन पटाखे दूसरे पटाखों की तुलना में सिर्फ 30 पर्सेंट ही कम प्रदूषण करते हैं। कोर्ट इन तर्कों से संतुष्ट नहीं हुआ और उसने पूरे साल के लिए पटाखों पर लगे बैन को बरकरार रखा।

## वक्फ बिल को लेकर देशभर में मचा है बवाल

# सरकारी हस्तक्षेप, यूजर क्लॉज जैसे मुद्दों पर मुस्लिम समाज को आपत्ति


*वक्फ संशोधन बिल को लेकर लोकसभा में काफी लंबी चर्चा चली, देर रात इसे पारित भी करवा दिया गया। गुरुवार को वक्फ बिल पर राज्यसभा में चर्चा हुई। विपक्ष लगातार केंद्र सरकार पर निशाना साध रहा है, नीयत पर भी सवाल उठा रहा है। आइए, ऐसे में जानते हैं मुस्लिम समाज की इस बिल को लेकर अहम आपत्तियां क्या हैं ...*

### आपत्ति नंबर 1 : आखिर बदलाव की जरूरत क्यों?

मुस्लिम समाज को एक सबसे बड़ी आपत्ति इस बात को लेकर है कि सरकार को अब ऐसी जरूरत क्यों महसूस हुई कि उसे वक्फ की प्रॉपर्टी को मैनेज करने के लिए एक बदले हुए कानून की जरूरत पड़ेगी। कई मुस्लिम बुद्धिजीवी इसे सराकरी हस्तक्षेप के रूप में देख रहे हैं।

### आपत्ति नंबर 2 सरकारी हस्तक्षेप बढ़ जाएगा

वक्फ बिल को लेकर मुस्लिम समाज में कुछ लोगों का मानना है कि अब सरकार तय करेगी कि आखिर कौन सी प्रॉपर्टी वक्फ है और कौन सी नहीं। इसके ऊपर सरकार द्वारा लाए गए बिल का सेक्शन 40 कहता है कि वक्फ बोर्ड इस बात का फैसला लेगा कि किसी जमीन को वक्फ का माना जाए या नहीं। अब यहां पर विवाद इस बात को लेकर है कि अब यह फैसला लेने की ताकत किसी वक्फ ट्रिब्यूनल के पास ना होकर डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर के पास होगी।




### आपत्ति नंबर 3 : वक्फ बाय यूजर क्लॉज हटाने की बात

वक्फ जमीनों को लेकर जो पुराना कानून था, वो कहता था अगर कोई जमीन लंबे समय से वक्फ द्वारा ही इस्तेमाल की जा रही है तो उसे वक्फ का माना जा सकता है। तब अगर जरूरी कागजात नहीं भी होते थे, तब भी उस जमीन को वक्फ का मान लिया जाता था। लेकिन अब जब यह बिल लाया गया है, इसमें इस शब्द को ही हटा दिया गया है। इससे होगा यह कि अगर कोई प्रॉपर्टी वक्फ की नहीं है तो उसे संदिग्ध माना जाएगा, यह तर्क नहीं दिया जा सकेगा कि क्योंकि पहले से ही इस प्रॉपर्टी पर वक्फ काम कर रहा था, तो इस पर अधिकार भी उनका ही रहेगा।

### आपत्ति नंबर 4 प्रॉपर्टीज का सर्वे

1995 का जो कानून चल रहा था, वो तो सिर्फ इतना कहा था कि अगर किसी वक्फ प्रॉपर्टी का सर्वे होगा तो उसमें सर्वे कमिश्नर नियुक्त करने की ताकत राज्य सरकार के पास होगी। अब नए बिल के बाद यह ताकत डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर को दे दी जाएगी। सरकार का तर्क है कि सर्वे में पारदर्शिता की कमी रहती है, गुजरात और उत्तराखंड जैसे राज्य में तो कई जगह अभी सर्वे शुरू भी नहीं हो पाए हैं। लेकिन एआएमआईएम चीफ असदउद्दीन ओवैसी मानते हैं कि वक्फ की ऐसी जमीनें हैं जिन्हें अवैध तरीके से पहले ही हड़प लिया गया है, ऐसे में अब इन बदलावों की वजह से उन विवादित जमीनों पर भी सरकार अपना कब्जा करेगी।

## अब वेबसाइट पर अपलोड होगी सारी जानकारी

# सुप्रीम कोर्ट के जज देंगे अब अपनी संपत्ति का ब्यौरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पारदर्शिता बढ़ाने और न्यायपालिका में जन विश्वास को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट के सभी न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति की घोषणा सार्वजनिक करने पर सहमति व्यक्त की है। सूत्रों के अनुसार, 1 अप्रैल को फुल कोर्ट की मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि सभी न्यायाधीश अपनी संपत्तियों का विवरण भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को सौंपेंगे, और यह जानकारी सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।



### कैश विवाद के बाद आया फैसला

यह फैसला दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास पर कथित रूप से नकदी मिलने को लेकर उठे विवाद के बाद आया है। जजों की संपत्ति घोषणाओं को प्रकाशित करने की विशिष्ट प्रक्रिया और रूपरेखा जल्द ही तय की जाएगी।

हालांकि,फिलहाल सभी सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति की घोषणा कर दी है, लेकिन अभी तक इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में जजों की तय संख्या 34 है। अभी यहां 33 जज हैं, एक पद खाली है। इनमें से 30 जजों ने अपनी संपत्ति का घोषणा-पत्र कोर्ट में दे दिया है।


**कार्यालय, नगर पालिका परिषद् दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)**
फोन नं. / फैक्स नं-07748-286524 ईमेल : mcdallirajhara@rediffmail.com

क्रमांक/43/ लो.नि.वि./नि.आ.सू./2025 दल्लीराजहरा, दिनाँक 03/04/2025

**"मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना"**

नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा क्षेत्रांतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में पार्षद मद/एल्डरमेन मद/अध्यक्ष मद/निकाय मद/संधारण मद/जल कष्ट निवारण मद/ऐसा गैर चिन्हांकित मद जो निविदा प्रकाशन के बाद स्वीकृत हो (प्रत्येक कार्यादेश राशि पचास हजार रु. तक के लिये जारी की जावेगी) निम्नांकित कार्यों के लिये सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "C" में त्रि-लिफाफा पद्यति के माध्यम से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 25.04.2025 को समय अपरान्ह 3:00 बजे तक मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक कार्य के लिये पृथक-पृथक आवेदन जमा करना होगा। जिसका निर्धारित शुल्क जमा करना होगा, आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र का मूल प्रमाण पत्र नोटरी द्वारा प्रमाणित कराते हुए प्रस्तुत करना होगा। एक से अधिक कार्यो के लिये आवेदन प्रस्तुत करने की स्थिति में उक्त शपथ पत्र की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करना होगा। यह आवश्यक होगा कि जिस कार्य में मूल शपथ पत्र संलग्न किया गया हो उसमें अनिवार्य रूप से भाग लिया जावे अन्यथा की स्थिति में मूल शपथ पत्र के अभाव में अन्य कार्यो की निविदा निरस्त मानी जावेगी।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि :- 16.04.2025 समय 4:00 बजे तक
2. कार्यालय से निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 21.04.2025 समय 4:00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 25.04.2025 समय 3:00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि :- 25.04.2025 समय 4:00 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | विभिन्न वार्डो में विद्युत संधारण कार्य के लिये सामग्री क्रय (वार्षिक निविदा) | 9.50 | 7500.00 |
| 02 | विभिन्न वार्डों में जल प्रदाय संधारण कार्य के लिये सामग्री क्रय (वार्षिक निविदा) | 9.50 | 7500.00 |

**टीप** :- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती है साथ ही विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् दल्लीराजहरा**

**कार्यालय नगर पलिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
फोन नं. 07821-247029, Email - cmokumhari@gmail.com

क्रं./ 525 / राज.वि./न.पा./2025 कुम्हारी, दिनांक 02/04/2025

**-:: नीलामी सूचना ::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि निकाय क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड क्रं.-04 महामाया वार्ड स्थित थोक सब्जी मंडी के पास वाहन एवं सायकल स्टैण्ड में 11 माह ( अवधि 01.05.2025 से 31.03.2026 तक) फीस वसूली हेतु ठेके पर दिया जाना हैं। इस हेतु खुली नीलामी दिनांक 17.04.2025 को समय दोपहर 12.00 बजे से नगर पालिका परिषद कुम्हारी के कार्यालय भवन वार्ड क्रं. - 14 में की जावेगी। इच्छुक व्यक्ति इस हेतु निर्धारित अमानत राशि का एफ. डी.आर. दिनांक 15.04.2025 शायं 5.00 बजे के पूर्व कार्यालय के राजस्व शाखा में जमा कर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

| क्र. | कार्य का विवरण | अवधि | शासकीय दर | अमानत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वाहन एवं सायकल स्टैण्ड की फीस वसूली | अवधि 01.05.2025 से 31.03.2026 तक | 50.51 लाख रू. | 5.05 लाख रू. |

**टीपः-** 1) नीलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालयीन अवधि में निकाय के राजस्व शाखा में अवलोकन किया जा सकता हैं। 2) नीलामी सूचना की जानकारी नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग (छ.ग.) की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कुम्हारी**






72198 21111 | BAJAJ SECURE - AMC - ROAD SIDE ASSISTANCE

*नियम और शर्तें लागू. *एक्स-शोरूम क़ीमत दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स के लिए है. क़ीमत संशोधन बनाम दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स की एक्स-शोरूम क़ीमत 31 मार्च 2025 के अनुसार. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एएमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Raipur:** Ashram Chowk (GE Road) VANDANA BAJAJ 7714083955,9713540079, Telibandha 7714083955•Devpuri Raipur ARUN BAJAJ 9770420235 • **Baloda Bazar** ARUN BAJAJ 90009399506 • **Bhatapara** ARUN BAJAJ 7828353259 • **Bhilai** AVN BAJAJ 7884252700, 9644066266 • **Durg** VENKATESH BAJAJ 4060122,8982005707 • **Dhamtari** TIRUPATI BAJAJ 9516872343, 7987872343 • **Kanker** TIRUPATI BAJAJ 7587841176 • **Bhanupratappur** TIRUPATI BAJAJ 9977911298 • **Jagdalpur** T M BAJAJ 9986433880, 9425592466 • **Mahasamund** BHAWANI BAJAJ 9424205048, 224789 •**Saraipali** BHAWANI BAJAJ 9424211576 • **Rajnandgaon** KAKKAD BAJAJ 9301111111 **Dongargarh** KAKKAD BAJAJ 9028597766 • **Kawardha** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906 **Pandatarai** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906. **Authorised Service Centre:** Abhanpur 9425510725, Ahiwara 8719067333, Ambagarh Chowki 9111155511, Arang 8224026403,8770906243, Bagbahara 9926161553, Balod 9770186691, Bakhara 7000627684, Basna 9753408127, Bemetra 8319906176, Berla 9644045882, Chandrakhuri 9826764123, Charama 9406445493, Charoda 990744880, Chhuriya 7999113621, Dallirajhara 9589956199, , Dantewada 9425594844, Dongargaon 8770405245, Farasgaon 9986433880 , Gariyaband 7777888487, Gidhori 9425202238, Gunderdehi 9752027700, Jhalap 9753559579, Kasdol 9826142260, Keshkal 9986433880, Khairagarh 7470888488, Komakhan 8319131967, Kondagaon 9986433880, Kurud 7470499500, Nagri 9109099900, Nawagarh 9981235777, Nayapara 9826433867,8602057777, Pakhanjur 9425593572, Pandaria 7470991444, Patan 9752756264, Pirda 9977377533, Pithora 9713118410, Rajim- 8602057777, Risali 9098847683, Sankra 8120008091, Sargaon 700079773, Singhanpur 9713848382, Tilda 9329068989, Tendukona 9425512175 , Utai 7879043998.

## चिंतन

# भारत के लिए आपदा में अवसर है ट्रंप का टैरिफ

डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार से पूरी दुनिया में दहशत का माहौल है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है तो पाकिस्तान पर 29 फीसदी टैरिफ लगाया है। बांग्लादेश पर ट्रंप ने 37 फीसदी टैरिफ लगाया है। ट्रंप ने 180 से ज्यादा देशों पर टैरिफ का ऐलान किया है और लगभग सभी देशों ने इससे निपटने की तैयारी भी कर ली है। चीन, जापान और दक्षिण कोरिया तो बाकायदा इसके लिए आपसी गठजोड़ बनाने का ऐलान भी कर चुके हैं। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इसे अमेरिका फर्स्ट की और बढ़ता कदम बता रहे हैं, वहीं अर्थशास्त्रियों का कहना है कि यह खुद अमेरिका के लिए घातक कदम होगा। न्यूयॉर्क के एक इन्वेस्टमेंट बैंक एवरकोर का अनुमान है कि अमेरिका में औसत टैरिफ दर बढ़कर 29 फीसदी हो गई है। बजट लैब की एक रिसर्च के अनुसार 1800 के दशक के अंत में टैरिफ 30 फीसदी से ज्यादा था, तब से अब तक यह सबसे ज्यादा है। कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस कदम से 2025 में अमेरिका में मंदी आने की संभावना बढ़ गई है। अनेक देश जवाबी कदम उठा सकते हैं और अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं। इससे वैश्विक व्यापार युद्ध की स्थिति बन सकती है। हालांकि, ट्रंप कह रहे हैं कि यह टैरिफ अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करेगा। जहां तक भारत की बात है तो ट्रंप के इस कदम को देश के लिए कुछ नुकसान तो कुछ फायदे का माना जा रहा है। इस फैसले से भारतीय वस्त्र उद्योग को नुकसान होने की बजाय फायदा हो सकता है। अमेरिका ने वियतनाम, बांग्लादेश और चीन से आने वाले कपड़ों पर भारी टैक्स लगाया है। वियतनाम से आने वाले कपड़ों पर 46, बांग्लादेश पर 37 और चीन पर 34 फीसदी टैक्स लगाया गया है। इसके मुकाबले भारत को कम टैक्स देना पड़ रहा है, जिससे भारतीय टेक्सटाइल कंपनियों को फायदा मिल सकता है। हालांकि, भारतीय टेक्सटाइल उद्योग का योगदान देश की जीडीपी में केवल 2 फीसदी है, जबकि बांग्लादेश के लिए यह 11 और वियतनाम के लिए 15 प्रतिशत है। भारत अमेरिका को मुख्य रूप से दवाएं, टेलीकॉम उपकरण, रत्न और आभूषण, पेट्रोलियम उत्पाद, सोना और सूती वस्त्र बेचता है। अमेरिका भारत से इन सामानों की बड़ी मात्रा में खरीदारी करता है, जिससे भारतीय उद्योगों को अच्छी कमाई होती है। दूसरी ओर, भारत अमेरिका से कच्चा तेल, कोयला, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी और एयरोस्पेस से जुड़े उपकरण खरीदता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संतुलन में हमेशा असमानता रही है, क्योंकि भारत अमेरिका को ज्यादा सामान बेचता है और वहां से कम सामान खरीदता है। इस नए टैक्स का सबसे ज्यादा असर भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और रत्न-आभूषण उद्योग पर पड़ेगा। अमेरिका हर साल भारत से लगभग 14 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स और 9 अरब डॉलर के गहने और रत्न खरीदता है। अब 27 फीसदी टैक्स लगने से भारतीय कंपनियों के लिए अमेरिका में अपने उत्पाद बेचना महंगा हो जाएगा। इससे निर्यात में गिरावट आ सकती है और इन उद्योगों में काम करने वाले लाखों लोगों की नौकरियों पर भी असर पड़ सकता है। ट्रंप के फैसले से पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्लादेश के कपड़ा उद्योग पर भी संकट हो सकता है। हालांकि भारत की स्थिति बेहतर है। यह आपदा में अवसर जैसा है। हम चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान और वियतनाम के अमेरिका निर्यात को अपने पाले में ला सकते हैं, जिससे देश में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

## विमर्श

विनोद पाठक



# क्या योगी आदित्यनाथ दे रहे कोई संकेत!

भाजपा समर्थक अक्सर यह नारा देते हैं कि मोदी के बाद योगी। नरेंद्र मोदी के बाद योगी आदित्यनाथ को देश के अगले प्रधानमंत्री के रूप में एक बड़ा वर्ग प्रोजेक्ट करता आ रहा है। पिछले 8 साल से योगी आदित्यनाथ आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की कमान संभाल रहे हैं। कानून-व्यवस्था के साथ विकास के एक नए मॉडल के रूप में उन्होंने उत्तर प्रदेश को पेश किया है, लेकिन अपनी सरकार के 8 साल पूरे होने पर एक साक्षात्कार में योगी आदित्यनाथ ने यह कहते हुए सबको चौंका दिया कि राजनीति उनके लिए महज एक कोई फुल टाइम जॉब नहीं है, असल में वह एक योगी हैं, जब तक वह यहां हैं, काम कर रहे हैं। आखिर इस बयान के पीछे योगी आदित्यनाथ की क्या मंशा हो सकती है? यह सत्य है कि वह गोरखनाथ मठ के गोरक्षपीठाधीश्वर हैं और अक्सर लखनऊ छोड़कर गोरखपुर में अपने मठ चले जाते हैं। यह सिलसिला उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद भी जारी है। उनका यह बयान क्या उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देख रहे समर्थकों के लिए एक झटका है या भारतीय जनता पार्टी के अंदर चल रही अंदरूनी खींचतान या वो संघ और पार्टी को कोई संकेत दे रहे हैं? वर्तमान में योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व का बड़ा चेहरा है। फायर ब्रांड नेता हैं। देशभर में भाजपा उन्हें प्रचार के लिए भेजती है और उनकी सबसे अधिक डिमांड रहती है। अपने सख्त प्रशासनिक कौशल को लेकर उनकी एक बड़ी फैन फॉलोइंग है। यही कारण है कि वह उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार बहुमत की सरकार चला रहे हैं। वह जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं, लेकिन क्या ऊपर से जो दिख रहा है, वो उतना सरल है? शायद नहीं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव पर यदि नजर दौड़ाएं तो उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ा धक्का लगा था। यह माना गया कि योगी आदित्यनाथ के बढ़ते कदमों को रोकने के लिए पार्टी के भीतर ही राजनीतिक खेल चले और प्रदेश में पार्टी की सीटें सिमटकर रह गईं। योगी आदित्यनाथ के सुझाए नेताओं को टिकट नहीं मिला। आदित्यनाथ का एक लंबा राजनीतिक करियर है। वर्ष 1998 में महज 26 साल की उम्र में वह गोरखपुर से सांसद चुनकर लोकसभा में पहुंचे थे। उन्होंने लगातार पांच लोकसभा चुनावों में गोरखपुर से जीत हासिल की। उनका अंदाज आज भी नहीं बदला है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि योगी आदित्यनाथ को लेकर भारतीय जनता पार्टी का रुख क्या है? आज उत्तर प्रदेश एक बीमारू राज्य न होकर सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। पिछले दिनों प्रयागराज में सफल महाकुंभ मेले के आयोजन बाद योगी आदित्यनाथ की फैन फॉलोइंग और बढ़ गई है। योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने की बात कह रहे हैं। अपराध मुक्त और समृद्ध उत्तर प्रदेश का सपना दिखाकर योगी आदित्यनाथ दिल्ली की कुर्सी पर नजर रखते हैं, ऐसा उनके विरोधी भी मानते हैं। वर्ष 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव में एक साक्षात्कार में कहा था कि यदि योगी आदित्यनाथ दोबारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनते हैं तो वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार हो जाएंगे। उनके आलोचक कहते हैं कि योगी आदित्यनाथ की रुचि लखनऊ से अधिक गोरखपुर के गोरखनाथ मठ में रहती है। क्या यह माना जाए कि योगी आदित्यनाथ कोई संकेत दे रहे हैं? क्या उत्तर प्रदेश या कहें कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति में कुछ उथल-पुथल चल रही है, जो बाहर से नहीं दिख रही है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागपुर में संघ मुख्यालय गए थे। वहां क्या चर्चा हुई? यह स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन योगी आदित्यनाथ का यह बयान उसके बाद ही आया है। हालांकि, योगी आदित्यनाथ संघ के हर पैमाने पर फिट बैठते हैं। उन्हें राजनीति का लंबा अनुभव है। शासन चलाने का कौशल वह जानते हैं। हिंदुत्व का बड़ा चेहरा हैं। क्या यह मान लिया जाए कि योगी आदित्यनाथ ने यह जो बयान दिया है, वो महज अकस्मात है। वह केवल यह बता रहे हैं कि जब तक उन्हें दायित्व मिलता रहेगा, वह राजनीति करते रहेंगे।फिलहाल उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ को विपक्ष की ओर से कोई बहुत बड़ी चुनौती मिलती नहीं दिख रही है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं और योगी आदित्यनाथ तीसरी बार फिर विपक्ष से दो-दो हाथ करते हुए नजर आने वाले हैं। आज की तारीख में वह बेहद मजबूत स्थिति में नजर आते हैं। स्पष्ट है कि योगी आदित्यनाथ राजनीति को भले फुल टाइम जॉब न कहें, लेकिन उन्होंने पार्टी और संघ को इशारों में कुछ संकेत जरूर दिया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# तालाब आज भी हमारी धरोहर



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

सुप्रसिद्ध गांधीवादी और पर्यावरणविद् अनुपम मिश्र की साल 1993 में लिखी किताब 'आज भी खरे हैं तालाब' आज के परिदृश्य में सबसे ज्यादा प्रासंगिक किताब है। इस किताब में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सहित अनेक राज्यों के विभिन्न कथानकों को तालाबों से जोड़कर शब्द का आकार दिया गया है। देश के अनेक शहरों का नामकरण और पहचान जहां वहां के तालाबों के नाम पर है वहीं शहरों, कस्बों और गांवों के मोहल्लों की के नाम भी वहां के तालाबों पर है। हालांकि शहरीकरण और व्यवसायीकरण के चलते तालाबों की जगह अब वहां पर रिहायशी और व्यवसायिक कॉम्पलेक्स तन चुके हैं। हालांकि शहरीकरण और व्यवसायीकरण के चलते तालाबों की जगह अब वहां पर रिहायशी और व्यवसायिक कॉम्पलेक्स तन चुके हैं। दूसरी ओर अनेक तालाबों के नाम उनके बनवाने वाले शासकों, राजाओं - महाराजाओं, जातियों - समुदायों या धार्मिक- मजहबी परंपराओं से जोड़ कर रखे गए हैं जो हमारे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से हमें स्मृतिबोध कराते हैं। देश में तालाबों के खत्म होने और उनकी दुर्दशा पर पर्यावरणविद् अनुपम मिश्र ने ठीक ही लिखा है 'सैकड़ों, हजारों तालाब अचानक शून्य से प्रकट नहीं हुए थे, उनके पीछे एक इकाई थी बनवाने वालों की , तो दहाई थी बनाने वालों की। पिछले दो सौ बरसों में नए किस्म की पढ़ाई पढ़ गए समाज ने इस इकाई, दहाई, सैकड़ा, हजार को 'शून्य' ही बना दिया '। दरअसल यह कटाक्ष उस तथाकथित सभ्य समाज के लिए है जिसने सबसे ज्यादा असभ्यता उन्हीं नदियों, तालाबों - पोखरों के प्रति दिखाई है जिनके सभ्यता का विकास इन्हीं के गोद में हुआ है। लिहाजा आज की पीढ़ी को यह किताब जरूर पढ़ना चाहिए ताकि वे तालाबों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को जान सकें।

रायपुर का 600 साल पुराना बूढ़ातालाब एक बार फिर से सुर्खियों में है शहर के महापौर ने इस तालाब में हो रहे चौपाटी निर्माण पर सख्त ऐतराज जताते हुए शहर के धरोहर से खिलवाड़ नहीं होने का ऐलान किया था लेकिन इस ऐलान के बावजूद निर्माण एजेंसी द्वारा काम बंद नहीं करने पर नागरिक संगठनों द्वारा धरना- प्रदर्शन किया जा रहा है। अलबत्ता यह पहला मौका नहीं है जब बूढ़ातालाब के सौंदर्यीकरण के आड़ में इसके व्यवसायीकरण के खिलाफ नागरिकों और राजनीतिक दलों ने आंदोलन किया हो बीते दशकों के दौरान इस तालाब के लिए दर्जनों धरना प्रदर्शन हुए हैं और मामला अदालत में भी पहुंचा है लेकिन अभी भी यह तालाब हर सरकार और नगरीय प्रशासन के लिए प्रयोगशाला बना हुआ है। गौरतलब है कि इस तालाब से जहां शहर का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत जुड़ा हुआ है वहीं इसके नजदीक गर्ल्स स्कूल और कॉलेज हैं जहां के शैक्षणिक माहौल पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना है। रायपुर शहर में बूढ़ातालाब ही इकलौता तालाब नहीं है जो अपने अस्तित्व बचाने के लिए जद्दोजहद कर रहा हो बल्कि अमूमन सभी तालाब अवैध कब्जों के चपेट में हैं। नवा रायपुर का झांझ व सेंध जलाशय के तट को सौंदर्यीकरण और वॉटर स्पोर्ट्स योजना के नाम पर पाटा जा रहा है बाद में यहां पर चौपाटी बनाकर व्यवसायिक गतिविधियां भी संचालित होने की पूरी संभावना है। आश्चर्यजनक यह कि सत्ता और प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों को एनजीटी और वेटलैंड अथॉरिटी के निर्देशों की तनिक भी परवाह नहीं है। दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका पर दिए गए आदेश के परिप्रेक्ष्य में रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के अनेक शहरों में तालाबों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। आश्चर्यजनक तौर पर राजधानी रायपुर में आधा दर्जन तालाब अवैध कब्जे की वजह से नक्शे से गायब हो चुके हैं तो बाकी तालाबों पर बीते दस सालों के दौरान 60 फीसदी कब्जा हो चुका है।



बहरहाल तालाबों पर हो रहे अवैध कब्जों के मामले सामने आने पर राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण ' एनजीटी ' ने सरकार से रिपोर्ट तलब किया है। एनजीटी के निर्देश पर सूबे के नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी नगरीय निकायों को पत्र लिखकर तालाबों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। हालांकि इस पत्र पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है लेकिन जानकारी के मुताबिक राज्य के 122 तालाबों पर लोगों ने अवैध कब्जा कर कहीं घर, दुकान, होटल या स्कूल बना लिया है। ऐसा नहीं है कि सरकार और प्रशासन ने इन तालाबों के संरक्षण और स्वच्छता की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया हो। पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश और वर्तमान छत्तीसगढ़ के सरकारों ने तालाबों के संरक्षण के लिए 'सरोवर हमारी धरोहर' जैसे अनेक जन अभियान भी चलाया था इसके अलावा अनेक तालाबों में करोड़ों रुपए खर्च कर सफाई अभियान चलाया बावजूद राज्य में तालाबों की संख्या लगातार घट रही है। अलबत्ता तालाबों और पोखरों के खत्म होने का नतीजा यह हो रहा है कि शहरों, कस्बों और गांवों में भू-जल स्तर लगातार गिरते जा रहा है फलस्वरूप लोगों को गर्मियों में भीषण पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है वहीं आम निस्तारी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। दरअसल तालाब आज भी एक बड़ी आबादी और मवेशियों के दैनंदिन निस्तारी के प्रमुख साधन हैं लेकिन गर्मियों में तालाबों के सूखने की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वहीं पालतू और वन्य पशु भी प्यास से बेहाल शहरों की ओर पलायन के लिए विवश हो जाते हैं।

देश में पेयजल की स्थिति पर गौर करें तो भारत में सोलह करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पाता, पच्चीस करोड़ से ज्यादा लोगों को पानी के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। भारत में जल संकट बढ़ने का एक प्रमुख कारण यह है कि हम वर्षाजल का बहुत कम संरक्षण कर पाते हैं।दरअसल तालाब, पोखर और झील जल संरक्षण के प्रमुख साधन हैं लेकिन शहरों में बेतहाशा कांक्रीटीकरण, अवैध कब्जों, बरसाती नालों के रास्ते अवरूद्ध होने, तालाबों में सौंदर्यीकरण के नाम पर कांक्रीटीकरण, तलहटी में गाद इकट्ठा होने, जलकुंभियों एवं अन्य अपशिष्टों की वजह से तालाबों की प्राकृतिक रिचार्ज क्षमता और जलसंग्रहण दोनों प्रभावित हो रहा है। प्रशासन और एनजीटी के तमाम बंदिशों के बावजूद लोग कृत्रिम रंगों से बने प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों, प्लास्टिक, थर्मोकोल, पूजा - अनुष्ठान के विसर्जन सामाग्रियों को तालाब में ही विसर्जित कर रहे हैं फलस्वरूप तालाबों के सेहत पर घातक प्रभाव पड़ रहा है।

बहरहाल तालाब केवल जलसंरक्षण और निस्तारी के ही माध्यम नहीं हैं बल्कि इनका सदियों से आध्यात्मिक, सामुदायिक और व्यवसायिक महत्व रहा है। व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक रस्मों - रिवाज और कर्मकांड इन्हीं तालाबों में संपन्न होते हैं। तालाब गंगा - जमुनी तहजीब का भी प्रतीक है जहां हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के लोग अपनी अनेक परंपराओं और पर्वों को मनाते हैं। अलबत्ता अनेक तालाबों की मान्यता है कि इनमें डूबकी लगाने से कई प्रकार के चर्मरोग ठीक हो जाते हैं। हालांकि इस मान्यता के पीछे प्रमुख वजह ऐसे तालाबों के पानी में औषधि महत्व वाले सल्फर जैसे रसायनों का उपस्थित होना है।तालाबों में पैदा होने वाले वनस्पति और फूल लोगों के जीविकोपार्जन के प्रमुख साधन हैं। भारत के किसानों के लिए तालाबों में मत्स्य पालन आज आर्थिक विकास और आजीविका का प्रमुख जरिया बन चुका है । इसके अलावा कृषि प्रधान देश में तालाब खेती के लिए सिंचाई का अहम स्त्रोत है जिससे देश की जीडीपी जुड़ी हुई है। बहरहाल आसन्न जल संकट के मद्देनजर सरकार और समाज को तालाबों के संरक्षण की दिशा में दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित करनी होगी अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब भविष्य की पीढ़ी पानी के भयावह संकट के लिए अपनी पुरानी पीढ़ी को दोषी ठहराए आखिरकार " जल है तो कल है"।

## जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है



संकलित

दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा। यही ध्यान है। ध्यान साधारणतया दृश्य से जुड़ा है।

## जब हमसे कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकारें



संकलित

प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हमारा देश चीन से मुकाबला कैसे करेगा?

हमें यह भी समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है? जबकि सन 1990 तक हमारा देश और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे, लेकिन उसके बाद चीन आगे क्यों बढ़ता गया और हमारा देश इससे पिछड़ता गया। अब दोनों की अर्थव्यवस्थाओं में एक खाई क्यों पट चुकी है? इसका कारण यह है कि हमारा देश जातिवाद, धर्म के नाम पर आरक्षण के दलदल में धंसता गया, मुफ्तखोरी और रेवड़ी संस्कृति हमारे देश में फलने फूलने लगी, कृषि प्रधान होने के बावजूद देश में लोगों की रुचि कृषि से घटती गई, नागरिकों की भी रुचि चाईना के सामान की तरफ बढ़ती गई और सरकारों की गलत नीतियों के कारण चीन का व्यापार हमारे देश में मजबूत होता चला गया। उधर चीन मजबूत होकर उभरा। चीन से मुकाबले के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी। – *गोविंद रावत, धमतरी*

## ट्रेंड

### रामायण का आकर्षक प्रदर्शन



थाई रामायण, रामकियेन का आकर्षक प्रदर्शन देखा। यह वास्तव में समृद्ध अनुभव था जिसने भारत और थाईलैंड के बीच साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। रामायण वास्तव में एशिया के इतने सारे हिस्सों में दिलों और परंपराओं को जोड़ता है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अटल कैंटीन



झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टरों में 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का संकल्प पूरा करने के लिए अटल कैंटीन के लिए 100 करोड़ का बजट आवंटित किया। अटल जी की जन्म शताब्दी पर 100 स्थानों पर कैंटीन खोली जाएंगी।

- रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### प्रधानमंत्री जवाब दें



प्रधानमंत्री जवाब दें कि सरकार चीन द्वारा अतिक्रमण किए 4,000 वर्ग किलोमीटर को कैसे वापस लेगी या अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक रूप से विनाशकारी 26% टैरिफ का जवाब कैसे देगी?

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### लोग बदलाव तलाश रहे



भारत रचनात्मकता से भरपूर है। सिर्फ तथाकथित 'पिरामिड' के शीर्ष पर ही नहीं बल्कि निचले स्तर पर भी, जहां लोग सक्रिय रूप से बदलाव की तलाश कर रहे हैं। एआई दुनिया की पहली सच्ची लोकतांत्रिक तकनीक है।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# अंतरराष्ट्रीय न्यायालय से हंगरी की हटने की योजना



हंगरी ने गुरुवार को कहा कि वह युद्ध अपराध और जनसंहार के लिए दुनिया के एकमात्र स्थायी वैश्विक न्यायाधिकरण से हटने की प्रक्रिया शुरू करेगा। प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान के चीफ ऑफ स्टाफ गेरगेली गुलेयास ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, 'हंगरी अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से हटेगा। सरकार संवैधानिक और अंतरराष्ट्रीय कानूनी ढांचे के अनुसार बृहस्पतिवार को वापसी की प्रक्रिया शुरू करेगी।' यह घोषणा ऐसे समय में की गई जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट पहुंचे हैं। गाजा पट्टी में युद्ध के लिए उनके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट जारी है। ओरबान के नेतृत्व वाली हंगरी की सरकार ने नवंबर में नेतन्याहू को यह निमंत्रण दिया था, वहीं नीदरलैंड के हेग स्थित आईसीसी ने मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोप में उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। नेतन्याहू के करीबी सहयोगी ओरबान ने गिरफ्तारी वारंट को 'निंदनीय' करार दिया था।

## ऑफ बीट

# अमेरिका की योजना युद्ध के लिए रोबोट तैयार करने की



अमेरिका की रेप्लिकेटर पहल का उद्देश्य सेना की सभी शाखाओं के लिए अत्यधिक संख्या में किफायती प्रणालियों का उत्पादन करने के वास्ते रक्षा और अन्य तकनीकी कंपनियों के साथ समन्वय करना है। पिछले करीब एक दशक के आसपास विभिन्न स्तरों में स्वतंत्र संचालन के लिए सक्षम सैन्य प्रणालियाँ तेजी से सामान्य हुई हैं। लेकिन अमेरिकी घोषणा स्पष्ट करती है कि युद्ध का भविष्य बदल गया है : लड़ाके रोबोट का दौर आ गया है। विचार को हकीकत में बदलने का समय आ गया है। बीते दशक में, सैन्य उद्देश्यों के लिए उन्नत रोबोटिक प्रणालियों का खासा विकास हुआ है। इनमें से कई तो परिवर्तित वाणिज्यिक प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं, जो स्वयं अधिक सक्षम, सस्ती और व्यापक रूप से उपलब्ध हो गई है। हाल ही में, ध्यान इस बात पर प्रयोग करने पर केंद्रित हो गया है कि युद्ध में इनका सर्वोत्तम उपयोग कैसे किया जाए। यूक्रेन में रूस के युद्ध ने दिखा दिया है कि वास्तविक दुनिया में तैनाती के लिए प्रौद्योगिकी तैयार है। बख्तरबंद वाहनों और तोपखाने का पता लगाने और उन पर हमला करने के लिए रोबोट हवाई वाहन का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है।

## जैकेट के शेष

### बस, हॉस्टल और मेस...

से लिए जाने की शिकायतों को जांच में सही पाया गया है। तीनों निजी मेडिकल कॉलेजों को जुर्माने की राशि शासन के पक्ष में एक माह के भीतर जमा करने को कहा गया है। यदि एक माह के भीतर राशि जमा न की जाए तो शासन को तीनों ही मेडिकल कॉलेजों की मान्यता निरस्त करने की अनुशंसा भी की गई है।

### शंकराचार्य इंस्टिट्यूट: 4 हजार...

रूपए की राशि ली जा रही है, जबकि वास्तविक राशि 4,635 रूपए है। इसी तरह हॉस्टल मद में 2.46 लाख रूपए की राशि ली जा रही है, जबकि वास्तविक राशि 53,337 रूपए है। मेस चार्ज के रूप में 56,700 रूपए की राशि ली जा रही है, जबकि वास्तविक राशि 51,015 रूपए है। इस तरह छात्र से 4,43,713 रूपए अधिक राशि ली जा रही है।

### बालाजी इंस्टिट्यूट: प्रति छात्र...

जबकि ट्रांसपोर्टेशन मद में वास्तविक राशि 13,719 रूपए, वास्तविक राशि 50,583 रूपए तथा मेस चार्ज की वास्तविक राशि 27,476 रूपए है। इस प्रकार 4,58,222 रूपए अधिक राशि छात्रों से ली जा रही है।

### रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल...

में वास्तविक राशि 13,384 रूपए, वास्तविक राशि 37,748 रूपए तथा मेस चार्ज की वास्तविक राशि 45,275 रूपए है। इस प्रकार 4,53,593 रूपए अधिक राशि छात्रों से ली जा रही है।

### बदलाव का मकसद...

रिजिजू ने राज्यसभा के कुछ वरिष्ठ सदस्यों पर भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे चर्चा का जवाब सुनने के लिए सदन में मौजूद नहीं रहते हैं। रिजिजू ने कहा कि वक्फ में किसी गैर मुस्लिम का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वक्फ विधेयक को मुसलमानों के खिलाफ बताते हुए आरोप लगाया कि यह (विधेयक) अल्पसंख्यकों को तबाह करने के लिए लाया गया है। खरगे ने कहा कि देश में ऐसा माहौल बना है कि यह विधेयक अल्पसंख्यकों को तंग करने के लिए लाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह किया कि वह इस विधेयक को प्रतिष्ठा का प्रश्न नहीं बनाएं और सरकार इसे वापस ले ले।

### सामाजिक न्याय की दिशा...

संपत्तियों के बीच जो अस्पष्टता बनी हुई थी, वह अब समाप्त होगी। जिला कलेक्टर को सर्वेक्षण का अधिकार दिए जाने से जमीन से जुड़े विवादों का शीघ्र समाधान हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इस बिल का उद्देश्य धार्मिक गतिविधियों में कोई हस्तक्षेप करना नहीं है, बल्कि यह प्रशासनिक सुधार और न्यायिक पारदर्शिता लाने की पहल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आदिवासी समुदाय के हितों की रक्षा के दृष्टिकोण से इस प्रावधान की सराहना की जिसमें 5वीं और 6वीं अनुसूची में वक्फ संपत्ति तैयार करने पर रोक लगाई गई है। उन्होंने कहा कि इससे आदिवासी भूमि पर अवैध कब्जों पर प्रभावी रोक लगेगी और जनजातीय संस्कृति को संरक्षण मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बिल में यह प्रावधान किया गया है कि वक्फ बोर्ड में कोई भी गैर-मुस्लिम सदस्य नहीं होगा। कांग्रेस और विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि विपक्ष मुस्लिम समुदाय को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह बिल किसी धर्म के विरुद्ध नहीं, बल्कि न्याय और समानता के मूल्यों को मजबूत करने वाला है।

### रायपुर से कवर्धा पहुंचा...

जा रहा है। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात कवर्धा पुलिस को मुखबिर से इस बात की सूचना मिली थी कि रायपुर के कुछ सेल्समेन अवैध ढंग से सोना तथा नगदी की बड़ी खेप लेकर रायपुर से कवर्धा की ओर आ रहे हैं। पुलिस ने मुखबिर से मिली इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए रायपुर-कवर्धा मार्ग में बेरीकेटिंग कर रायपुर से आने वाले वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान एक कार में सवार कुछ लोगों की गतिविधियां संदिग्ध दिखाई दीं। जिस पर पुलिस ने कार को रोककर कार सवारों से पूछताछ की और कार की तलाशी ली। बताया जाता है कि कार की तलाशी के दौरान पुलिस को प्लास्टिक के डिब्बों में भरकर रखे गए बड़ी मात्रा में सोना से बने नेकलेस, अंगूठी, चूड़ी, ईयर रिंग्स, मंगलसूत्र, चेन, बिंदिया, नथ सहित अन्य सोने के आभूषण मिले। पुलिस को कार में 8 लाख चालीस हजार रुपए की नगदी भी मिली। जीएसटी और आयकर विभाग करेगी जांच : इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम कार्रवाई करते हुए धारा 106 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा पुलिस इस मामले की सूचना आयकर विभाग और राज्य कर को भी दे रही है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि कहीं यह मामला अघोषित संपत्ति, कर चोरी या हवाला लेन-देन से तो जुड़ा नहीं है।

### दोनों सेल्समैन...

दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सोने के आभूषण तथा नगदी रकम को जब्त कर लिया है। जब्त किए गए सोने के जेवरातों का कुल वजन 4000.700 ग्राम और बाजार मूल्य करीब तीन करोड़ रुपए बताया जा रहा है।

### आज आएंगे शाह, कल...

मुताबिक श्री शाह रात को करीब आठ बजे दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे। विमानतल से सीधे वे होटल मेफेयर जाएंगे। यहां पर रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन शनिवार को सुबह 10.50 बजे रायपुर से जगदलपुर के लिए उड़ान भरेंगे। जगदलपुर से हेलीकाप्टर द्वारा दंतेवाड़ा जाएंगे। वहां पर वे सबसे पहले माता दंतेश्वरी के दर्शन करेंगे। यहां से दंतेवाड़ा सर्किट हाउस जाएंगे। दोपहर 1.30 से 3.00 तक बस्तर पंडुम समापन समारोह में होंगे शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा, प्रदेश के दोनों आदिवासी मंत्री बस्तर के केदार कश्यप और सरगुजा के राम विचार नेताम, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और जगदलपुर के विधायक किरण देव सहित स्थानीय भाजपा नेता शामिल होंगे।

### सिपाही के घर का...

में जुट गए है। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है, लेकिन इस घटना ने पुलिस की कार्यशैली के साथ ही आरक्षक की लापरवाही भी उजागर कर दी है। बताया जा रहा है कि गांधीनगर निवासी आशीष तिर्की जिला बल बलरामपुर में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। वर्तमान में आरक्षक की ड्यूटी बलरामपुर जिला पंचायत सीईओ की सुरक्षा में लगाई गई है। जिसे सीईओ बलरामपुर में ड्यूटी करने के बाद 1 अप्रैल को अम्बिकापुर स्थित अपने निवास आ गई थी और उन्हें घर छोड़ने के बाद आरक्षक भी अपने निवास गांधीनगर चला गया था। आरक्षक के अनुसार ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह अपने हथियार एके 47 और 3 मैगजीन में 90 राउंड कारतूस को घर में छोड़कर घर में ताला लगाने के बाद शाम 4 बजे अपने गांव सीतापुर के बटई केला चला गया था। 2 अप्रैल की दोपहर 2 बजे जब वह घर पहुंचा तो उसके घर का ताला खुला हुआ था और जब वह घर के अंदर घुसा तो उसके होश उड़ गए। चोरों ने घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरक्षक के अनुसार गांव जाते समय कमरे में ताला लगाकर चाबी को उसने फ्रिज पर रख दिया था। अज्ञात चोरों ने घर का ताला खोलने के साथ ही कमरे का ताला खोलकर नगदी व जेवर समेत उसके एके 47 और 90 राउंड जिंदा कारतूस को चोरी कर ली। इस चोरी की घटना के बाद आरक्षक ने तत्काल घटना की जानकारी गांधीनगर पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मामले की जांच में जुट गई है। इसके साथ ही गुरुवार को मामले में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। **सीसीटीवी फुटेज से नहीं मिली मदद** : गुरुवार को इस मामले की जांच के लिए एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो समेत पुलिस के आला अधिकारी फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। इस घटना में सबसे बड़ी बात यह है आरक्षक के घर का ताला टूटा नहीं है बल्कि खोला गया है। वहीं घर के बाहर सीसीटीवी कैमरा भी लगा है लेकिन कैमरे का मुंह दूसरी तरफ होने से इसमें भी कुछ कैद नहीं हो पाया है। ऐसे में पुलिस को अब तक कोई सबूत नहीं मिले है। इसके साथ ही चोरी की वारदात थाने से महज 300 मीटर की दूरी पर हुई है। शहर में लगातार बढ़ते अपराध और चोरी की घटनाओं से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे है।

## थाईलैंड में बोले पीएम मोदी

# ‘हम विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की नीति में विश्वास रखते हैं’



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर थाईलैंड पहुंचे, जहां उन्होंने अपने समकक्ष पाएटोंगटार्न चिनावाट के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तरीय वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और थाईलैंड मुक्त, खुले, समावेशी और नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था का समर्थन करते हैं। हम ‘विस्तारवाद’ नहीं, बल्कि ‘विकासवाद’ की नीति में विश्वास रखते हैं। इस मुलाकात में दोनों देशों ने व्यापार, रक्षा, सुरक्षा, कनेक्टिविटी, पर्यटन, शिक्षा और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। इसके अलावा, एमएसएमई, हथकरघा और हस्तशिल्प उद्योगों में आपसी सहयोग को लेकर समझौते किए गए। पीएम मोदी ने कहा, ‘भारत और थाईलैंड के संबंध सदियों पुराने हैं और हमारी गहरी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक जड़ों से जुड़े हुए हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने दोनों देशों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### भारत-थाईलैंड संबंधों को मिली रणनीतिक साझेदारी की नई दिशा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि थाईलैंड भारत की ‘एक्ट ईस्ट’ नीति और इंडो-पैसिफिक विजन में एक विशेष स्थान रखता है। उन्होंने कहा, ‘भारत और थाईलैंड मुक्त, खुले, समावेशी और नियम-आधारित व्यवस्था का समर्थन करते हैं। हमने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया है।’

# बेटी को बेरहमी से पीटा, महिला गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के उल्हासनगर कस्बे में पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक महिला को अपनी नौ वर्षीय बेटी की बेरहमी से पिटाई करने के आरोप में गिरफ्तार किया। सेंट्रल थाने के एक अधिकारी ने बताया कि अमीना सुल्तान उर्फ पूजा (35) ने अपनी बेटी मरियम पर जानलेवा हमला किया और चाकू से उसके चेहरे तथा पैरों पर वार किया। उसने उसे बेलन से भी पीटा और उसकी पीठ तथा गर्दन पर भी काट लिया, जिससे बच्ची को गंभीर चोटें आईं।’ प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला कि मरियम के अपने भाई-बहनों के साथ अकसर होने वाले झगड़ों के कारण सुल्तान उससे नाराज थी।’ पुलिस ने किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा सूचना संख्या: 207 एसटी- टेंडर-2024 दिनांक- 24.03.2025

कार्य: बिलासपुर मंडल के गुड्स शेड में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का प्रावधान। निविदा मूल्य: 4,56,49,324.14 (चार करोड़ छप्पन लाख उनचास हजार तीन सौ चौबीस और चौदह पैसे मात्र)। अमानत राशि: 3,78,300/- (तीन लाख अठहत्तर हजार तीन सौ रूपये मात्र)। निविदा का जमा होना : दिनांक:- 16.04.2025 के 15.00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (ML)
सीपीआर/10/AM/587 द.पू.म.रेलवे बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**पीटीएफई न्यूट्रल सेक्शन का प्रावधान हेतु निविदा सूचना**

निविदा संख्या टीआरडी–बीएसपी–276–24–25. दिनांक : 25.03.2025.

कार्य का नाम : बिलासपुर–झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच चौथी लाइन के कार्य के संबंध में बेलपहाड़–हिमगीर सेक्शन के बीच डाउन लाइन, अप लाइन, तीसरी लाइन और चौथी लाइन में पीटीएफई न्यूट्रल सेक्शन का प्रावधान।

निविदा मूल्य: ₹ 2,50,85,305.28/-। अमानत राशि: ₹ 2,75,400.00/-। निविदा जमा करने की तिथि व समय : दिनांक 16.04.2025 के 15:00 बजे तक।

पात्रता के मापदंड तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारे वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर पधारें। निविदा सूचना को वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर (छ.ग.) के कार्यालय के नोटिस बोर्ड से भी देखे जा सकते हैं।

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.)
सीपीआर/10/588 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगर पंचायत नवागढ़, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

क्रमांक/01/लो.नि.वि./न.पं./2025 नवागढ़, दिनांक 02/04/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पंचायत नवागढ़ के निम्नलिखित कार्यों का ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 166537 | वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्लेसमेंट कर्मचारी रखने हेतु | 55.00 | 42000.00 |

**नियम एवं शर्तें** :- उपरोक्त नियम व शर्तें विभागीय वेबसाईड eproc.cg.state.gov.in से देखी जा सकती है। उक्त निविदा में संशोधन होने की स्थिति में विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अपलोड की जावेगी, जिसकी सूचना दैनिक समाचार पत्र में पृथक से नहीं दी जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, नवागढ़

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/कुस/महा.प्र./भू.रा./2025/2402 दिनांक 28.03.2025

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, श्री नारायण प्रसाद पिता श्री मसतराम ग्राम जरहाजेल निवासी द्वारा खाता नं. 177 एवं खसरा नं. 183/3 रकबा 0.07 एकड़ के आधार पर रोजगार के लिए नामांकन कुसमुण्डा क्षेत्र के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। अगर किसी व्यक्तियों को उपरोक्त खाता एवं खसरा नं. में दर्शाए हुए भूमि के ऊपर आवेदित नामांकन से आपत्ति हो तो अपना आपत्ति लिखित रूप से भू राजस्व कार्यालय कुसमुण्डा क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करें। अन्यथा यह माना जाएगा की किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त खाता नं. व खसरा नं. में नारायण प्रसाद पिता मसतराम के आवेदन पर कोई आपत्ति नही है।

भू राजस्व अधिकारी, एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 28/न.पा.नि./प्रकाश विभाग/2025-26 दिनांक 03/04/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) | निविदा/डाउनलोड/सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 166380 | STREET LIGHT INSTALLATION AT VARIOUS LOCATION IN NAGAR NIGAM BILASPUR. | 548.27 | 24/04/2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)


## पेज एक के शेष

### बीजापुर इलाके में खुल गए 250...

सीख रहे हैं। इन बच्चों का पढ़ाई-लिखाई से कोई नाता नहीं था। वे जंगल में महुआ, इमली बिनने और पुलिस और नक्सलियों के बीच गोली-बारी और इलाके की खून-खराबा को ही जानते समझते रहे हैं। कई बार यहां स्कूल खोलने का प्रयास किया गया, लेकिन माओवादी प्रभावित इलाका होने के कारण स्कूल नहीं खुल पाया। नक्सलगढ़ में जहां दिन दहाड़े नक्सली नजर आते हैं, वहां कोई भी सरकारी काम बिना उनकी अनुमति से पूरा नहीं हो पाता। इस साल यहां स्कूल इसलिए खुला, क्योंकि इसी साल मुदवेंडी में सीआरपीएफ का सुरक्षा कैम्प खुला है। कैम्प के बगल में ही बांस और सीमेंट सीट से बने स्कूल में बच्चे पढ़ रहे हैं। शिक्षा विभाग के एपीसी जाकिर खान ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि 20 साल बाद मुदवेंडी में स्कूल खुला है। पहले 2004 में यहां स्कूल की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन कुछ महीने चलने के बाद यह बंद हो गया। इसका कारण है कि नक्सल प्रभावित इलाका होने के कारण कोई शिक्षक यहां आना नहीं चाहता था। वहीं उससे पहले कभी भी यहां स्कूल संचालित नहीं था। यह कह सकते हैं कि आजादी के बाद मुदवेंडी में पहली बार स्कूल शुरू हुआ है। उन्होंने बताया इस साल पहली कक्षा में बच्चों को भर्ती किया गया है। पढ़ाई से कई सालों से वंचित रहने के कारण कुछ 7-8 साल के बड़े बच्चे भी पहली कक्षा में पढ़ रहे हैं। आगे चलकर उनकी पढ़ाई के स्तर को देखकर बड़ी क्लास में भेजा जा सकता है, लेकिन फिलहाल करीब 40 बच्चे पहली कक्षा में पढ़ाई कर रहे हैं।

**मुदवेंडी रिकार्ड में राजस्व ग्राम नहीं** : एपीसी ने बताया कि रिकार्ड में मुदवेंडी राजस्व ग्राम नहीं है। पहले वनग्राम या विरान ग्राम रहा होगा। इस गांव की आबादी 207 है और 40-50 घर परिवार है। पूरा गांव आदिवासी बाहुल्य है।

### बदला मौसम, छत्तीसगढ़ में ...

महाराष्ट्र में आंधी- बारिश और ओले गिर सकते हैं। गुजरात के सौराष्ट्र, कच्छ, पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में गर्मी बढ़ेगी। उत्तरी हिमालयी राज्य हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के चलते लाहौल स्पीति की सिस्सू लेक जम गई है।

### मध्यान्ह भोजन में छिपकली...

जांच और दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए है। बता दें कि विकासखंड के ग्राम पंचायत गजाधरपुर तुरीपानी में प्राथमिक शाला संचालित है। प्राथमिक शाला में कुल 110 बच्चे अध्ययनरत है। गुरुवार को विद्यालय में कुल 101 बच्चे पहुंचे हुए थे। पढ़ाई के बाद भोजन अवकाश में जब बच्चे मध्यान्ह भोजन कर रहे थे तो एक बच्ची की थाली में मरी हुई छिपकली निकली। भोजन में छिपकली निकलने की जानकारी बच्ची ने शिक्षकों को दी जिसके बाद हडकंप मच गया। मध्यान्ह भोजन में छिपकली निकलने की जानकारी मिलने तक स्कूल के लगभग 70 बच्चे भोजन कर चुके थे। इस बीच छिपकली के साथ पका हुआ भोजन करने से स्कूल के कक्षा दूसरी की छात्रा 8 वर्षीया कुमारी सोनाली आ. संतोष व 10 वर्षीय उमेश आ. हरिलाल की तबीयत खराब हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में परिजन भी स्कूल पहुंच गए। बच्चों की तबीयत बिगड़ने पर सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में भर्ती कराया गया। वहीं मध्यान्ह भोजन में छिपकली मिलने की सूचना पर जिपं अध्यक्ष हीरामुनी निकुंज, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरीश मिश्रा, बीईओ रामपथ यादव, एबीईओ नन्दलाल गुप्ता, संकुल सम्वायक शशांक दुबे अस्पताल पहुंचे थे।

### बिहार ‘अपराधी प्रशिक्षण का विश्वविद्यालय’ बना : कुमार

**पटना।** बिहार में अपराध की घटनाओं में कथित तौर पर वृद्धि को लेकर सरकार पर निशाना साधते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन में राज्य ‘अपराधी प्रशिक्षण का विश्वविद्यालय’ बन गया है। आईपीएस अधिकारी से नेता बने अजय कुमार ने यह भी कहा कि अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं है।

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


**// आम सूचना //**

(मौजा-ग्राम-सकरी, प.ह.न.-27, रा.नि.म.-संडी, तहसील-पलारी, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित असिंचित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर - 8/1, 8/2, 7, 10/2, 104/2 रकबा क्रमशः 0.3700 हेक्टेयर, 0.3700 हेक्टेयर, 0.2310 हेक्टेयर, 0.2030 हेक्टेयर, 0.4580 हेक्टेयर के सम्बन्ध में)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण (1) कन्हैया पिता-झंगलु (2) ईतवारी पिता-झंगलु (3) लखनलाल पिता- देवनारायण (4) बेनीराम पिता-फिरंगी (5) विश्वनाथ पिता- रघुनंदन सभी निवासी- ग्राम- सकरी, तहसील-पलारी, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के हक एवं स्वामित्व तथा आधिपत्य की असिंचित कृषि भूमि जो कि वाके मोजा-ग्राम-सकरी, प.ह.न.-27, रा.नि.म.-संडी, तहसील-पलारी, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित है, जिसका खसरा नं.-8/1, 8/2, 7, 10/2, 104/2 रकबा क्रमशः 0.3700 हेक्टेयर, 0.3700 हेक्टेयर, 0.2310 हेक्टेयर, 0.2030 हेक्टेयर, 0.4580 हेक्टेयर असिंचित कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि विक्रेतागण को अदा कर दिया गया है तथा विक्रय विलेख की निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही मात्र शेष है। अतः उपरोक्त क्रय-विक्रय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण निगम, केन्द्र शासन, राज्य शासन, साहूकार किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य किसी को कोई आपत्ति उजर दावा हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवे। समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से की गई आपत्ति/ खंडन स्वीकार योग्य नही होगी। निर्धारित समयावधि पश्चात विक्रय विलेख की निष्पादन एवं बैनामा पंजीयन करा ली जावेगी, बाद मियाद प्राप्त आपत्ति झूठा, नाजायज एवं शुन्य माना एवं समझा जावेगा। जो मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकार नहीं होगा।

सो सूचना जाने
स्थान :- रायपुर
दिनांक :- 03/04/2025

भवदीय
एच डी सुन्दरानी,
कौशलेन्द्र तिवारी, अनंत तिवारी (अधिवक्तागण)
ऑफिसः- 15 / 994, प्रथम तल, ई.ए.सी. कॉलोनी, रजिस्ट्री ऑफिस के पीछे, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) मो.नं.- 9300762038, 8839604656

**कार्यालय नगर पंचायत बेरला, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)**

क्रमांक 05 /न.पं./स्था. / 2025 **ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना** बेरला, दिनांक 02.04.2025

Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in
UADD Portal: http://uad.cg.gov.in

नगर पंचायत बेरला में विभिन्न विकास/श्रमिक प्रदाय कार्य हेतु आनलाईन निविदा (ई-टेंडर) आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| Sr.No. | Task | Date | (IST) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Bid Start Date | 02.04.2025 | 18:00 Hours (IST) |
| 2 | Bid Due Date | 24.04.2025 | 17:30 Hours (IST) |
| 3 | Physical Doc Submission End Date | 25.04.2025 | 16:30 Hours (IST) |
| 4 | Bid Open Date (Scheduled) | 28.04.2025 | 10:30 Hours (IST) |

| स. क्र. | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू. लाख में | अमानत राशि एफडीआर | बीड डाकुमेंट फिस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 166545 | नगर पंचायत बेरला कार्यालय हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से श्रमिक प्रदाय करने का कार्य | 45.00 | 33750.00 | 1500.00 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते कार्यालय में देखी जा सकती है। निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छ.ग. शासन के ई-प्रोक्योमेंट पोर्टल Main Portal. http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in मे देखा जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत बेरला

**छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कंपनी)
कार्यालय- कार्यपालन यंत्री (सं. सं.) संभाग छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री. कं. लिमि. महासमुन्द

**// आम सूचना //**

महासमुन्द संभाग के अन्तर्गत झारा मुढ़ीयाडिह क्षेत्र के आम जनता को सूचित किया जाता है कि 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र झारा से निकलने वाली नवीन 11 के. व्ही. झारा सेग्रिगेशन फीडर (RDSS) लाईन का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें 11 के.व्ही. लाईन झारा से मुढ़ीयाडिह के मध्य ग्राम झारा एवं मुढ़ीयाडिह से होकर गुजरी हुई लाईनों का विद्युत प्रवाह दिनांक 04.04.2025 या उसके पश्चात कभी भी चालू किया जा सकता है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लाईनों से सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी ऑथोरिटी के सुरक्षा अधिनियम की कंडिका 58 एवं 60 के अनुसार कोई निर्माण न करें एवं पर्याप्त दूरी बना कर रखे, छेड़खानी न करें एवं किसी भी प्रकार से विद्युत लाईनो के संपर्क में आने का प्रयास न करें तथा दूरी बनाये रखें।

(पी.आर. वर्मा)
कार्यपालन यंत्री (सं/स) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि.महासमुन्द

"असुविधा से बचने के लिए अपने विद्युत देयक का भुगतान समय पर करें।"

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-2/2025/1871/09 भिलाई दिनांक 26/03/2025

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेंडर आमंत्रित की गई है, जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत (लाख में) | BID Due की अंतिम तिथि | दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रभारी मंत्री निधि अंतर्गत सर्व सुविधायुक्त सांस्कृतिक भवन बाजार के पास कुरूद हेतु। | 166320 | 80.00 | 26.03.2025 से 17.04.2025 तक | 22.04.2025 |

(नोटः- ई टेण्डर में ऑफलाईन शपथ पत्र एवं EMD/FDR प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा/दर को नहीं खोला जावेगा) उपरोक्त निविदा निर्माण कार्यो सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त, (जोन-02)

**आम सूचना**

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 86, 62 के प्रावधानों सहपठित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (बहुवर्षीय टैरिफ सिद्धान्तों के अनुरूप टैरिफ के निर्धारण और टैरिफ एवं प्रभारों से अनुमानित राजस्व अवधारणा हेतु अपनाई जाने वाली कार्य प्रणाली एवं प्रक्रिया तथा निबंधन एवं शर्तें) विनियमों के अनुपालन में विद्युत उत्पादन कंपनी मेसर्स एसीबी (इण्डिया) लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष के वित्तीय वर्ष 2017-18 से वित्तीय वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (सी.एस.पी.डी.सी.एल.) को विक्रय किए गए ऊर्जा की ऊर्जा प्रभार दर और प्रतिपूर्ति योग्य खर्चों के अनुमोदन हेतु याचिका दायर की गई है। यह याचिका ग्राम-कसाईपाली, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) पिन-495445 स्थित 2x135 MW वॉशरी रिजेक्ट कोयला आधारित थर्मल पॉवर प्लान्ट जो कि नेट जनरेटेड पॉवर का 5 प्रतिशत पॉवर सी.एस.पी.डी.सी.एल. को आपूर्ति कर रहा है, से संबंधित है। इस याचिका को 13/2025 के रूप में पंजीकृत किया गया है।


मेसर्स एसीबी (इण्डिया) लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए रु. 2.51/kWh वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए रु. 2.88/kWh वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए रू. 2.79/kWh वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए रू. 1.95/kWh वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए रू 3.21/kWh वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए रू. 1.77/kWh तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए रू. 1.83/kWh के ऊर्जा प्रभार दर के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त याचिका पर सुझाव/आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिवस के भीतर सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, रायपुर-492001, ईमेल: cserc.sec.cg@nic.in के समक्ष एवं/या वरिष्ठ महाप्रबंधक मेसर्स एसीबी (इण्डिया) लिमिटेड, ग्राम-कसाईपाली, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) पिन-495445, ईमेल: rajesh.sonkar@acbindia.com पर भेजी जा सकती है।

उपरोक्त याचिका की प्रति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, सिंचाई कालोनी, शांति नगर रायपुर 492001 के कार्यालय में उपलब्ध है। याचिका की मुद्रित प्रति कार्यालयीन दिवसों में रूपये 500/- का भुगतान कर पूर्वान्ह 11:00 से सायं: 4:00 के बीच प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति रूपये 100/- (डाक व्यय) का अतिरिक्त भुगतान कर डाक द्वारा भी प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति आयोग की वेबसाइट www.cserc.gov.in पर उपलब्ध है। उक्त याचिका पर निर्धारित की गई तिथि समय एवं स्थान पर जन-सुनवाई भी की जावेगी, जिसकी सूचना आयोग द्वारा समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशित की जायेगी।

राजेश कुमार सोनकर,
वरिष्ठ महाप्रबंधक, मेसर्स एसीबी (इण्डिया) लिमिटेड



## शब्द पहेली - 5825



**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 5824 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5835

★☆☆☆☆ सरल



**सूडोकु नवताल- 5834 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

स्पेशल: जू लवर्स-डे, 8 अप्रैल

रोचक / रजनी अरोड़ा

## अट्रैक्टिव-डिफरेंट-फेमस
# दुनिया के अमेजिंग जू

बच्चो, तुमने अपने शहर या किसी दूसरे शहर में स्थित जू यानी चिड़ियाघर को जरूर देखा होगा। वैसे तो दुनिया भर में लगभग दस हजार जू हैं। लेकिन उनमें से कुछ ऐसे हैं, जो अपनी विशेषता के कारण बहुत फेमस हैं। यहां हम तुम्हें कुछ ऐसे ही अनोखे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं।








### वियना चिड़ियाघर

**इस चिड़ियाघर** का निर्माण ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में 1752 ई. में किया गया था। 'टियरगार्टन शॉनब्रून' नाम से मशहूर यह चिड़ियाघर पवित्र रोमन सम्राट फ्रांसिस प्रथम ने स्थापित किया था। यह चिड़ियाघर वियना के प्रसिद्ध शॉनब्रून पैलेस के अंदर शाही परिवार के लिए एक निजी उद्यान के रूप में शुरू हुआ था। लगभग 17 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़यिघर में 18वीं सदी की ऐतिहासिक इमारतें और आधुनिक सुविधाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यहां पांडा, पोलर बियर, शेर, बाघ, तेंदुआ जैसे अलग-अलग वातावरण में पाए जाने वाले जानवर देखने को मिलते हैं। दुनिया के सबसे पुराने इस चिड़ियाघर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया है। *



### दार्जिलिंग चिड़ियाघर

**अपने ही** देश भारत में दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) के बिर्च हिल इलाके में स्थित इस जू का निर्माण 1958 में किया गया था। 1975 में बंगाल की पूर्व गवर्नर और स्वाधीनता सेनानी सरोजिनी नायडू की पुत्री पद्मजा नायडू के नाम पर इस जू का नाम 'पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क' रखा गया। इसे 'दार्जिलिंग चिड़ियाघर' के नाम से भी जाना जाता है। यह 7,000 फीट की ऊंचाई पर 67.5 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इस चिड़ियाघर में मुख्य रूप से अल्पाइन क्षेत्र में रहने वाले हिमालयी पशुओं को संरक्षित किया गया है। यहां 200 से अधिक पशु प्रजातियों में स्नो लेपर्ड, तिब्बती वुल्फ, लाल पांडा, साइबेरियन टाइगर, हिमालयी न्यूट, ब्लू शीप, हिल मोनाल, रिंग नैकेंड पीसेंट, ब्लड पीसेंट, ट्रैगोपैन जैसे लुप्तप्राय पशु-पक्षी भी हैं। यह चिड़ियाघर लाल पांडा के संरक्षण के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। *

### बटरफ्लाई जू

**वर्ष** 1988 में बना फ्लोरिडा (अमेरिका) का बटरफ्लाई वर्ल्ड जू, दुनिया का सबसे बड़ा बटरफ्लाई चिड़ियाघर है। यहां करीब 5 हजार रंग-बिरंगी बटरफ्लाई हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। इसके साथ ही इस चिड़यिघर में अमेरिका का सबसे बड़ा हमिंगबर्ड, लोरिकेट जैसी उष्णकटिबंधीय बड्र्स का घर भी है। पर्यटक यहां इन बड्र्स को खाना भी खिला सकते हैं। यहां के इंसेक्टेरियम में कई तरह के बग्स भी देखे जा सकते हैं। पॉपकॉर्न पार्क चिड़ियाघर 1977 में न्यू जर्सी (अमेरिका) में वन्य जीवों को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से यह चिड़ियाघर बनाया गया था। इसमें प्रायः बड़ी उम्र के बीमार, घायल या बेसहारा जानवरों को ही रखा जाता है। इनमें कुत्ते, बिल्लियों जैसे घरेलू जानवर ही नहीं, शेर, बाघ, हाथी, ऊंट, लामा, इमू, लोमड़ी, बंदर, हिरण, कछुए जैसे जानवर और कई तरह के पक्षी भी हैं। *




### चिड़ियाघर नहीं समुद्री गुफा

**बच्चो,** अमेरिका के ऑरेगन समुद्र तट पर स्थित केव्स ऑफ सी लॉयन, चिड़ियाघर नहीं, बल्कि एक समुद्री गुफा है। यह स्टेलर सी लॉयंस और अन्य समुद्री जंतुओं का प्राकृतिक आवास है। यह उत्तरी अमेरिका की सबसे बड़ी समुद्री गुफा है। माना जाता है कि बेसाल्ट रॉक से बनी इन केव्स (गुफाओं) का निर्माण 25 मिलियन साल पहले हुआ था। आधुनिक काल में इसकी खोज 1880 में कैप्टन विलियम कॉक्स ने की थी। इस स्थान को स्थनीय लोगों और पर्यटकों के लिए 1932 में खोला गया। सी लॉयंस केव्स तकरीबन 12 मंजिला इमारत जितनी ऊंची और फुटबॉल मैदान की लंबाई जितनी बड़ी है। स्टेलर सी लॉयंस के अलावा यहां कैलिफोर्निया के सी लॉयंस, टफटिड पफिंस, बाल्ड ईगल आदि कई तरह के जंतु भी पाए जाते हैं। सी लॉयंस केव्स को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी शामिल किया गया है। *



### लोन पाइन कोआला सेंचुरी

**यह ऑस्ट्रेलिया** के क्वींसलैंड में 1927 में बना, दुनिया का पहला सबसे बड़ा और सबसे पुराना कोआला चिड़ियाघर है। 18 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 130 से अधिक कोआला हैं। यह चिड़ियाघर क्लार्कसन परिवार द्वारा लगाए गए पाइन के दो पेड़ों और जैक एंड जिल नामक दो कोआला से शुरू हुआ था। आज यहां कंगारू, तस्मानिया डेविल, पैरेट्स, काकातुआ, इमु, कैसोवरी, लौरिकेट, प्लेटीपस और कई तरह के सरीसृप भी पाए जाते हैं। इस चिड़ियाघर की खासियत है कि यहां आने वाले पर्यटक चाहें तो इन जानवरों को खाना भी खिला सकते हैं। *



जानकारी / विनय कुमार पाठक

बच्चो, हर साल 6 अप्रैल को इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस डे मनाया जाता है। जानो, यह क्यों मनाया जाता है, इस वर्ष इसकी थीम क्या है?

## विकास-शांति-स्वास्थ्य के लिए
# हम भी खेलें-तुम भी खेलो

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि वर्ष में कई तिथियों को विशेष दिवस के रूप में मनाते हैं। जैसे 26 जनवरी को हम सब गणतंत्र दिवस मनाते हैं। 14 नवंबर को तुम बाल दिवस मनाते हो। अभी बीते 1 अप्रैल को तुमने फूल डे भी मनाया होगा। अच्छा क्या तुमको पता है कि हर वर्ष 6 अप्रैल को किस रूप में मनाया जाता है? नहीं पता? चलो हम तुम्हें बताते हैं। 6 अप्रैल को 'इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस' के रूप में मनाया जाता है। अर्थात विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस। तुम्हें पता होगा कि अपने देश में हर वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का उद्देश्य पूरी दुनिया के लोगों को खेलों का महत्व बताना है।



**इस वर्ष की थीम:** हमारे लिए विकास का बहुत महत्व है। विकास का मतलब है, पहले से बेहतर होना। शांति का भी उतना ही महत्व है। तो इन दोनों को ध्यान में रखकर ही 'विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस' को मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिन की थीम 'लेवलिंग द प्लेइंग फील्ड: स्पोर्ट फॉर सोशल इनक्लुजन' निर्धारित की गई है। इसका अर्थ है- सामाजिक समावेशन के लिए खेलकूद के समान अवसर बनाना। समावेशन का अर्थ होता है, हमारे समाज के सभी लोगों को शामिल करना। जैसे अलग-अलग रंग के, अलग-अलग आकार के, अलग-अलग सुगंध के फूल मिलकर बगिया को खूबसूरत बनाते हैं, वैसे ही सभी तरह के लोगों को जब एक साथ शामिल किया जाएगा, तभी हमारा समाज सुंदर बनेगा। इसके लिए खेलकूद से बेहतर साधन क्या हो सकता है!

**आयोजक है ओलंपिक समिति:** तरह-तरह के खेल खेलने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है न! स्कूल में भी गेम्स पीरियड का तुम बेसब्री से इंतजार करते हो। छुट्टियों में तो अपने दोस्तों के साथ जमकर खेल का आनंद लेते ही हो। केवल बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी विभिन्न खेलों का खूब आनंद लेते हैं। तुम्हें पता है, दुनिया में खेलकूद का सबसे बड़ा आयोजन ओलंपिक होता है। इसका आयोजन करने वाली समिति अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति है। हर देश में भी एक ओलंपिक समिति होती है, जो उस देश में खेलकूद को बढ़ावा देने का काम करती है।

**खेलों की महत्ता:** खेलकूद का समाज पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसमें भेदभाव मिटाकर सभी को बराबर मौका मिलता है। खेलकूद के आयोजन में सभी क्षेत्र के, सभी वर्ग के, सभी धर्म के, सभी रंग के खिलाड़ी भाग लेते हैं। लोग आपसी मतभेद भुलाकर मिल-जुल कर खेलते हैं, इससे शांति का माहौल बनता है। जब माहौल शांति का होता है तो समाज और देश का विकास होता है। यही नहीं, खेलकूद से शारीरिक क्षमता बेहतर होती है। साथ ही हमारा मन भी स्वस्थ रहता है। तो तुम भी खेलकूद में जमकर हिस्सा लो और अपने शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ बनाओ। *

कविता / नरेंद्र सिंह 'नीहार'

## बच्चों की आजादी




सजे-धजे स्कूल सभी हों,
खुशी-खुशी सब आएं।
टीचर जी से खुलकर बोलें,
मन की बात बताएं।
खेल-खेल में करें पढ़ाई,
करके सब कुछ सीखें।
विद्यालय की हरित वाटिका,
मिल-जुलकर हम सींचें।
डांट-डपट से दूर रहें हम,
बनें न कभी फसादी।
बात-बात पर शाबाशी हो,
कदम-कदम आजादी।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## कौवे की मजेदार शादी




शादी-ब्याह का समारोह हो या कोई दावत, तुम उसमें खूब सज-धज कर जाते होगे, है न! इस रंगीन चित्रों वाली किताब 'कालू कौवे की शादी' में ऐसा ही एक किस्सा है, जिसमें एक कौवा अपनी शादी की खुशी में खूब सजा-धजा दिखना चाहता है। इसके लिए वह निकल पड़ता है, अपने दोस्तों से उनकी मदद मांगने। मोर से वह रंग-बिरंगे पंख उधार लेता है, मिट्ठू तोते से उसकी सुंदर लाल चोंच। उल्लू से आंखें और शुतुरमुर्ग से लंबे-लंबे पैर। अब यह सब पहनकर वह अनोखा बन जाता है। फिर निकल पड़ता है, अपनी बारात लेकर कौवी से शादी रचाने। लेकिन बाहर के मौसम और धूप से इस अनोखी बारात में सब उलट-पुलट हो जाता है। यह सब कैसे होता है और फिर अंत में क्या होता है, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। *

**किताब:** कालू कौवे की शादी, **लेखिका:** डॉ. कमलेश कुमारी, **मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, **दिल्ली**



गुजराती कहानी
पुष्पा अंताणी

घूमने की शौकीन चिल्ली बिल्ली एक दिन जंगल पहुंच गई। उस समय जंगल का राजा बाघ सैर पर था। उसके भेड़िए सैनिकों ने बिल्ली को धर दबोचा। वह बाघ राजा के सामने लाई गई। चिल्ली बिल्ली ने बहुत सूझ-बूझ से काम लिया। बाघ राजा के सामने उसने कुछ इस तरह बातें बनाईं कि वह चिल्ली बिल्ली को अपनी मौसी मान बैठा।

# बाघ की मौसी चिल्ली बिल्ली



एक थी बिल्ली। नाम था चिल्ली। चिल्ली घूमने की बहुत शौकीन थी। दिन शुरू होते ही वह घूमने निकल पड़ती। पूरा दिन बस घूमना-फिरना। एक बार चिल्ली घूमते-घूमते जंगल में पहुंच गई। वहां उसे कुछ जानवर मिले। जंगल के रास्ते के बीचों-बीच चिल्ली को चलते हुए देख एक जानवर ने पूछा, 'कौन है तू? बीच रास्ते में क्यों चल रही है? इस जंगल का राजा बाघ सैर करने निकला है। वह तुझे बीच रास्ते में टहलते देखेगा तो गुस्साएगा।'

बिल्ली ने अपना सीना फुलाकर कहा, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। मैं तुम्हारे राजा बाघ से डरती-वरती नहीं।' यह कह बिल्ली आगे बढ़ गई। थोड़ा आगे गई तो दो सैनिक भेड़िए मिले। बिल्ली को बीच रास्ते में चलती देख दोनों चिल्लाए, 'ओय तू है कौन? राजा जंगल में सैर करने निकले हैं और तू उनके रास्ते के बीच इस तरह घूम रही है? राजा देख लेगा तो तेरी खाल उधेड़ देगा।'

बिल्ली ने अपना सिर उठाया और रुआब से बोली, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। बाघ राजा होगा तुम्हारा। मैं उससे डरती-वरती नहीं हूं।'

इतने में जंगल का राजा बाघ वहां आ पहुंचा। सैनिक घबरा गए। उनको कुछ समझ में नहीं आया कि क्या करें? जंगल में सैर करने में बाधा आने से बाघ गुस्साया। जोर से गुर्राते हुए बोला, 'कौन है यह?'

बाघ को देखकर और उसकी दहाड़ सुनकर बिल्ली के होश उड़ गए, लेकिन उसने तुरंत ही अपने आपको संभाल लिया और एक तरकीब सोच ली।

सैनिकों ने झुक-झुक कर राजा को सलामी दी और बताया, 'हुजूर, यह कहती है- मैं तुम्हारे राजा से डरती-वरती नहीं हूं।'

बाघ ने लाल-लाल आंखों से बिल्ली की ओर देखा और सैनिकों को हुकुम दिया, 'इसे दरबार में ले आओ। मैं जंगल का दौरा पूरा कर वापस आता हूं, इसके बाद इससे निपटता हूं।'

सैनिकों ने बिल्ली को गिरफ्तार किया और राजा के दरबार में ले गए। थोड़ी देर बाद बाघ दरबार में आया। बिल्ली को बाघ के सामने लाया गया। बाघ ने दहाड़ कर पूछा, 'ओय बिल्ली, क्या तू मुझसे डरती नहीं?'

बिल्ली लापरवाही से अपने शरीर को पंजों से खुजलाते हुए बोली, 'नहीं, मैं तुमसे डरती नहीं हूं।'

बाघ और ज्यादा क्रोधित होकर बोला, 'तुझे पता है, मैं इस जंगल का राजा हूं?'

'होगा! इससे मुझे क्या? न तो मैं इस जंगल में रहती हूं और न ही तुम मेरे राजा हो। मैं तो तुम्हारे परिवार की सदस्य हूं। फिर मुझे तुमसे क्यों डरना चाहिए?' बिल्ली तिरछी नजर से बाघ की तरफ देखते हुए बोली।

'मेरे परिवार से मतलब..? बाघ को बात कुछ समझ में नहीं आई।

बिल्ली अपना मुंह फुलाकर बोली, 'बाघ राजा, क्या तुमको इतना भी पता नहीं? तुम्हारी मां और मैं दोनों बहने हैं।' बाघ चौंका। उसने बिल्ली को ध्यान से देखा और बोला, 'अरे जा! तू झूठ बोल रही है। कहां मेरी ताकतवर मां और कहां इतने छोटे कद वाली तू! तू तो मेरे बच्चे से भी छोटी है!'

'तुम्हारी बात सही है, बाघ जी! फिर भी हम दो बहनें हैं। तुम्हारी मां का शरीर ताकतवर, भयानक और बड़ा है और मैं इतनी छोटी हूं। इसके पीछे एक लंबी कहानी है।' बिल्ली बाघ से बोली।

बाघ को बिल्ली की बातों में दिलचस्पी होने लगी। उसने पूछा, 'कौन सी कहानी..?'

बिल्ली ने कहानी बताई, 'मैं और तुम्हारी मां सगी बहनें हैं। तुम्हारी मां बड़ी और मैं छोटी। तुम्हारी मां जब बड़ी हो गई तो वह जंगल में चली आई। अच्छी-सी गुफा बनाई और उसमें रहने लगी। फिर वह जंगल के जानवरों का शिकार करके उनका मांस खाने लगी। उसका शरीर बढ़ता गया। इसलिए वह मोटी और ताकतवर बन गई।'

बाघ उसकी बात ध्यान से सुन रहा है या नहीं, यह देखने के लिए बिल्ली बोलते हुए थोड़ी देर रुक गई।

बाघ ने उत्सुकता से पूछा, 'फिर क्या हुआ?'

'हां... बताती हूं। तब मैं बहुत छोटी थी। एक बार मैं अकेली गुफा के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते मैं काफी दूर निकल गई। फिर गुफा में वापस जाने का रास्ता भूल गई। एक गांव में पहुंच गई। वहां जंगल का कोई भी जानवर नहीं दिखा तो मैं रोने लगी। इतने में राजू नाम का एक लड़का आया। उसने मेरे आंसू पोंछे, मेरा सिर सहलाया और अपने घर ले गया। उसने मुझे अपने घर में ही रखा। वह जो खाता था वही दूध और रोटी मुझे खिलाता। ऐसे खाने से मेरा शरीर छोटा ही रह गया और मैं इतनी छोटी ही रही। अब तो मेरी बात तेरी समझ में आई कि नहीं आई?' बिल्ली ने अपनी बात पूरी की।

राजा बाघ और बाकी जानवरों को बिल्ली की बात सच्ची लगी। बाघ खुश हो गया। वह अपने सिंहासन से खड़ा हुआ, बिल्ली के पास गया और उसे प्रणाम किया। फिर बोला, 'मेरी मां तो अब इस दुनिया में नहीं है, पर तुम मेरी मौसी हो। अब तुम यहां इस जंगल में आराम से रह सकती हो।'

बिल्ली बोली, 'ना, बाबा, ना! मेरा दोस्त राजू मेरे बिना नहीं रह सकता। इस वक्त भी वह मुझे ढूंढता हुआ रोता होगा। मैं अब अपने गांव वापस जाऊंगी।'

बाघ ने अपनी मौसी बिल्ली पर प्यार से अपना पंजा फेरा और बोला, 'चिल्ली मौसी, जैसी तुम्हारी मर्जी। अब जब भी तुम्हारा मन करे, जंगल में घूमने आ जाना।'

चिल्ली बिल्ली ने अपने गांव की ओर कदम बढ़ा दिए। बाघ राजा और जंगल के सारे प्राणी भी बिल्ली मौसी को विदाई देते हुए बोले, 'जल्द ही फिर मिलेंगे चिल्ली मौसी!'

जंगल से वापस अपने गांव की ओर लौटते हुए चिल्ली बिल्ली मन ही मन में मुस्कुराती हुई पूरे रास्ते बोलती रही, 'मैं तो बाघ की मौसी... मैं तो बाघ की मौसी...!' *

**हिंदी अनुवाद : सेतु अंताणी**

## जीके क्विज-148

1. हाल ही में छत्तीसगढ़ के किस साहित्यकार को 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. विग्नेश पुथुर का संबंध किस खेल से है?
3. हरियाणा के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
4. विश्व का सबसे प्रदूषित देश कौन-सा है?
5. किस सिख गुरु ने अमृतसर शहर की स्थापना की थी?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
8. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?
9. विटामिन E का रासायनिक नाम क्या है?
10. विश्व धरोहर दिवस कब मनाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-148 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-147 का उत्तर :** 1. 286 दिन, 2. 58 करोड़, 3. भिवंडी, 4. 7 अप्रैल, 5. हैदराबाद, 6. विल्हेम कोनराड रॉन्टजेन, 7. आयरन (लौह तत्व), 8. माइटोकॉन्ड्रिया, 9. कर्नाटक, 10. क्षिप्रा

**जीके क्विज-147 का सही उत्तर देने वाले :** शिवम-रायपुर, किशन-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-सीतापुर, बालमुकुंद-कुनकुरी, तृप्ति-ईमेल से, ट्विंकल-ईमेल से, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, सचिन-महासमुंद

## रंग भरो-172

**रंग भरो-172** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आस्तिका, चांपा


सार्थक, रायपुर


तमन्ना, कोरबा


वेदका, बालोद


रितेश, मटियारी


अथर्व, बिलासपुर


**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

पलक-अटेली मंडी, रानी-बालाघाट, डॉली-मटियारी, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहन-करनाल, अमन-बिलासपुर, जागृति-कोरबा

## रंग भरो 173



बच्चो, यहां तितली और फूलों का एक सुंदर-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



# अमेरिकी कर्मचारियों का चीनियों से यौन संबंध बनाना हुआ बैन

## ट्रंप को चीनियों से रोमांस भी नहीं मंजूर



एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार चीन से इतना घबराई है कि अब वह अपने अधिकारियों के चीनी लोगों से प्यार पर भी पहरा लगा रही है। अमेरिका को अब चीन में तैनात अपने कर्मचारियों का चीनी नागरिकों से रिश्ता मंजूर नहीं है। इसके लिए बकायदा आदेश जारी किया गया है। अमेरिकी सरकार ने चीन में अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों, साथ ही परिवार के सदस्यों और सुरक्षा मंजूरी प्राप्त ठेकेदारों पर चीनी नागरिकों के साथ किसी भी प्रकार का रोमांटिक या यौन रिश्ता रखने पर प्रतिबंध लगा दिया है। 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को इस बारे में जानकारी मिली है।

### दूसरे देशों में नहीं है ऐसी कोई रोक

मामले से अवगत चार लोगों ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर एपी को इस नीति के बारे में बताया जिसे जनवरी में अमेरिकी राजदूत निकोलस बर्न्स ने चीन छोड़ने से कुछ समय पहले लागू किया था। कुछ अमेरिकी एजेंसियों ने पहले से ही ऐसे रिश्तों को लेकर सख्त नियम लगा रखे हैं। हालांकि, अन्य देशों में अमेरिकी राजनयिकों के लिए स्थानीय लोगों के साथ 'डेटिंग' करना और उनसे शादी तक करना भी असामान्य नहीं है।

### पिछले साल की नीति का विस्तार

पिछले साल गर्मियों में इस नीति को सीमित रूप में लागू किया गया था, जिसके तहत अमेरिकी कर्मियों को चीन में अमेरिकी दूतावास और पांच वाणिज्य दूतावासों में गार्ड एवं अन्य सहायक कर्मचारियों के रूप में काम करने वाले चीनी नागरिकों के साथ 'रोमांटिक और यौन रिश्ता' रखने पर रोक लगा दी गई थी। प्रतिबंध से अवगत दो लोगों ने 'एपी' को बताया कि नई नीति पर पहली बार पिछली गर्मियों में चर्चा हुई थी। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी संबंधी प्रतिनिधि सभा की चयन समिति ने टिप्पणी के अनुरोध का जवाब नहीं दिया। नई नीति के दायरे में मुख्य भूमि चीन में अमेरिकी मिशनों को शामिल किया गया है, जिसमें बीजिंग में दूतावास और गुआंगझू, शंघाई, शेनयांग और वुहान में वाणिज्य दूतावास के साथ हांगकांग के अर्द्ध-स्वायत्त क्षेत्र में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास शामिल हैं। यह चीन के बाहर तैनात अमेरिकी कर्मियों पर लागू नहीं है।

**अक्षय तृतीया पर इस समय खुलेंगे यमुनोत्री धाम के कपाट : बड़कोट (उत्तरकाशी)।** यमुना जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने का समय तय किया गया, जिसके अनुसार यमुनोत्री के कपाट 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर 11:55 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

# विदेश सचिव गलवान के जवानों की शहादत पर केक काट रहे

## राहुल ने भारत-चीन संबंधों की 75वीं सालगिरह के जश्न पर सरकार को घेरा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को भारत-चीन के राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह के जश्न को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा- चीन हमारे 4 हजार वर्ग किमी इलाके पर कब्जा करके बैठा है, लेकिन मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि हमारे विदेश सचिव (विक्रम मिस्त्री) चीनी राजदूत के साथ केक काट रहे थे।

लोकसभा में शून्यकाल के दौरान राहुल ने कहा- हम सामान्य स्थिति के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उससे पहले हमें अपनी जमीन वापस मिलनी चाहिए। मुझे पता चला कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने चीनी राजदूत को चिट्ठी लिखी है और यह भी हमें दूसरों से पता चल रहा है। चीनी राजदूत भारत के लोगों को बता रहे हैं कि उन्हें चिट्ठी लिखी गई। सरकार की विदेश नीति पर राहुल गांधी ने कहा- एक तरफ आपने चीन को हमारी जमीन दे दी और दूसरी तरफ अमेरिका ने हम पर टैरिफ (जैसे को तैसा टैक्स) लगा दिया। इससे देश की ऑटो, फार्मास्यूटिकल और एग्रीकल्चर इंडस्ट्री पूरी तरह से तबाह हो जाएगी।

# 'तुम इतनी भोली होती तो हमारे सामने नहीं आती'

## शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाने के आरोप पर सुप्रीम कोर्ट ने वादी से कहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने रेप के मामलों में झूठे वादे के आरोपों पर चिंता व्यक्त की है। कोर्ट का कहना है कि बदलते सामाजिक मूल्यों के साथ, प्रेम संबंधों में असफलता को रेप का मामला नहीं बनाना चाहिए। कोर्ट एक ऐसे शख्स की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिस पर उसकी मंगेतर ने शादी का झूठा वादा करके यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने इस तरह के मामलों को रूढ़िवादी मानसिकता का परिणाम बताया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि मामलों को निष्पक्षता से देखना चाहिए, केवल पीड़िता के नजरिए से नहीं। कोर्ट ने महिला से कहा, 'अगर आप इतनी भोली थीं तो आप हमारे सामने नहीं होतीं, आप बालिग थीं, यह नहीं हो सकता कि आपको यह विश्वास दिलाया गया कि आपकी शादी हो जाएगी।'

### 'रूढ़िवादी मानसिकता काम कर रही है'

बेंच ने आगे कहा कि ऐसे मामले अक्सर रूढ़िवादी सोच के कारण होते हैं। बेंच ने कहा, 'रूढ़िवादी मानसिकता काम कर रही है क्योंकि यहां आदमी को दोषी ठहराया जाता है। हमारी व्यवस्था में कमियां हैं। कई बार लड़की अपने ससुरालवालों के खिलाफ 5 मामले दर्ज कराती है। आप हमसे जो भी टिप्पणी चाहते हैं या हाई कोर्ट की टिप्पणी को रद्द करना चाहते हैं।.. वह ठीक है।.. अंततः आप पीड़ित हैं।'

# अधिकारी ने कहा- राममंदिर बनाएंगे ममता बोलीं- केंद्र दंगा भड़काने में लगा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल में रामनवमी को लेकर लड़ाई बढ़ती जा रही है। जहां बंगाल के नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने बंगाल में राम मंदिर बनाने का ऐलान किया है। वहीं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेश के लोगों से शांति से रामनवमी मनाने का आह्वान किया है। इसके साथ बनर्जी ने कहा है कि केंद्र सरकार बंगाल में क्या कराना चाहती है? वो जो धर्म का पालन कर रहे हैं वो विवेकानंद का धर्म नहीं है। ये लोग दंगा भड़काने की कोशिश कर रहे हैं? बनर्जी ने केंद्र और राज्य बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि ईद अभी हाल में बीती है। रामनवमी को शांतिपूर्ण दंगा मनाया जाए ताकि सभी लोग शांति से रह सकें। मैं ऐसा चाहती हूं कि ये वाम-राम (वामपंथी और बीजेपी) वाले इकट्ठे हो जाएं। हम लोग विवेकानंद और वेदों को मानते हैं।



### 20 हजार जगहों पर निकलेगा रामनवमी का जुलूस

बनर्जी की बातों पर प्रतिक्रिया देते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता शांति की बात कर रही हैं। बनर्जी के लड़ाके साल 2023 में रामनवमी के जुलूस पर हमला किया था। उन सभी को ममता संभालें। हम हिंदू समाज के हैं। जो दंगा नहीं करते। हिंदू समाज ने सोच लिया है कि रामनवमी के दिन सभी घर-घर जाकर श्रीराम के नारे लगाएगा। उस दिन हर हिन्दू ध्वज उठाएगा और सड़कों जाएगा।


शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल — दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्टी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों ओर सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिरकुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है। नकली माल से सावधान। 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE — छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — मो. 7999450384, 7042974029
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — फोन: 0771-4044551, समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मो. 9977247553
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)
डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — 7724035770, 9329004557, 9303724304
अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — 7987225800, 9301744425
डॉ. मनोज अग्रवाला — स्किन क्लिनिक — 0771-4003777, 77778-76292
स्वास्तिक नर्सिंग होम — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल — मो. 7991031330, मो. 0771-4347172
बांठिया हॉस्पिटल — राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2425009, 2424737
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130


## हरिभूमि CLASSIFIED

epaper : www.haribhoomi.com
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी — Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756, 6263818152

### Appointment आवश्यकता

#### शिक्षाकर्मी

**आवश्यकता है-** अंग्रेजी/ हिंदी दोनों माध्यम की स्कूल हेतु विज्ञान समूह, आर्ट्स, कॉमर्स, संस्कृत, विषय के शिक्षक/ शिक्षिकाएं, तथा कंप्यूटर ऑपरेटर हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं। साक्षात्कार 05.04.2025 (शनिवार) को प्रातः 8:30 से संपर्कः- नूतन उ. मा. शाला आर.डी.ए. कॉलोनी टिकरापारा रायपुर मो- 9009088455.(RO-7077)

#### पेट्रोल पम्प कर्मी

**आवश्यकता है-** उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप हेतु लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 94242-25533.(RO-272)

#### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** थोक कपडे की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी अनुभवी सेल्समेन ,कंप्यूटर ऑपरेटर व हेल्पर की आवश्यकता है संपर्क समय 3 से 6 चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658, 9425206658. (RO-7255)

#### ऑफिस बॉय

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई लोकेशन हेतु, ऑफिस बॉय की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क- 8898306907 (आरो नं.- 704)

#### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** साड़ी शोरूम हेतु सेल्समेन, सेल्सगर्ल, हेल्पर कम्प्यूटर ऑपरेटर सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता, संपर्क समय सुबह 10.30 से रात 9.30 तक Mob. 9425216364, 9340477419.(RO-3411)

#### नर्सिंग स्टाफ

REQUIRED
B.Sc. Nursing (Experience 5-10 Years):20000/-
B.Sc. Nursing (Experience 1-3 Years): 15000/-
B.Sc. Nursing (Fresher): 11000/-
GNM (Experience 1-3 Years):13000/-
GNM (Fresher) : 9000/-
TPA Operator/Receptionist
All Nurshing Staff Accommodations available
Agrawal Hospital — DEVOTED TO LIFE
Contact No. 9827488000 / 9302761188
Address: Agrawal Hospital, Infront of Maruti Business Park, G.E. Road, Raipur (C.G.)

#### ड्रायवर/घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर में निजी वाहन चलाने हेतु ड्राइवर/ घरेलू कार्य कम से कम 10 वर्ष अनुभवी, नशा न करने वाला परिवार पति- पत्नी (जिनके बच्चे साथ में ना रहते हो) या अकेले की आवश्यकता है संपर्क करें- 9300593000 (RO-1243)

#### मार्केटिंग/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** डिटॉल कंपनी के प्रोडक्ट की रायपुर में मार्केटिंग हेतु अनुभवी सेल्समैन की जो जनरल व मेडिकल मार्केट के बारे में जानकारी रखता हो, संपर्क करें:- अग्रवाल एजेंसी रायपुर Mob. 98264-16557.(RO-om)

#### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** (1) नर्सिंग स्टॉफ (GNM. BSC.) - 6, (2) वॉर्डबॉय - 4, (3) ड्यूटी डॉक्टर (BAMS) -2, मार्केटिंग (PRO)-2, संपर्क:- एस.एस. हॉस्पिटल नंदनी रोड छावनी चौक भिलाई नियर कुसम पेट्रोल पंप मो.-98271-63238, 76939-74185. (आरो नं.- 713)

#### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** कंप्यूटर ऑपरेटर की आवयश्कता है 30 साल से अधिक उम्र को प्राथमिकता सैलरी योग्यतानुसार शीतला एजेंसी रिंग रोड नंबर 1 भाटागांव चौक रायपुर संपर्क 9826129026, 9300129026.(RO-167)

#### हेमाल

**आवश्यकता है-** उरला मेटल पार्क में काम करने के लिए हेमाल की आवश्यकता है। रहने की सुविधा उपलब्ध है। संपर्क करें- जय गोपाल सोसायटी, फाफाडीह चौक BSNL ऑफिस के सामने रायपुर (छ.ग.) फोन 0771-4095884.(RO-379)

#### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में पैकींग कार्य हेतु लडको की आवश्यकता है। पता-लीला मेडिकल एजेंसी Shop No- 165 औषधि वाटिका डूमरतराई रायपुर छ.ग.mo- 9827405123.(RO-540)

#### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** सेनेटरी हार्डवेयर दुकान में कार्य करने लड़कों की आवश्यकता है। एवं एक कार ड्राइवर की आवश्यकता है संपर्क :- जय श्री इंटरप्राइजेज नेहरू भवन के सामने सुपेला भिलाई- 98271-06108, 96302-95106 (आरो नं.- 714)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु लड़के / लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क-श्याम हार्ड वेयर स्टोर्स, स्टेशन रोड,देशबन्धु स्कूल के पास रायपुर मो.9300908801.(RO-370)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु आठवीं/ दसवीं तक पढ़े लड़कों की आवश्यकता है। कार्य समय 11:00 से 8:00 बजे तक। इच्छुक (मोबाइल नंबर) सहित संपर्क करें शिल्पा सेल्स, ए-10 आरडीए कंपलेक्स शारदा चौक रायपुर(RO-7212)

#### महिला स्टाफ

**आवश्यकता है-** वंडर किड्स एकेडमी को महिला स्टाफ की आवश्यकता है टीचर, कोऑर्डिनेटर, ऑफिस गर्ल पहेली शाखाः डी.डी.यू. नगर, रायपुरा चौक, रायपुर, दूसरी शाखाः लक्ष्मी नगर, संतोषी नगर चौक, रायपुर संपर्क करें 9827117098, 9993390973.(RO-3415)

#### ड्रायवर

**ड्राईवर चाहिये-** जो ऑफिस कार्य कर सके। अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। सम्पर्क समय 12 से 5, गणेश राम नगर, मालवीय रोड रायपुर 6268524045, 7974603435.(RO-166)

#### ऑफिस कार्य

**शीघ्र आवश्यकता है-** इंदौर मध्यप्रदेश में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 11000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 7898882634, 7415455110.(RO-311)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 10वी, 12वी, पास लड़कों की अवसकता है जो कटनी ग्वालियर में काम कर सके वेतन- 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना खाना फ्री, ट्रेनिंग बाद 15,000 से 20000 महीने। संपर्क करें- 8982690021, 9340613449.(RO-312)

#### अन्य

**आवश्यकता है-** नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238. (RO-749)

#### Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** गरीब कल्याण लोन योजनातर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड, राशनकार्ड पर, (1% ब्याज सालाना ) (50000 से 25 लाख तक ) (प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिज़नेस, दुकानदारी, एजुकेशन, एग्रीकल्चर, ग्रुप लोन,) संपर्क -9311830460.(RO-752)



विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

CLASSIFIED RATE CARD — हरिभूमि — CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

आवश्यक सूचना

Healthcare — गुप्त रोगों का सफल इलाज — गुप्त रोग, नामर्दी; लिंग में छोटापन। शीघ्र पतन; पेशाब से धातु जाना। लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी। शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी। जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें। चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है। निःसंतान दम्पति आज ही मिलें। आज ही संपर्क करें 9826038170
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे। 18 से 75 वर्ष तक लाभदायक। घर बैठे मंगवायें। ब्रेस्ट टोनर क्रिम। लाभ नहीं तो पैसे वापिस। 09083218330



# अक्षय ने किया 'केसरी चैप्टर 3' का ऐलान...

**मुंबई।** 3 अप्रैल को दिल्ली में अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'केसरी 2' का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस ट्रेलर रिलीज इवेंट और प्रेस कॉन्फ्रेंस में अक्षय के अलावा आर माधवन, अनन्या पांडे और फिल्म के डायरेक्टर करण सिंह त्यागी व प्रोड्यूसर करण जौहर भी मौजूद थे। इस दौरान फिल्म के बारे में बात करते हुए अक्षय ने 'केसरी 3' का भी ऐलान कर दिया। फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म हरि सिंह नलवा के जीवन पर आधारित होगी, जो सिख साम्राज्य की सेना, सिख खालसा फौज के पहले कमांडर-इन-चीफ थे। हरि सिंह नलवा एक सिख कमांडर थे, जो महाराजा रणजीत सिंह की सेना में एक सम्मानित नेता थे।

## लाइफ Style

# अंजलि

## आठ साल की उम्र में झेला दर्द

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'डब्बा कार्टेल' और 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' फेम अभिनेत्री अंजलि आनंद ने हाल ही में बचपन में अपने साथ हुए कुछ दर्दनाक अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे एक डांस टीचर ने उनकी जिंदगी को प्रभावित किया और कैसे उनके पहले बॉयफ्रेंड ने उन्हें बचाया।

अंजलि ने अपने बचपन के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि उनका एक डांस टीचर था, जिसने उन्हें परिवार बनाने की कोशिश की। अंजलि ने बताया कि उस टीचर ने उनके साथ हर चीज करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता था कि क्या करना है। मैं आठ साल की थी। मेरे पिताजी के गुजर जाने के ठीक बाद उसने कहा मैं तुम्हारा पिता हूं और मैंने उनकी बात पर विश्वास कर लिया, क्योंकि मुझे इससे बेहतर कुछ नहीं पता था। फिर उन्होंने बहुत धीरे-धीरे शुरू किया। उन्होंने मेरे होंठों पर किस किया और कहा, यह वही है जो पिता करते हैं। मुझे पता ही नहीं था कि पिता-बेटी का रिश्ता कैसा होता है।' अभिनेत्री ने आगे कहा कि यह कई वर्षों तक चलता रहा और डांस टीचर ने उनकी जिंदगी को प्रभावित किया। उन्होंने कहा, 'वह मुझे अपने बाल खुले नहीं रखने देता था। वह मुझे लड़कियों के कपड़े नहीं पहनने देता था, वह मुझे अपनी पुरानी टी-शर्ट पहनाता था ताकि मैं दूसरों को आकर्षक न दिखूं। जब मेरी बहन की शादी हुई और मेरे पिता के सबसे अच्छे दोस्त का बेटा शादी में आया, तो उसे मुझ पर क्रश हो गया और उसने मुझसे बात करनी शुरू कर दी। तब मुझे पता चला कि क्या नॉर्मल है।'



## हॉलीवुड मसाला





# 'कराटे किडः लीजेंड्स' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर 'कराटे किड' फ्रेंचाइजी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। नई फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' का ऑफिशियल ट्रेलर सोनी ने रिलीज कर दिया है। इस फिल्म में पुराने हीरो राल्फ मैकियो फिर से डेनियल लारूसो की भूमिका में नजर आएंगे। वह साल1984 की मूल फिल्म का हिस्सा थे। वहीं, इस फिल्म में उनके साथ जैकी चैन भी होंगे, जो 2010 की रीमेक फिल्म में मिस्टर हान बने थे। फिल्म में बेन वांग एक युवा कुंग फू फाइटर ली फॉन्ग का किरदार निभा रहे हैं।



# मैं अपने बर्तन खुद धोती हूं : कैमिला

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड पॉप स्टार कैमिला कैबेलो, जिनका 103.40 करोड़ का नेटवर्थ है। उन्होंने हाल ही में में बताया कि उन्हें डिशवॉशर चलाना नहीं आता। वहीं, उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें बर्तन धोना बहुत पसंद है। कैबेलो, जो किशोरावस्था में ही फिफ्थ हार्मनी का हिस्सा थीं, ने 'स्मॉलजीज सर्जरी' में कहा, 'मैंने कुछ ट्रेनें ली हैं। मेट्रो नहीं। मैं झूठ नहीं बोलूंगी, मैं उबर के लिए काली एसयूवी में सफर करती हूं। ईमानदारी से कहूं तो मैं करती हूं। फीमेलफर्स्ट.को.यूके की रिपोर्ट के अनुसार, 28 वर्षीय पॉप स्टार ने कहा कि भले ही उन्हें सार्वजनिक परिवहन से नफरत है, लेकिन उन्हें बर्तन धोना 'बहुत पसंद है'। उन्होंने कहा, 'मैं सार्वजनिक परिवहन न होने के कारण खुद को एक बेवकूफ की तरह पेश कर रही हूं, लेकिन मुझे बर्तन धोना बहुत पसंद है।



# पूरी जिंदगी काम करना चाहती हैं करीना

**मुंबई।** अभिनेत्री करीना कपूर खान ने बुधवार को अपनी फिटनेस और जिंदगी के बारे में खुलकर बात की। 44 साल की करीना ने कहा कि वह हमेशा फिट रहना चाहती हैं, ताकि बुढ़ापे में भी काम और पारिवारिक जीवन का आनंद ले सकें। करीना ने कहा कि वह किसी की मदद या बैसाखी के बिना अपनी जिंदगी जीना चाहती हैं। उन्होंने कहा, उम्र मेरे लिए बस एक नंबर है। मैं फिट रहना चाहती हूं, ताकि 70 या 75 की उम्र में भी सेट पर जा सकूं। मुझे पूरी जिंदगी काम करना है। अपने नाती-पोतियों को उठाने के लिए भी ताकत चाहिए। इसके लिए रुजुता की सलाह से सही खाना खाती हूं। करीना का मानना है कि अच्छा खाना, योगा और थोड़ी एक्सरसाइज आपको अंदर से अच्छा महसूस कराते हैं। इस पर बात करते हुए करीना ने कहा, जिंदगी और उम्र मेरे लिए यही है।



# हॉरर फिल्म 'छोरी 2' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बेटियों का जन्म हर किसी के लिए खुशखबरी नहीं होता। यह समाज का एक कड़वा सच है। इतिहास में कई ऐसी कहानियां दफन हैं, जहां बेटियों को जन्म के साथ ही मौत की नींद सुला दिया जाता। फिल्मों और धारावाहिकों में इन कहानियों को उतारने की कोशिश होती रही हैं। कुछ इसी तरह की कहानी लेकर आ रही है हॉरर फिल्म 'छोरी 2'। गुरुवार 3 अप्रैल को इसका ट्रेलर जारी हुआ है। विशाल फुरिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नुसरत भरूचा और सोहा अली खान अहम भूमिका में हैं। इसमें लैंगिक भेदभाव को दिखाया गया है। इसमें इमोशंस भी हैं और हॉरर भी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में एक महिला एक छोटी बच्ची को कहानी सुनाती है। कहती है, 'एक घंणा बड़ा राज्य था। उसका एक राजा था। एक दिन उसके घर पर छोरी का जन्म होगा।

## टीवी मसाला



# तुलसी बन फिर एक्टिंग करेंगी स्मृति ईरानी...

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी के फैंस के लिए खुशखबरी सामने आई है। क्योंकि, साल भी कभी बहू थी स्टार प्लस के सुपरहिट सीरियल्स में से एक था। सीरियल की शुरुआत साल 2000 में हुई थी और फिर आठ साल तक ये शो टीवी पर सफलतापूर्वक चला था। अब खबर है कि एकता कपूर का ये शो वापसी करने जा रहा है। शो के रिप्राइज वर्जन में स्मृति ईरानी एक बार फिर एक्टिंग करती नजर आ सकती हैं। एकता कपूर क्योंकि सास भी कभी बहू थी के रिप्राइज वर्जन की तैयारी कर रही हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो ये एक लिमिटेड सीरीज होगी, और इस पर तेजी से काम चल रहा है। स्मृति ईरानी ने अपने किरदार पर काम भी शुरू कर दिया है। मेकर्स ओपनिंग सीन को उसी तरह से शूट करने का प्लान कर रहे हैं जैसे ओरिजिनल सीरियल में था। क्योंकि सास भी कभी बहू थी में स्मृति ईरानी के साथ अमर उपाध्याय नजर आए थे। हालांकि, कुछ वक्त बाद उन्होंने शो से एग्जिट ले लिया था। इसके बाद, शो में रोनित रॉय की एंट्री हुई थी। रिपोर्ट्स की मानें तो सीरियल के रिप्राइज वर्जन में अमर उपाध्याय नजर आएंगे। अमर उपाध्याय हाल ही में डोरी 2 में नजर आए थे, मेकर्स से मनमुटाव के कारण अमर उपाध्या ने डोरी 2 छोड़ दिया है और अब वो क्योंकि सास भी कभी बहू थी की तैयारी कर रहे हैं।


## 'बिग बॉस' को टक्कर देने आ रहा ओटीटी पर नया शो 'हाउस अरेस्ट'

**नई दिल्ली।** सलमान खान होस्टेड रियलिटी शो 'बिग बॉस' की फैन फॉलोइंग काफी जबरदस्त है। वहीं, अब इस शो को टक्कर देने एक नया शो आ रहा है। ये शो ओटीटी पर आएगा। इसका नाम 'हाउस अरेस्ट' है, जिसकी खूब चर्चा हो रही है। इस शो का टीजर हाल ही में रिलीज हुआ है। अब आप सोच रहे होंगे इस शो को भला होस्ट कौन कर रहा है। तो बता दें इसे कोई और नहीं, बल्कि 'बिग बॉस' के विवादित एक्स कंटेस्टेंट एजाज खान होस्ट कर रहे हैं। 'हाउस अरेस्ट' को 'बिग बॉस' के तर्ज पर लाया गया है। वहीं, इसे 'बिग बॉस 7' सेकंड रनर-अप रहे एजाज खान होस्ट करेंगे। इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म उल्लू ऐप पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस शो में भी यूट्यूबर, इंफ्लुएंसर टीवी के कुछ जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। 'हाउस अरेस्ट' का टीजर 1 अप्रैल को रिलीज किया गया, जो काफी धमाकेदार है।



# एम्पुरान से लेकर फिराक तक, गुजरात दंगों पर आधारित हैं ये फिल्में...

*मुंबई। साउथ के स्टार पृथ्वीराज और मोहनलाल की फिल्म 'एल2: एम्पुरान' पर अभी भी विवाद जारी है। फिल्म में गुजरात दंगों की कहानी दिखाई गई है। फिल्म 27 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसके बाद लोगों ने फिल्म पर ऐतराज जताया था। विवाद के बाद फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म में 24 कट लगाए और संवाद बदले। आज हम आपको ऐसी ही फिल्मों के बारे में बताने वाले हैं जिनमें गुजरात दंगों की कहानी दिखाई गई है।*



*__द साबरमती रिपोर्ट :__ यह फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई थी। फिल्म में विक्रांत मेसी, राशि खन्ना और रिधि डोगरा अहम रोल में थीं। फिल्म का निर्देशन धीरज सरना ने किया था। फिल्म में साल 2002 में गोधरा ट्रेन अग्निकांड की कहानी और उसके बाद हुए गुजरात दंगों की कहानी दिखाई गई थी। इस फिल्म पर विवाद हुआ था।*

*__एक्सीडेंट ऑर कांस्पेरेसी; गोधरा :__ यह फिल्म साल 2024 में रिलीज हुई। फिल्म का निर्देशन एमके शिवाक्ष ने किया। फिल्म में रणवीर शौरी, मनोज जोशी और हितू कनोडिया ने अभिनय किया है। फिल्म में साल 2002 में गोधरा अग्निकांड की कहानी दिखाई गई है। इसके बाद गुजरात दंगों की कहानी दिखाई गई है।*

*__काई पो चे:__ काई पो चे फिल्म साल 2013 में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्माण अभिषेक कपूर ने किया था। फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत, राजकुमार राव, अमृता पुरी और अमित साध अहम रोल में थे। फिल्म में दिखाया है कि लोगों पर गुजरात दंगों का असर पड़ा। हालांकि, फिल्म के आखिर में इंसानियत की जीत दिखाई गई है। इस फिल्म पर विवाद हुआ था।*

*__फिराक :__ यह फिल्म साल 2008 में रिलीज हुई थी। फिल्म का लेखन और निर्देशन नंदिता दास ने किया था। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, नवाजुद्दीन सिद्दकी, परेश रावल, संजय सुरी और दीप्ति नवल ने अदाकारी की थी। इस फिल्म में भी गुजरात दंगों और उसके बाद की हालत दिखाई गई है।*

*__परजानिया :__ ये फिल्म साल 2005 में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन राहुल ढोलकिया ने किया था। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, सारिका और कोरिन नेमेक ने अहम रोल अदा किया है। इस फिल्म में एक पारसी परिवार की कहानी दिखाई गई है। गुजरात दंगों के दौरान उनका बेटा गायब हो जाता है। फिर परिवार बेटे को ढूंढ़ता है।*

# ऐश्वर्या -आराध्या बच्चन की तस्वीरों ने जीता फैंस का दिल

**मुंबई।** हाल ही में ऐश्वर्या राय बच्चन को अपने एक रिश्तेदार की शादी में देखा गया। वह बेटी आराध्या और पति अभिषेक बच्चन के साथ नजर आईं। इस शादी से ऐश्वर्या और उनके परिवार की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं। ये तस्वीरें ऐश्वर्या के फैंस को खूब पसंद आईं। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन को बेटी आराध्या के साथ एक शादी में देखा गया। यह शादी ऐश्वर्या राय के मामा के बेटे की बताई जा रही है। इस शादी से कई वीडियो और फोटो वायरल हो रहे हैं, जिन्हें ऐश्वर्या के फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। हाल ही में शादी की कुछ और तस्वीरें भी वायरल हुई हैं। इनमें ऐश्वर्या और आराध्या का लुक काफी कमाल का नजर आ रहा है। शादी की जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं, उनमें ऐश्वर्या राय और आराध्या बच्चन लाल रंग की ट्रेडिशनल ड्रेस में दिख रही हैं। दोनों ने बहुत नेचुरल मेकअप किया हुआ है। तस्वीरों में ऐश्वर्या के मामा के




परिवार के लोग भी शामिल हैं। अभिषेक ने भी सफेद शेरवानी पहनी है, वह भी तस्वीरों में नजर आ रहे हैं। ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या एक हैप्पी फैमिली की तरह तस्वीरों में दिख रहे हैं।

यह हिंदी सिनेमा की है बेहतरीन फिल्म

# 65 साल पहले आई थी एक ऐसी फिल्म, जिसकी टिकट के लिए रात में सड़कों पर सो जाते थे लोग, लगती थी 5 किमी लंबी लाइन

*__नई दिल्ली।__ हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कई क्लासिक मूवीज बनीं, लेकिन 65 साल पहले रिलीज 'मुगल-ए-आजम' का आजतक कोई तोड़ नहीं है। इसे हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक माना जाता है। के आसिफ के निर्देशन में बनी ये अपने समय की सबसे महंगी फिल्मों में से एक थी और इसके पूरे निर्माण के दौरान कई बार देरी का सामना करना पड़ा। हालांकि, ये देरी इसके लायक थी, क्योंक फिल्म तुरंत हिट हो गई। इसका क्रेज ऐसा था कि दर्शक दिलीप कुमार, पृथ्वीराज कपूर और मधुबाला की फिल्म की टिकट पाने के लिए कई दिनों तक कतार में खड़े रहते थे। हाल ही में रजा मुराद ने इस दीवानगी को लेकर खुलासा किया है। यहां बता दें कि जब साल 1960 में 'मुगल-ए-आजम' रिलीज हुई थी, तब रजा मुराद 10 साल के थे। उनके पिता हामिद अली मुराद भी इस आइकॉनिक मूवी का हिस्सा थे। उन्होंने राजा मान सिंह का किरदार निभाया था। रजा मुराद ने बताया कि फिल्म के टिकट खरीदने के लिए कतार दो दिनों तक चली और 5 किलोमीटर से ज्यादा लंबी हो गई।*



## सड़कों पर सोते थे लोग घरवाले लाते थे खाना

रजा मुराद ने कहा, 'सोमवार की एडवांस बुकिंग के लिए लोग शनिवार से ही कतार में लग गए थे। मैंने खुद भी ऐसा देखा है। लोग सड़कों पर सोते थे, उनके परिवार के सदस्य उनके लिए खाना लाते थे और वे सोमवार के शो के लिए टिकट खरीदने का इंतजार करते थे। बॉम्बे सेंट्रल से शुरू हुई कतार महालक्ष्मी तक चली गई।'

## 'नहीं बनना चाहिए ऐसी फिल्मों का रीमेक'

उन्होंने ये भी कहा कि इस तरह की फिल्म का कभी रीमेक नहीं बनाया जाना चाहिए और जो कोई भी ऐसा करने की कोशिश करेगा, वह बुरी तरह विफल होगा।



## भगवान ने मधुबाला, के आसिफ और पृथ्वीराज को मिशन पर भेजा था

वो बोले, 'मुझे लगता है कि भगवान ने मधुबाला, आसिफ और पृथ्वीराज कपूर को एक मिशन पर भेजा था। उनका मिशन 'मुगल-ए-आजम' बनाना था। फिल्म के तुरंत बाद, वे सभी भगवान के पास वापस चले गए।' बता दें कि मधुबाला, के आसिफ और पृथ्वीराज कपूर का निधन फिल्म रिलीज के 12 साल के अंदर हो गया था।

## मोनोक्रोम में हुई थी शूटिंग

'मुगल-ए-आजम' उस समय तक भारत में बनी सबसे भव्य फिल्म थी। पूरी फिल्म मोनोक्रोम में शूट की गई थी। के आसिफ ने मधुबाला के साथ 'प्यार किया तो डरना क्या' गाने को रंगीन तरीके से शूट किया था।

## दिलीप और मधुबाला का रिश्ता हुआ था खत्म

इस फिल्म की शूटिंग के दौरान ही दिलीप और मधुबाला ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया था। वे स्क्रीन पर प्रेमी-प्रेमिका की भूमिका निभा रहे थे, लेकिन एक-दूसरे से बात भी नहीं करते थे।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A successor company of CSEB) (CIN-U40108CT2003SGC015820)
**OFFICE OF EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL)** Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail:ceciviltrans.raipur @cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146

**No.-04-01/Trans./Works/ 5068** **Raipur, dtd. 27.03.2025**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-

**1. Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/142, Rfx No.-8100041624,** Annual contract for daily sweeping and cleaning of Vidyut Sewa Bhawan, other office Building & Residential Buildings located at Danganiya premises of Power Companies, Raipur; **NIT Value :-** Rs. 55.17 Lakhs **& EMD :-** Rs. 55,200/-, **Completion Period:-** 12 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl.No.- 01 is Rs. 5000/- (i/c GST)** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 28.04.2025 for Sl. No.- 01.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal.,

**SAVE ELECTRICITY**

(K.S,Manothiya)
Executive Director (Civil) CSPTCL, Raipur

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी रायपुर वनमण्डल, रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**Phone No.- (0771) 2427640, Fax :- 2427640**
**E-mail- dfo_raipur@rediffmail.com**

क्रमांक/स्था./रा/1014 रायपुर, दिनांक 02.04.2025

**-: दावा-आपत्ति की सूचना :-**

छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत वन मुख्यालय नवा रायपुर/ मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी)/ वन प्रबंधन सूचना प्रणाली/ अनुसंधान एवं विस्तार/ रायपुर वनमंडल के भारी वाहन चालक एवं हल्का वाहन चालक के रिक्त पदों हेतु सीधी भर्ती की कार्यवाही अंतर्गत आवेदित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों की जांच उपरांत पुनरीक्षित पात्र/ अपात्र सूची तैयार की गई जिसे विभागीय वेबसाईट **https://forest.cg.gov.in** में अपलोड कर दिया गया है। अतः आवेदित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी अभ्यर्थी को पात्र/ अपात्र के संबंध में किसी प्रकार की दावा-आपत्ति हो तो दिनांक 11.04.2025 तक ई-मेल आई.डी. **dfo_raipur@rediffmail.com** में e-mail कर ऑनलाईन दावा-आपत्ति कर सकते हैं। जिस हेतु दावा-आपत्ति की जा रही है उसका वैध एवं स्पष्ट दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य है। उक्त तिथि पश्चात प्राप्त होने वाले दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**वनमण्डलाधिकारी**
**रायपुर वनमण्डल, रायपुर**

G-252600072/2

# नक्सलगढ़ रायगुड़ेम में गृहमंत्री ने लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/कोंटा

नक्सलियों का कोर इलाका माने जाने वाले सुकमा जिले के ग्राम रायगुड़ेम में गुरुवार सुबह पहुंचे डिप्टी सीएम व गृहमंत्री विजय शर्मा चौपाल लगाकर ग्रामीणों से रूबरू हुए और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने नक्सल मोर्चे पर तैनात सुरक्षाबलों से चर्चा कर उनका हौंसला बढ़ाया। यह पहला मौका था जब कोई मंत्री नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले रायगुड़ेम का दौरा बाइक से करके ग्रामीणों से चर्चा की।



कोण्टा ब्लॉक के अतिसंवेदनशील क्षेत्र रायगुड़ेम के लिए यह पहला अवसर था जब आजादी के बाद कोई मंत्री इस नक्सल प्रभावित इलाके में पहुंचा। विजय शर्मा ने न केवल जवानों से मुलाकात की बल्कि ग्रामीणों से भी मुलाकात की। उनके साथ चौपाल लगा उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से यह भी पूछा कि कैसे उनकी जिंदगी में बदलाव लाया जा सकता है। सरकार उन्हें किस प्रकार की मदद कर सकती है। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए विजय शर्मा ने कहा बस्तर के लोगों तक हर सुविधाएं पहुंचाना साय व मोदी सरकार का संकल्प है।

## बस्तर पंडुम का शुभारंभ



**दंतेवाड़ा ।** राज्य शासन द्वारा बस्तर की समृद्ध जनजातीय कला एवं संस्कृति के धरोहर को पुनर्जीवित कर इसे देश और वैश्विक पटल पर रखने सहित स्थानीय जनजातीय समुदाय के लोगों को अमिट पहचान और समुचित सम्मान दिलाने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम यथा बस्तर का उत्सव का भव्य संभागीय स्तरीय कार्यक्रम आयोजन दंतेवाड़ा के हाईस्कूल मैदान में किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा और वनमंत्री केदार कश्यप ने बस्तर पंडुम के संभागीय स्तरीय कार्यक्रम का आज उद्घाटन किया।

## श्रमिक गुटों और ग्रामीणों में विवाद और चली लाठियां

**दल्लीराजहरा ।** गुरुवार की सुबह लगभग 11 बजे दल्लीराजहरा क्षेत्र में दो श्रमिक ग्रामीणों के गुटों में चला लाठी ,डंडा, लात, घूसे और और इस विवाद के चलते कोडेकसा, धोबेदंड क्षेत्र का माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया। स्थिति को नियंत्रित करने भारी संख्या में पुलिस बल बुलाना पड़ा। हालांकि राजहरा पुलिस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए मामले को शांत कराया। वहीं, दोनों पक्षों के खिलाफ में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दोनों पक्षों की ओर से 6 से अधिक लोगों के खिलाफ में मामला दर्ज किया गया। इस विवाद के पीछे एक वीडियो को भी कारण बताया जा रहा है। इस बीच बीएसपी की भारी चूक उभर कर सामने आई। बिना सुरक्षा के पैलैट प्लांट में कार्य कर रहे दिगर प्रदेश के युवक की मौत हो गई। जगन्नाथ पैलेट प्लांट में 50 फीट ऊंचाई से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई।

**कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक बालोद**
**ग्राम एवं पोस्ट- दुधली, जिला - बालोद - 491226 (छ.ग.)**
**Website :www.polybalod.ac.in**
**ईमेल: govtpolybalod@gmail.com, फोन नं. 07749299565**

क्र./302 / स्था./2025, बालोद, दिनांक 03.04.2025

**// विज्ञप्ति //**

**Walk-in-Interview for Part Time Lecturer- Chemistry**

शासकीय पॉलीटेक्निक, बालोद में निम्न विभाग/ विषय में पूर्णतः अस्थाई रूप से अंशकालीन आधार पर व्याख्याता के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक उम्मीदवारो को अपने बायोडाटा, मूल दस्तावेजों एवं 01 सेट छायाप्रतियों के साथ **वाक-इन-इन्टरव्यू** के लिए संस्था मे आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. | विषय | रिक्तिया | न्युनतम शैक्षणिक अर्हताए | साक्षात्कार तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रसायन | 01 | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्था से संबंधित विषय मे प्रथम श्रेणी मे स्नातकोत्तर उपाधि के साथ स्नातक अथवा स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम श्रेणी अथवा समकक्ष। | 07.04.2025 समय प्रातः 11.30 बजे |

अंशकालीन व्याख्याताओं को पारिश्रमिक प्रति पिरियड 800 रू./ घन्टा के दर से अधिकतम रू. 56100 प्रतिमाह देय होगा। चयन उपरान्त तत्काल कार्य भार ग्रहण करना होगा । नियुक्ति हेतु सेवा शर्ते अर्हताएं मापदण्ड एवं निर्धारित प्रपत्र संस्था की वेबसाइट **www.polybalod.ac.in** से डाउनलोड कर आवेदन कर सकते है।

**प्राचार्य**
**शासकीय पॉलिटेक्निक बालोद**

G-252600056/2

**कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास शाखा) जिला सुकमा (छ.ग.)**
**Email:-dwcdsukma01@gmail.com, टेलीफोन न. 07864-284554**

क्रमांक / 15 /मबावि./स्था. /2025-26 सुकमा, दिनांक 01/04/2025

**//अभिरूचि का प्रस्ताव सूचना//**

**निविदा जारी होने की तिथि-01-04-2025**

नीति आयोग के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन सुकमा, महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत चयनित 150 आंगनवाड़ी केंद्रों में 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के प्रारंभिक जीवन कौशल विकास एवं बाल शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए संस्थाओं के बीच सहयोगी साझेदारी के लिए ईसीसीई क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं से अभिरुचि प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। अभिरूचि प्रस्ताव दिनाँक 21.04.2025 समय 12.00 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सुकमा में जमा किया जा सकता है। इसके पश्चात 21.04.2025 अपरान्ह 03:00 बजे जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा अभिरूचि प्रस्ताव की समीक्षा तथा एक निर्धारित तिथि एवं समय पर संस्था द्वारा पावर पाइंटस प्रस्तुतीकरण और प्रदाय उपयोग की जाने वाली सामग्री के नमूनों का अवलोकन के आधार पर चयन किया जावेगा।

इस संबंध में नियम शर्ते सामग्री की सूची के तय मानकों सहित एवं धरोहर राशि तथा सुरक्षा निधि इत्यादि की जानकारी सहित अभिरूचि प्रस्ताव प्रपत्र हेतु रूपए 1000.00 विभागीय मद "0235" सामाजिक सुरक्षा और कल्याण "02" विविध आय में जमा करके चालान की प्रति प्रस्तुत कर कार्यालय से कार्यालयीन दिवसों में अभिरूचि प्रस्ताव सूचना जारी होने की तिथि से दिनाँक 18.04.2025 समय सायं 05.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

**जिला मबावि अधिकारी**
**जिला-सुकमा छ.ग.**

G-252600045/2

**राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**पुजारी पार्क के पास, पुलिस लाईन कैम्पस टिकरापारा, रायपुर**
**टेलीफोन नं. 0771-3501122, फैक्स नं. 0771-3501121,**
**ईमेल dir.sfslcg@gmail.com**

क्रमांक/ रा.न्या.वि.प्र./राय./2nd पुनर्निविदा /M-1565/2025 दिनांक 02.04.2025

**// Tender //**

राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, रायपुर (छ.ग.) के डी.एन.ए. शाखा हेतु **Chemical, Kits, Miscellaneous** सामग्री क्रय किया जाना है, जिसके लिए रेट कांट्रेक्ट करने के लिए 2nd पुनर्निविदा आमंत्रित किया जाता है :-

निविदा जारी करने की तिथि : दिनांक 04.04.2025
निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि : दिनांक 11.04.2025 सायं 02:00 बजे तक
निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 15.04.2025 दोपहर 03:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 15.04.2025 सायं 04:00 बजे

| S. No. | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 01 | Chemical, Kits and Miscellaneous items |

विस्तृत विवरण कार्यालय राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला टिकरापारा, पुजारी पार्क के पास रायपुर (छ.ग.) पिन कोड- 492001, दूरभाष (कार्यालय) 0771-3501122 कार्यालय के वेबसाईट **www.fsl.cg.nic.in** से आनलाईन आवेदन का विस्तृत जानकारी एवं निविदा फार्म प्राप्त (डाउनलोड) किया जा सकता है। निविदा फार्म **संचालक, राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला रायपुर** के नाम से किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट रू. 1000/- (एक हजार रूपये मात्र) का बनवाकर प्राप्त (डाउनलोड) किया जा सकता है।

**हेतु-संचालक**
**राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला रायपुर (छ.ग )**

G-252600055/1

**झारखण्ड सरकार**
**आदिवासी कल्याण आयुक्त का कार्यालय, झारखण्ड मंत्रालय, कल्याण कॉम्पलेक्स मोराबादी, राँची**

सं०सं०-03/छात्रावास पोषण योजना (निविदा)-01/2024- दिनांक-

**सूचना (Corrigendum)**

इस कार्यालय के पत्रांक-847, दिनांक-29.03.2025 के द्वारा छात्रावास पोशण योजना 2024 के अन्तर्गत कल्याण विभाग के अधीन छात्रावासों का संचालन/प्रबंधन हेतु गैर सरकारी संस्थाओं/ट्रस्ट/कम्पनी/स्वयं सहायता समूह (NRLM द्वारा गठित) को सूचीबद्ध करने के निमित्त इच्छा की अभिव्यक्ति प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु PR No.-349587 के द्वारा समाचार पत्रो में सूचना एवं Jharkhandtenders.gov.in पोर्टल पर दिनांक-31.03.2025 को Online निविदा Tender ID संख्या-**2025_WELFR_99920_1** प्रकाशित की गई है।

2. उक्त समाचार पत्रों में प्रकाशित सूचना एवं Online निविदा के अन्तर्गत इच्छा की अभिव्यक्ति प्रारूप में "पूर्व के प्रकाशित निविदा में जिन निविदादाताओं द्वारा EoI Fees समर्पित किया गया है वैसे निविदादाताओं को पुनः EoI Fees समर्पित करना आवश्यक नहीं है" को संशोधित करते हुए पूर्व के निविदादाताओं जिन्हें पोर्टल (JAP-IT) द्वारा Online EoI Fees की राशि वापस की गई है वैसे निविददाताओं को पुनः EoI Fees Online समर्पित करना होगा।

3. निविदा प्रारूप की शेष कंडिकाएँ यथावत् रहेगें।

**PR 349666 Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department(25-26).D**

आदिवासी कल्याण आयुक्त

## विधायक प्रतिनिधि के घर पहुंची सीबीआई

**भिलाई।** शुक्रवार को सीबीआई की टीम विधायक प्रतिनिधि के घर पहुंची और फोटोग्राफी कर लौट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक सीबीआई टीम एक मामले की जांच में खुर्सीपार स्थित राकेश उर्फ भोलू श्रीवास्तव के घर दल बल के साथ पहुंची। टीम ने बिना कोई पूछताछ किए भोलू के घर की लोकेशन और फोटोग्राफी कर चली गई है। राकेश उर्फ भोलू श्रीवास्तव भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव का नगर पालिक निगम भिलाई में प्रतिनिधि है। वह भिलाई निगम की सामान्य सभा, बजट बैठक और अन्य कार्यों में विधायक प्रतिनिधि के रूप में शामिल होता रहा है। पुलिस टीम के साथ पहुंची सीबीआई को देख कर आस पास के लोगों में हड़कंप सी मच गई। सीबीआई महादेव आनलाईन सट्टा मामले में हाल ही में भिलाई-दुर्ग के दर्जन भर से अधिक लोगों के यहां दबिश दी थी।

## शराब की अवैध बॉटलिंग आठ आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ क्षेत्र के करवारी रोड स्थित फार्म हाउस में शराब डंप कर रखने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। इस मामले की जांच पड़ताल के लिए पुलिस टीम मप्र के छिंदवाड़ा, खरगौन के लिए भी रवाना हुई है। पुलिस के अनुसार 29 मार्च को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम करवारी-लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू के फार्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब अवैध रूप से डंप कर रखा है एवं उसी शराब को शीशी में डालकर छग का लेबल व सील लगाकर पौवे के रूप में अवैध रूप से विक्रय करने की नियत से अपने फार्म हाउस में डंप कर रखा है।



**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**NATIONAL HIGHWAY DIVISION, CHAIBASA – 833201**

**Corrigendum to National Bidding / e-Procurement Notice**
**(Bid/Packag no: - NH/Chaibasa/02/2024-25 dated 17.03.2025)**
**Corrigendum-I**

Subject:- Reconstruction of Existing Pavement To Two Lane With Paved Shoulder of two **LCs RBK-24** From km 160.121 To km 161.861 and **LCs RBK-26** From km 163.768 To KM 165.568 of NH 75-E (New NH 20) under Special repair in The State of Jharkhand on EPC mode.
Reference is invited to the above mention work with **Bid/Package no no: - NH/Chaibasa/02/2024-25 dated 17.03.2025** Published on different Newspapers vide NIT PR No. 348681 west Singhbhum(24-25). In this regard, it is to inform that bid date and bid opening date modified as below:

| Sl No. | Item | As Published in NIT | As modified. |
|---|---|---|---|
| 1 | The complete BID document can be viewed / downloaded from official portal of the CPPP website https://eprocure.gov.in/eprocure/app | **03.04.2025** to **17.04.2025** (upto15:00 Hrs. IST). | **17.04.2025** to **02.05.2025** (upto15:00 Hrs. IST). |
| 2 | Submission of financial bid and Technical Bid | **17.04.2025** (upto 15:00 Hrs). | **02.05.2025** (upto 15:00 Hrs). |
| 3 | Bid opening date | **21.04.2025** (after 15:00 hours IST). | **05.05.2025** (after 15:00 hours IST). |

**Executive Engineer**
**National Highway Division, Chaibasa**
**Mob No: -6207723164 Email- eenh.chaibasa@gmail.com**

**PR.NO.349617 West Singhbhum(24-25):D**

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग कवर्धा वनमंडल, कवर्धा (छत्तीसगढ़)**

**नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कवर्धा वनमंडल कवर्धा के अंतर्गत काष्ठागार चिल्फी में एकत्रित ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा । इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-आक्शन में भाग लेवें। ई-आक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / काष्ठागार चिल्फी से प्राप्त की जा सकती है।

**नीलाम दिनांक - 09.04.2025**
**समय - 2:00 दोपहर से**

**वनोंपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है**

| प्रजाति | अनबिके काष्ठ | | |
|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| साल | 79.438 | 69 | - |
| बीजा | 5.961 | 09 | 67 |
| साजा | - | 17 | - |
| कसही | 1.203 | - | - |
| **योग :-** | **86.602** | **95** | **67** |

**टीप :-** (1) क्रेताओ को ई-आक्शन के पूर्व MSTC E-Auction portal में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है । (2)केताओ को ई-आक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है । (3) लाट की थप्पीसूची एवं फोटो MSTC E-Auction portal में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है। (4) ई-आक्शन में लॉट क्रय करने हेतु प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

**वन मंडलाधिकारी**
**कवर्धा, वनमण्डल कवर्धा**

G-252600052/3

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**-: सार्वजनिक सूचना :-**

क्र./858/भू-अर्जन/ अ / 82 / वर्ष 2022-23 बलौदाबाजार, दिनांक 24.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के तहत घोघरा एनीकट (औद्योगिक) तटबंध एवं पहुंच मार्ग निर्माण हेतु ग्राम सिलवा प.ह.नं. 25 तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर (छ.ग.) के पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है।

| स. क्र. | भू-स्वामी का नाम | खसरा नं. | कुल रकबा | अर्जित रकबा | भूमि का किस्त |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगवती पिता पुनीतराम जाति तेली | 464/2 | 0.304 | 0.045 | पड़त |
| 2 | प्राची एग्रीकल्चर एंड प्रा.लि. डाय. सुभाष जैन पिता बी.सी.जैन, मु. संदीप जैन पिता विजय जैन | 464/3 | 0.303 | 0.093 | पड़त |
| 3 | भगवान सिंह, सरोजनी बाई, लीला कुमारी, सरोज पिता कल्याण, इतवारा बाई बेवा कल्याण जाति गोंड़ | 463/1 | 0.114 | 0.057 | पड़त |
| 4 | शंकर पिता मंशाराम जाति गोंड़ | 463/2 | 0.115 | 0.069 | पड़त |
| 5 | पुनीत पिता तिहारू जाति केंवट | 460 | 0.421 | 0.239 | पड़त |
| 6 | कपूरसिंग पिता सोमनाथ जाति गोंड़ | 458/1<br>458/4 | 0.210<br>0.251 | 0.077<br>0.093 | पड़त |
| 7 | शारडा एनर्जी एण्ड मि.लि. डाय. जी.के. छगानी पिता एस.के. छगानी, आ.मु. सुभाष जैन पिता बी. सी. जैन | 457 | 0.283 | 0.032 | पड़त |
| | **योग :-** | **08** | **2.001** | **0.705** | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आधार सहित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/भू-अर्जन अधिकारी, भाटापारा के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उसके पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**कलेक्टर**
**बलौदाबाजार -भाटापारा (छ.ग.)**

G-252600040/1

**Govt. of Jharkhand**
**Directorate of Sports & Youth Affairs**
**(Department of Tourism, Art Culture, Sports & Youth Affairs)**
Gate No. 28, Birsa Munda Football Stadium, Morabadi, Ranchi - 834008
E-mail Id - directorsportsjharkhand@gmail.com

**Corrigendum – 3**
**(NIT No. 10/2024-25 Dated 07.02.2025)**

**Sub:** Corrigendum No. 3 to the above referred NIT No.: 10/2024 dated 7th February 2025 (PR No. 346087 Dated: 07.02.2025, Corrigendum No. 1 PR No. 346900 Dated: 21.02.2025 & Corrigendum No. 2 PR No. 347942 Dated: 06.03.2025) against the RFP of Rate contract for supply of Sports and Generic Kits.

**The following changes are incorporated to the RFP:**

| S.N. | RFP Clause Reference | Existing Clause | To be Read as |
|---|---|---|---|
| 1 | IFB (Page 2) Last date and time for physical submission of Tender, Original Demand Draft towards cost of bid document, Earnest Money and Samples/Catalogue | Up to 11.30 AM on 3rd April 2025 | Last date and time for physical submission of Tender, Earnest Money and Samples/Catalogue Up to 11.30 AM on 8th April 2025 |
| 2 | IFB (Page 2) Date and time for opening of Tender Part -I (Technical Bid) | At 02.30 PM on 3rd April 2025 | At 02.00 PM on 8th April 2025 |
| 3 | Section -III (Eligibility Criteria) S. No 5 The bidder must not have been bankrupt or insolvent | The bidder shall provide a solvency certificate INR 4Cr. | The bidder shall provide a solvency certificate Minimum of INR 3Cr. |
| 4 | Section -III (A) S. No 11 | Original DD/Bank Guarantee for EMD (Rs. 10,00,000.00) | Original DD/Bank Guarantee for EMD (Rs. 8,00,000.00) |
| 5 | Section III (Eligibility Criteria), Sr. No 10 | Character certificate certified and issued by any Deputy Commissioner or Sub Divisional Magistrate | Character certificate of bidder or its Power of Attorney holder issued by any Deputy Commissioner/ Superintendent of Police/ Sub Divisional Magistrate |

**Note:**
1. Comprehensive information regarding the corrigendum is available on website – **sports.jharkhand.gov.in**
2. All other terms and conditions mentioned in tender document will remain unchanged.

**Sd/-**
**Director**
**Directorate of Sports & Youth Affairs**
**Jharkhand, Ranchi**

PR 349622 Art Culture Sports and Youth Affairs (25-26)_D

## जेल में बंदियों से मारपीट शासन ने दी जानकारी



**बिलासपुर।** हाईकोर्ट में गुरुवार को सारंगढ़ जेल में बंदियों से हुई मारपीट के मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इसमें शासन ने बताया कि 6 दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। दो लोगों का प्रकरण अभी लंबित है जबकि एक के मामले में स्टेट पीएससी से अनुमति मांगी गई है। इस मामले में अगली सुनवाई मई माह में रखी गई है। करीब डेढ़ महिने पहले सारंगढ़ उप जेल के जेलर और प्रहरियों की मारपीट से कई बंदियों के घायल होने और उनमें से कुछ को अस्पताल में दाखिल होने की खबर को संज्ञान में लेते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जनहित याचिका दर्ज की थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच में हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के निर्देश पर जेल महानिदेशक की ओर से जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी।

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग, सामान्य वनमण्डल दुर्ग**

**पुलगांव डिपो का ई-ऑक्शन का संक्षिप्त विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि दुर्ग वनमण्डल के अधिनस्थ शासकीय उपभोक्ता डिपो पुलगांव, अण्डा, पाटन, ऊतई, वन परिसर कुम्हारी, बेमेतरा, एवं अन्य डिपो में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ एवं बल्ली का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/संबंधित परिक्षेत्र कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ई-ऑक्शन में रखे जाने वाले अनुमानित मात्रा :-

ई- नीलाम तिथि - 08/04/2025
समय - दोपहर 2:00 बजे

| अविक्रित काष्ठ/जलाऊ चट्टा | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| परिक्षेत्र | डिपो | प्रजाति | लट्ठा (घ.मी.) | चिरान घ.मी. | बल्ली/ डेंगरी नग | जलाऊ च. |
| दुर्ग | पुलगांव | सागौन लट्ठा/बल्ली / डेंगरी | 309.240 | - | 13854/6357 | - |
| -,,- | -,,- | मुण्डी / आम लट्ठा | 6.163 | - | - | - |
| -,,- | सुपेला | सागौन लट्ठा | 0.358 | - | - | - |
| -,,- | पाटन | सागौन लट्ठा, डे./साल, कहुआ चिरान | 3.226 | 2.933 | /163 | - |
| -,,- | उतई | मिश्रित जलाऊ | 0 | - | - | 20 |
| धमधा | व.प. कुम्हारी | सागौन लट्ठा, डेंगरी/कहुआ अन्य चिरान/मिश्रित ज. | 3.582 | 1.256 | /22 | 0.05 |
| बेमेतरा | बेमेतरा | सागौन लट्ठा/मिश्रित जलाऊ | 36.743 | - | - | 9 |
| साजा | बेरला | सागौन लट्ठा/चिरान | 0.076 | 0.312 | - | - |
| | | **योग :-** | **359.388** | **4.501** | **13854/6542** | **29.5** |

टीप :-
(1) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
(2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है।।
(4) ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओ द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।
(5) सफल क्रेताओं को अपना पूर्ण पता, मो.नं., पैन कार्ड एवं GST की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**फोन नं. 75870-13100, ई-मेल:** dfodurg@gmail.com

**वनमण्डलाधिकारी दुर्ग**
**वनमण्डल, दुर्ग (छ.ग.)**

G-252600034/2

**कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़**
**स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नार्थ-ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. 492002**

**क्रमांक / 3283 / छात्र / काउंसिलिंग / संचिशि / 2025 रायपुर, दिनांक 02/04/2025**

**फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट (FMG) अभ्यर्थियों हेतु इंटर्नशिप काउंसिलिंग प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण सूचना**

फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट (FMG ) अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में इंटर्नशिप हेतु काउंसिलिंग प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने Foreign Medical Graduate Screening Test परिक्षा उत्तीर्ण कर ली है और छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में इंटर्नशिप करना चाहते हैं, वे निम्न समय-सारणी के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पात्र अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरते समय निर्धारित ऑनलाईन आवेदन शुल्क के साथ प्रोसेसिंग शुल्क भी जमा करना अनिवार्य होगा।

**शुल्क :-**

| शुल्क विवरण | छ.ग. राज्य के मूल निवासियों हेतु | राज्य के बाहर के निवासियों हेतु |
|---|---|---|
| ऑनलाईन आवेदन शुल्क | रू.1000/- (रूपये एक हजार मात्र) | रू.1000/- (रूपये एक हजार मात्र) |
| प्रोसेसिंग शुल्क | रू.10,000/- (रूपये दस हजार मात्र) | रू.25,000/- (रूपये पच्चीस हजार मात्र) |
| कुल शुल्क | रू.11,000/- (रूपये ग्यारह हजार मात्र) | रू.26,000/- (रूपये छब्बीस हजार मात्र) |

**समय-सारिणी :-**

| क्र. | प्रक्रिया का विवरण | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन - प्रारंभ तिथि | दिनांक 04 अप्रैल 2025 समय (Server Time) 11.00 Hrs. (11:00 AM) से |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन- अंतिम तिथि | दिनांक 14 अप्रैल 2025 समय (Server Time) 23.59 Hrs. (11:59 PM) तक |
| 3 | च्वाइस फिलिंग एवं लॉकिंग (Choice Filling and Locking) | दिनांक 14 अप्रैल 2025 समय (Server Time) 23.59 Hrs. (11:59 PM) तक |

**महत्वपूर्ण निर्देश:-**

1. केवल वे अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र होंगे जिनके पास NMC द्वारा जारी FMG स्क्रीनिंग टेस्ट उत्तीर्ण प्रमाणपत्र / स्कोर कार्ड है।
2. ऑनलाईन आवेदन के समय अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज आवेदन फार्म के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा ।
   - FMG प्रमाणपत्र / स्क्रीनिंग टेस्ट स्कोर कार्ड
   - छत्तीसगढ़ राज्य मूलनिवासी प्रमाणपत्र (यदि छ.ग. राज्य के मूल निवासी हो तो)
   - मूल शपथ पत्र (Notarized Affidavit )
3. भुगतान केवल (i) क्यूआर कोड आधारित यूपीआई और (ii) बैंक ट्रांसफर के माध्यम से ही किया जा सकता है। भुगतान करने के पश्चात अभ्यर्थियों को फॉर्म में ट्रांजेक्शन का विवरण भरना अनिवार्य होगा। एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी स्थिति में वापिस नहीं किया जाएगा, चाहे अभ्यर्थी आवंटित इंटर्नशिप कार्यक्रम में शामिल हों या नहीं ।
4. काउंसिलिंग की समस्त प्रक्रिया ( पंजीयन राशि भुगतान, संस्था चयन) अभ्यर्थी द्वारा स्वंय किया जाता है, इसलिए अपूर्ण अथवा गलत जानकारी प्रदाय करने की स्थिति में अगर अभ्यर्थी का पंजीयन अथवा आबंटन निरस्त किया जाता है, तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी केवल अभ्यर्थी की होगी। यह कार्यालय अथवा काउंसिलिंग समिति किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा ।

अभ्यर्थी फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट (FMG) इंटर्नशिप काउंसिलिंग प्रक्रिया की समय-सारिणी, आबंटन एवं अन्य जानकारी हेतु संचालनालय की वेबसाईट www.cgdme.in का अवलोकन करें।

**(आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा अनुमोदित)**

**अध्यक्ष,**
**काउंसिलिंग समिति,**
**संचालनालय चिकित्सा शिक्षा. छ.ग.**

G-252600050/2

**State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh**
**Shankar Nagar, Raipur**
**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर**
**Teleph Telephone-0771-2443596, Fax-0771-2443496, Website: www.scert.cg.gov.in, Email: scertcg@gmail.com**

क्र./ स्टोर/परिषद/साफ-सफाई / निविदा/2024-25/1164 रायपुर, दिनांक 02/04/2025

**// साफ-सफाई कार्य हेतु निविदा आमंत्रण//**

एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर (छ.ग.) में साफ-सफाई कार्य के लिए वर्ष 2025-26 हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा प्रपत्र की बिक्री / जमा करने / खोले जाने की तिथि एवं समय निम्नानुसार है :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 05 मई-2025 | समय-02:00 बजे तक |
| 2. | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 05 मई-2025 | समय-03:00 बजे से |
| 3. | स्थान | एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर | |

निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 1000/- (अक्षरी रूपये एक हजार) है। डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक के माध्यम से देय होगा। यह राशि वापसी योग्य नहीं होगी। टेण्डर फार्म परिषद के वेबसाइट https://scert.cg.gov.in पर उपलब्ध है जहाँ से डाउनलोड कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

**(दिव्या उमेश मिश्रा) IAS**
**संचालक**
**एस.सी.ई.आर.टी.छ.ग. रायपुर**

S-43438/2

**खबर संक्षेप**

## बजाज ऑटो की बिक्री में एक फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो की मार्च में निर्यात सहित कुल वाहन बिक्री सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़कर 3,69,823 इकाई हो गई। मार्च 2024 में उसने 3,65,904 वाहन बेचे थे। कंपनी ने बृहस्पतिवार पिछले महीने कुल घरेलू बिक्री 2,21,474 इकाई पर स्थिर रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 2,20,393 इकाई थी।

## फोर्टिस हेल्थकेयर ने 200 करोड़ में पाया ट्रेडमार्क




**नई दिल्ली।** उसने 200 करोड़ रुपये की बोली लगाकर नीलामी के जरिये फोर्टिस ट्रेडमार्क हासिल किया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 29 अक्टूबर, 2024 के आदेश के जरिये सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से 'फोर्टिस'' ट्रेडमार्क और संबद्ध चिह्नों की बिक्री का आदेश दिया था। यह आदेश उच्चतम न्यायालय के 22 सितंबर, 2022 के फैसले के अनुसार था।

## हीरो मोटोकॉर्प की मार्च में बिक्री 12 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की मार्च में कुल बिक्री सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 5,49,604 इकाई हो गई। कंपनी ने मार्च, 2024 में 4,90,415 वाहन बेचे थे। हीरो मोटोकॉर्प ने बयान में कहा कि घरेलू बाजार में उसकी थोक बिक्री मार्च में 5,10,086 इकाई रही जो मार्च, 2024 के 4,59,257 इकाई के आंकड़े से 11 प्रतिशत अधिक है।

## सेबी ने एचडीएफसी बैंक को दिया चेतावनी पत्र




**नई दिल्ली।** सेबी ने एचडीएफसी बैंक को नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने को लेकर चेतावनी पत्र जारी किया। बैंक के कामकाज के समय-समय पर होने वाले निरीक्षण के बाद, सेबी ने कुछ नियामकीय दिशानिर्देशों का कथित तौर पर अनुपालन नहीं करने के लिए एक प्रशासनिक चेतावनी पत्र जारी किया है।

## विपुल के राइट्स इश्यू को 180 फीसदी अभिदान




**नई दिल्ली।** विशेष रसायन कंपनी विपुल ऑर्गेनिक्स के राइट्स इश्यू को अंतिम दिन बुधवार तक 180 प्रतिशत अभिदान मिला है। कंपनी का राइट्स इश्यू 21 मार्च को खुला था। राइट्स इश्यू में 10 रुपये अंकित मूल्य के 44,37,291 शेयर 46 रुपये प्रति शेयर (36 रुपये प्रति शेयर प्रीमियम सहित) की दर से पेश किए गए, जिनकी कुल कीमत 2041.15 लाख रुपये थी।

## पीएनबी की ऋण वृद्धि मार्च तिमाही में 13.6 प्रतिशत




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने कहा कि उसने मार्च तिमाही में 13.6 प्रतिशत की ऋण वृद्धि दर्ज की है। इस दौरान उसका ऋण बढ़कर 11.17 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पीएनबी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि 31 मार्च, 2024 के अंत में उसका कुल अग्रिम 9.83 लाख करोड़ रुपये था। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के अंत में बैंक की कुल जमा 13.69 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 14.3 प्रतिशत बढ़कर 15.65 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

# भरना है इनकम टैक्स तो पहले जान लें क्या है आईटीआर का नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


- आईटीआर प्रक्रिया में सही इनकम टैक्स रिटर्न फार्म की पहचान करना जरूरी

आयकर रिटर्न ( आईटीआर ) दाखिल करने का समय आ गया है। हर साल की तरह, सैलरीड कर्मचारी सहित सभी टैक्सपेयर वर्तमान में उपलब्ध सात आईटीआर फॉर्म में से किसी एक का इस्तेमाल करके अपना टैक्स रिटर्न दाखिल कर सकेंगे। अभी के समय में, विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर टैक्स देने वालों के लिए 7 आईटीआर फॉर्म उपलब्ध हैं। आईटीआर फाइलिंग प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा सही आईटीआर फॉर्म की पहचान करना जरूरी है। आपकी आय के लिए कौन सा इनकम टैक्स रिटर्न फॉर्म सही है। इस खबर के माध्यम से बता रहे हैं कि आईटीआर फॉर्म भरते समय आपको कौन सा फॉर्म सलेक्ट करना है।

### सात आईटीआर फार्म में से किसी एक का उपयोग करते हैं

### आईटीआर 1 दाखिल करने के लिए कौन पात्र नहीं है?

आईटीआर-1 फॉर्म का इस्तेमाल वह व्यक्ति नहीं कर सकता जिसकी भारत से बाहर संपत्ति है या जो विदेश से आय अर्जित कर रहा है। साथ ही, जिन व्यक्तियों की वार्षिक आय 50 लाख रुपए से अधिक है, वे इस फॉर्म का इस्तेमाल नहीं कर सकते। कृषि से 5,000 रुपए से अधिक की वार्षिक आय वाले लोगों को आईटीआर 1 दाखिल करने की अनुमति नहीं है।




*आईटीआर 2 कौन दाखिल कर सकता है? :* आईटीआर 2 फॉर्म ऐसे व्यक्ति या एचयूएफ भर सकते हैं जिनकी आय व्यवसाय या किसी पेशे से होने वाले लाभ या लाभ के आइटम में नहीं है। एक वित्तीय वर्ष में 50 लाख रुपए से अधिक आय वाले व्यक्तियों और एचयूएफ को यह फॉर्म भरना चाहिए।

*आईटीआर 2 दाखिल करने के लिए कौन पात्र नहीं है? :* वो व्यक्ति या एचयूएफ, जिनकी साल की कुल आय में व्यापार या पेशे से प्राप्त लाभ है, वे आईटीआर 2 दाखिल नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा, वे टैक्स देने वाले लोग जिनकी आय ब्याज, वेतन, बोनस आदि से होती है। वे जो साझेदारी फर्म से कमीशन या पारिश्रमिक से आय अर्जित करते हैं, वे आईटीआर 2 दाखिल नहीं करेंगे।

*सरकार ने आईटीआर 2 फॉर्म में क्या बदलाव किए हैं? :* नया अपडेट 25 मार्च 2025 को लांच किया गया था। यह धारा 139 (8ए) के तहत संशोधित रिटर्न दाखिल करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे व्यक्ति आवश्यकता पड़ने पर अपने रिटर्न में सुधार कर सकते हैं। इससे सैलरीड कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और अन्य गैर-व्यावसायिक करदाताओं को रिटर्न दाखिल करना आसान हो जाता है।

### आईटीआर फॉर्म क्या है?

इनकम टैक्स रिटर्न यानी आईटीआर एक प्रकार का फॉर्म होता है, जिसमें आपकी इनकम की सभी जानकारी भरी होती है। इस फॉर्म का इस्तेमाल औसत सैलरीड कर्मचारियों या निवासियों द्वारा किया जा सकता है जिनकी कुल आय वेतन/पेंशन, एक मकान संपत्ति और अन्य स्त्रोतों से 50 लाख रुपए तक है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 27 फीसदी जवाबी शुल्क लगाया

# भारत के झींगा, कालीन और स्वर्ण आभूषण क्षेत्र पर अमेरिकी शुल्क का सबसे ज्यादा असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी व्यापार घाटे को कम करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक नई शुल्क नीति की घोषणा की। घोषणा में सभी आयातित वस्तुओं पर एक सार्वभौमिक 10 प्रतिशत शुल्क शामिल है, जो पांच अप्रैल से प्रभावी होगा। वहीं नौ अप्रैल से 27 प्रतिशत का शुल्क लागू होगा।


### शुल्क से 60 से अधिक देश प्रभावित

अमेरिका द्वारा घोषित उपायों से 60 से अधिक देश प्रभावित हो रहे हैं। अमेरिका घरेलू झींगा मछली उद्योग का सबसे बड़ा बाजार है। अधिक शुल्क के कारण अब झींगा मछली, अमेरिकी बाजार में काफी कम प्रतिस्पर्धी रह जाएगी। अमेरिका ने पहले से ही भारतीय झींगा पर डंपिंग-रोधी और प्रतिपूरक शुल्क लगा रखा है। भारत के कुल झींगा निर्यात में से 40 प्रतिशत अमेरिका को भेजा जाता है।

### भारत के प्रमुख प्रतिस्पर्धी इक्वाडोर व इंडोनेशिया

अमेरिकी बाजार में घरेलू निर्यातकों के प्रमुख प्रतिस्पर्धी इक्वाडोर और इंडोनेशिया हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जमे हुए झींगा का निर्यात 7,16,004 टन था। पिछले वित्त वर्ष में अमेरिका ने 2,97,571 टन आयात किया, उसके बाद चीन (1,48,483 टन), यूरोपीय संघ (89,697 टन) और जापान (35,906 टन) का स्थान रहा।

*भारत के झींगा मछली, कालीन, चिकित्सा उपकरण और स्वर्ण आभूषण जैसे निर्यात क्षेत्रों पर अमेरिका द्वारा बुधवार को घोषित 27 प्रतिशत शुल्क का असर देखने को मिलेगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। हालांकि, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा और फार्मा जैसे निर्यात क्षेत्र अमेरिका में अपने प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले थोड़ी बेहतर स्थिति रहेंगे।*





- भारत अमेरिका में प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले बेहतर स्थिति में
- अमेरिकी व्यापार घाटे को कम करने लगाया गया शुल्क
- घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने नई शुल्क नीति घोषित की गई

### अमेरिका भारत से कालीन का सबसे बड़ा आयातक

अमेरिका को ब्लैक टाइगर झींगा का निर्यात मात्रा के लिहाज से 35.37 प्रतिशत और मूल्य के लिहाज से 32.35 प्रतिशत बढ़ा है। इसी तरह, अमेरिका भारत से कालीन का सबसे बड़ा आयातक है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह करीब दो अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-2024 में, भारत ने वैश्विक स्तर पर 32.85 अरब डॉलर के रत्न और आभूषण निर्यात किए, जिसमें अमेरिका का हिस्सा 30.28 प्रतिशत (10 अरब डॉलर) था।

*भारत ने 11.88 अरब डॉलर के हीरे, सोने व चांदी का किया निर्यात : वर्ष 2024 में, भारत ने 11.88 अरब डॉलर के हीरे, सोने और चांदी का निर्यात किया। इसमें 13.32 प्रतिशत का शुल्क अंतर है। देश तराशे और पॉलिश किए गए हीरे, जड़े हुए सोने के आभूषण, सादे सोने के आभूषण, प्रयोगशाला में तैयार किये गए हीरे और चांदी के आभूषणों सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात करता है। अमेरिका भारत के सबसे बड़े आभूषण निर्यात बाजारों में से एक है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 30 प्रतिशत है।''*

### चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में चुनौतियां पैदा हो सकती है

एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री (एआईएमईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका को चिकित्सा उपकरण निर्यात पर 27 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने से इस क्षेत्र की वृद्धि के लिए चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में, भारत का अमेरिका को चिकित्सा उपकरण निर्यात 71 करोड़ 43.8 लाख डॉलर का था, जबकि अमेरिका से भारत में आयात काफी अधिक 1.52 अरब डॉलर का था।

### भारत के प्रतिस्पर्धी देशों पर उच्च शुल्क लगाया गया

सकारात्मक पक्ष यह है कि भारत के लिए शुल्क में भारी वृद्धि के बावजूद, यह प्रथम दृष्टया परिधान क्षेत्र के लिए भारत के लिए लाभ का मामला प्रतीत होता है, क्योंकि भारत के प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों जैसे चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, कंबोडिया और श्रीलंका पर अमेरिका द्वारा उच्च शुल्क लगाया गया है।

# सोना 94,350 रुपए के नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- चांदी 1,000 रुपए टूटी
- सोने में 200 रुपए की तेजी

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की सतत लिवाली के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 94,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 94,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये बढ़कर 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। हालांकि, चांदी की कीमत बुधवार के बंद स्तर 1,01,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,000 रुपये टूटकर 1,00,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। एलकेपी सिक्योरिटीज में उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जिंस और मुद्रा जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''जवाबी शुल्क के प्रभाव से सुबह के सत्र में सोने में शुरुआती तेजी देखी गई, लेकिन जल्द ही कीमतों में मुनाफावसूली का दौर शुरू हो गया।'' अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 43.39 डॉलर या 1.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,089.64 डॉलर प्रति औंस रह गया। बुधवार को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 60 से अधिक देशों पर शुल्क लगाने की घोषणा के बाद यह 3,167.71 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप के शुल्क निर्णय के बाद जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ने से सोना 3,167 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया।

### बाजार का ध्यान बेरोजगारी व पीएमआई आंकड़ों पर

अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा कि इसके अलावा, बाजार का ध्यान साप्ताहिक अमेरिकी बेरोजगारी दावों और बृहस्पतिवार को देर से जारी होने वाले सेवा पीएमआई आंकड़ों पर रहेगा, जो बढ़ते व्यापार तनाव के बीच अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती के बारे में और जानकारी दे सकते हैं।

# ट्रंप की शुल्क घोषणा से सेंसेक्स 322 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- आईटी शेयरों में रही भारी बिकवाली
- वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से बाजार में रहा नुकसान

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 322 अंक टूट गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत समेत 60 देशों पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा के बाद सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में बिकवाली तथा वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 322.08 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,295.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 809.89 अंक तक लुढ़क गया था। हालांकि, बाद में औषधि शेयरों में तेजी से बाजार नुकसान की कुछ हद तक भरपाई करने में सफल रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 82.25 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,250.10 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी एक समय 186.55 अंक तक लुढ़क गया था। भारत उच्च आयात शुल्क वसूलता है, ऐसे में अब देश के व्यापार घाटे को कम करने और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाना जरूरी था।

### इन शेयरों में रहा नुकसान

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल और मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा स्टील के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट आई।

### ये शेयर रहे लाभ में

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावरग्रिड, सन फार्मास्युटिकल्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया, टाइटन, इंडसइंड बैंक और एक्सिस बैंक शामिल है।

### रिलायंस आंध्र प्रदेश में सीबीजी संयंत्र लगाएगी...




**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा है कि वह आंध्र प्रदेश में 500 'कॉम्प्रेस्ड बायोगैस' संयंत्र स्थापित करने में 65,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इनमें से पहले संयंत्र का शिलान्यास हो चुका है। कंपनी ने बयान में कहा कि आंध्र प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री नारा लोकेश ने राज्य के प्रकाशम जिले के कनिगिरी में पहले रिलायंस कॉम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र की आधारशिला रखी। रिलायंस ने कहा, ''यह परियोजना 139 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश के साथ विकसित की जा रही है। यह आंध्र प्रदेश के लिए 65,000 करोड़ रुपये के कुल पूंजी व्यय से 500 संयंत्र लगाने की दिशा में पहला संयंत्र है। संयंत्र को नवीन प्रौद्योगिकी के साथ विकसित किया जाएगा और इसमें बायोगैस का उत्पादन करने के लिए बंजर और बेकार जमीन पर उगाई जाने वाली नेपियर यानी लंबी घास (हाथी घास) का उपयोग किया जाएगा।

# रुपया शुरुआती नुकसान से उबरा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- 22 पैसे चढ़कर 85 .30 प्रति डॉलर
- विश्व की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर हुआ कमजोर

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया अपने शुरुआती नुकसान से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 22 पैसे के उछाल के साथ 85.30 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। ऐसा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा करीब 60 देशों पर जवाबी शुल्क लगाने के बाद विश्व की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर होने के कारण हुआ। शुरुआती कारोबार में घरेलू मुद्रा को झाटका लगा लेकिन जल्द ही इसने अपनी खोई जमीन फिर हासिल कर ली और दिन का अंत में यह सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ। अमेरिका ने भारत पर 27 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा करते हुए कहा कि भारत, अमेरिकी वस्तुओं पर उच्च आयात शुल्क लगाता है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि भारत अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में बेहतर स्थिति में है।

# ओला इलेक्ट्रिक की उसी दिन पंजीकरण व डिलीवरी सुविधा

- पंजीकृत वाहनों पर कुछ ही घंटों में घर जा सकते हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



ओला इलेक्ट्रिक ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने वाहनों के उसी दिन पंजीकरण और डिलिवरी की पहल शुरू की है। बेंगलुरू स्थित फर्म ने बयान में कहा, ''हाइपरडिलिवरी का प्रायोगिक दौर, बेंगलुरु में शुरू हुआ है और इस तिमाही के दौरान चरणबद्ध तरीके से पूरे भारत में इसका विस्तार किया जाएगा।''

ग्राहक अब अपनी खरीदारी ऑनलाइन या ओला इलेक्ट्रिक स्टोर पर पूरी कर सकते हैं और अपने पूरी तरह से पंजीकृत वाहनों पर कुछ ही घंटों में घर जा सकते हैं। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा, ''हमने एआई-आधारित स्वचालन के माध्यम से और पंजीकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से आंतरिक करके वाहनों के पंजीकरण के प्रसंस्करण समय में काफी कमी की है।' प्रवक्ता ने कहा, ''इसके साथ हम अपने ग्राहकों के लिए बहुत ही सहज खरीदारी अनुभव सुनिश्चित कर रहे हैं, थकाऊ खरीद प्रक्रियाओं और लंबी डिलिवरी समयसीमा को खत्म कर रहे हैं।''

# रोजबे ग्रीन्स एक्सटेंशन में नव महोत्सव

- 4-6 अप्रैल तक 2 .50 लाख तक की छूट



**रायपुर।** कचना रोड, पिरदा चौक के पास स्थित रोजबे ग्रीन्स एक्सटेंशन प्रोजेक्ट को शानदार रिस्पांस मिल रहा है। यह प्रीमियम प्लॉट प्रोजेक्ट, अपनी आधुनिक सुविधाओं और शानदार लोकेशन के कारण घर खरीदारों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अब नवरात्रि के शुभ अवसर पर श्री स्वास्तिक ग्रुप की ओर से 4-6 अप्रैल तक 'नव महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ग्राहकों को 2.50 लाख तक की विशेष छूट मिलेगी। श्री स्वास्तिक ग्रुप के डायरेक्टर सुनील साहू ने बताया कि यह क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है और इस क्षेत्र में प्लॉट व मकानों की मांग लगातार बढ़ रही है। रोजबे ग्रीन्स एक्सटेंशन एक 16.50 एकड़ में फैला हुआ रेरा-रजिस्टर्ड आवासीय प्रोजेक्ट है, जिसमें लगभग 310 प्लॉट्स उपलब्ध हैं। प्लॉट्स विभिन्न साइज में उपलब्ध हैं, जिसमें 600, 1300, 1400, 1500, 1600 और 1800 वर्गफुट के प्लॉट शामिल हैं।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस प्रोजेक्ट

यह प्रोजेक्ट अपने प्रीमियम एमिनिटीज के लिए जाना जा रहा है। इसमें क्लब हाउस जिसमें मल्टीपर्पस हॉल, योगा जोन, जिम, स्वीमिंग पुल, किडस प्ले एरिया, इंडोर गेम्स एरिया, गेस्ट रूम, आदि सुविधाएं है, इसके अलावा एम्पी थियेटर, टेनिस कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, वॉकिंग/जॉगिंग ट्रेक, मंदिर, लैण्ड स्कैप गार्डन आउटडोर गेम्स है। साथ ही मूलभूत सुविधाएं जैसे भव्य प्रवेश द्वार, आरसीसी युक्त पक्की सड़क, स्ट्रीट लाइट, कवर्ड ड्रेनेज, सिवरेज, वाटर सप्लाई लाइन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, बाउण्ड्रीवाल, वाटरटैंक, एस.टी.पी. प्लांट, गार्ड रूम जैसी तमाम सुविधाएं उपलब्ध है। इस प्रोजेक्ट में ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैंक फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे इच्छुक खरीदार आसानी से अपना घर या प्लॉट खरीद सकते हैं।

## अनिवार्य सुरक्षा मानदंड़ों को पूरा करना जरूरी है कंपनियों को

# बढ़ती लागत की वजह से दाम बढ़ा रही कार कंपनियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सभी संस्करणों में छह एयरबैग जैसी सुविधा लागू की गई

अनिवार्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए कच्चे माल की बढ़ती लागत के साथ-साथ सभी संस्करणों में छह एयरबैग जैसी सुविधाओं के लिए उपभोक्ताओं की बढ़ती पसंद के कारण कार विनिर्माता सुस्त मांग के बावजूद कीमतों में बढ़ोतरी कर रहे हैं।

उद्योग जगत के दिग्गजों ने यह बात कही है। अग्रणी ब्रांड मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को आठ अप्रैल से विभिन्न मॉडल की कीमतों में 2,500-62,000 रुपये तक की वृद्धि करने की घोषणा की है। इस साल यह उसकी दूसरी वृद्धि है। मारुति सुजुकी इंडिया ने इससे पहले एक फरवरी से विभिन्न मॉडल की कीमतों में 32,500 रुपये तक की वृद्धि की थी।

### कच्चे माल की लागत में वृद्धि भी बड़ा कारण

बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विक्रम पावाह ने कहा, "हम हर तिमाही में इसकी समीक्षा करते हैं और विनिमय दर तथा कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण हम कीमतों में संशोधन करते हैं। हमने अप्रैल में भी कुछ विशेष मॉडल पर तीन प्रतिशत तक की मामूली मूल्यवृद्धि की थी।"



*सीट बेल्ट व पीछे की सीटों को मजबूत किया गया : उद्योग के जानकारों के अनुसार, 3-पॉइंट ईएलआर सीट बेल्ट और सामान रखने के लिए पीछे की सीटों को मजबूत बनाने जैसी सुरक्षा आवश्यकताओं के कारण भारत में यात्री वाहनों की लागत बढ़ गई है। उद्योग के एक अधिकारी ने कहा, "इसके अलावा, विभिन्न संस्करणों में छह एयरबैग जैसे अधिक सुरक्षा खूबियों की उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग के कारण भी इसकी लागत बढ़ गई है।"*

*वृद्धि एक से दो फीसदी के दायरे में रहेगी : कीमतों में बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब उद्योग में बिक्री में सुस्ती देखी जा रही है और चालू वित्त वर्ष (2025-26) में वृद्धि एक से दो प्रतिशत के दायरे में रहने का अनुमान है।*

### सुस्ती के बावजूद कीमतें बढ़ाई गई

इसी तरह, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने इस महीने से चुनिंदा मॉडल पर तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। हुंडई, टाटा मोटर्स, किआ इंडिया और होंडा कार्स ने भी अप्रैल से वाहनों की कीमतें बढ़ाने की योजना की घोषणा की है। पूरे यात्री वाहन बाजार में सुस्ती के बावजूद कीमतों में वृद्धि करने के सवाल पर मारुति सुजुकी इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, "कीमतों में वृद्धि पूरी तरह से नियामकीय बदलावों के कारण कच्चे माल की लागत के चलते की गई है। आंशिक रूप से ऐसी लागत का बोझ ग्राहकों पर डाला गया है।"




# आईपीएल : मुंबई-लखनऊ के बीच मैच आज, फार्म में नहीं रोहित और पंत

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शुक्रवार को यहां जब आमने सामने होंगी तो सभी की निगाह रोहित शर्मा और ऋषभ पंत के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का इस सत्र में अभी तक प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है तथा तीन मैच में उसके केवल दो अंक हैं।

भारतीय कप्तान रोहित की खराब फॉर्म मुंबई के लिए चिंता का विषय है। यही बात लखनऊ के कप्तान पंत पर भी लागू होती है जो रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन दोनों प्रमुख बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का असर परिणाम पर साफ नजर आ रहा है। इन दोनों टीमों ने अभी तक तीन में से केवल एक मैच जीता है और ऐसे में शुक्रवार को होने वाले मैच में जो टीम परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाएगी, उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी।



### पावर प्ले से निकलेगा जीत

इस बार क्यूरेटर घरेलू टीमों के अनुकूल पिच तैयार नहीं कर रहे हैं जिस पर कुछ फ्रेंचाइजी के कोच और खिलाड़ियों ने खुलकर नाराजगी व्यक्त की है। ऐसे में पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम की जीत की संभावना बढ़ जाएगी।



### अश्वनी नई सनसनी

मुंबई के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की चोट भी चिंता का विषय है। बुमराह कब तक वापसी करेंगे इसको लेकर हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम ने चुप्पी साध रखी है। बुमराह की जगह लेना आसान नहीं है लेकिन बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार ने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके मुंबई की टीम में आशा की नई किरण जगाई है। अश्वनी कुमार ने इस मैच में 24 रन देकर चार विकेट लिए थे।

### फार्म में पूरन, पंत कर रहे निराश

जहां तक लखनऊ की बात है तो विशाखापत्तनम में आईपीएल के शुरुआती मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली एक विकेट की निराशाजनक हार के बाद उसकी टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। लखनऊ के लिए अच्छी बात यह है कि वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरन अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने तीन मैच में अभी तक 189 रन बनाए हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श को छोड़कर लखनऊ का कोई भी अन्य बल्लेबाज पूरण की तरह बल्लेबाजी नहीं कर पाया है। लखनऊ की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी गेंदबाजी और कप्तान पंत का अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है।

खास खबर

## निजी कारणों से आईपीएल छोड़कर स्वदेश लौटे रबाडा



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा निजी कारणों से आईपीएल छोड़कर स्वदेश रवाना हो गए हैं। उनकी टीम गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। टाइटंस ने यह नहीं बताया कि रबाडा कब तक लौटेंगे। अभी तक उन्होंने दो ही मैच खेले हैं। गुजरात टीम ने एक बयान में कहा, 'कैगिसो रबाडा कुछ महत्वपूर्ण निजी मसले से निपटने के लिए दक्षिण अफ्रीका लौट गए हैं।' रबाडा ने पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ एक एक विकेट लिया था। उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बुधवार को बेंगलुरू में खेले गए मैच में टीम में जगह नहीं दी गई। रबाडा की जगह अरशद खान को उतारा गया जिन्होंने विराट कोहली का कीमती विकेट लिया।

### रामनवमी से 3 दिन पहले 'सूर्य-तिलक'...



अयोध्या। आईपीएल 2025 का रोमांच जारी है। शुक्रवार को मुंबई इंडियंस का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से होगा। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मैच से पहले गुरुवार को मुंबई के स्टार खिलाड़ियों ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए। इनमें सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, दीपक चाहर और कर्ण शर्मा शामिल हैं। सूर्या और दीपक पत्नियों के साथ नजर आए। सभी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से तस्वीरें साझा कीं। रविवार को रामनवमी के अवसर पर भगवान राम का सूर्य-तिलक (सूर्य की रोशनी का भगवान के माथे पर चमकना) भी होगा।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| बेंगलोर | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| कोलकाता | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
189 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

## अय्यर ने 29 गेंद में 60 रन ठोक आलोचकों को दिया जवाब

# वेंकटेश के बाद दिखा वरुण का वैभव कोलकाता ने हैदराबाद को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

वेंकटेश अय्यर ने अपने आलोचकों को जवाब देते हुए 29 गेंद में 60 रन बनाए। इसकी मदद से कोलकाता नाइट राइडर्स ने गुरुवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 80 रन से शिकस्त दी। अंगकृष रघुवंशी ने भी पचासा जड़ा और कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ 81 रन की साझेदारी की जिसके दम पर मेजबान टीम ने छह विकेट पर 200 रन बनाए। जवाब में सनराइजर्स की टीम 16.4 ओवर में 120 रन पर आउट हो गई।

प्लेयर ऑफ द मैच तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा ने ट्रेविस हेड और ईशान किशन को लगातार दो ओवरों में आउट किया। उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट चटकाए। हर्षित राणा ने अभिषेक शर्मा का विकेट लिया तब सनराइजर्स का स्कोर तीसरे ओवर में नौ रन पर तीन विकेट था। आंद्रे रसेल और सुनील नारायण ने भी एक एक विकेट लिए। सनराइजर्स ने दस ओवर तक पांच विकेट 66 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद वरुण चक्रवर्ती ने दो गेंद के भीतर दो विकेट लेकर निचले क्रम को रवाना किया। उन्होंने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लिए।



### पहली बार एक ही ओवर में दोनों हाथों से गेंदबाजी

सनराइजर्स ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जब श्रीलंका के 26 वर्ष के कामिंडु मेंडिस ने आईसीसी के इतिहास में पहली बार एक ही ओवर में दोनों हाथों से गेंदबाजी की। उन्होंने बाएं हाथ की स्पिन से रघुवंशी को बोल्ड किया और फिर खब्बू बल्लेबाज रिंकू सिंह को आफ स्पिन डाली। दो ओवरों तक कोई बाउंड्री नहीं लगी लेकिन अय्यर और रिंकू ने पारी को ढर्रे पर लाया। अय्यर ने 29 गेंद में सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। रिंकू ने 17 गेंद में चार चौकों और एक छक्के के साथ नाबाद 32 रन बनाए।



### सनराइजर्स की लगातार तीसरी हार

गत चैंपियन केकेआर पहले तीन में से दो मैच गंवाने के बाद जीत की राह पर लौटी है। अब उसे मंगलवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स से खेलना है। वहीं सनराइजर्स की यह लगातार तीसरी हार थी और अब उसका सामना रविवार को गुजरात टाइटंस से होगा।

### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का जीशान बो कमिंस | 01 | 06 | 0 | 0 |
| नारायण का क्लासेन बो शमी | 07 | 07 | 0 | 1 |
| रहाणे का क्लासेन बो जीशान | 38 | 27 | 1 | 4 |
| रघुवंशी का हर्षल बो मेंडिस | 50 | 32 | 5 | 2 |
| वेंकटेश का वर्मा बो हर्षल | 60 | 29 | 7 | 3 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 32 | 17 | 4 | 1 |
| आंद्रे रसेल रन आउट | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, योग : 20 ओवर में 200/6
गेंदबाजी : शमी 4-0-29-1, कमिंस 4-0-44-1, सिमरजीत 4-0-47-0, जीशान 3-0-25-1, हर्षल 4-0-43-1, मेंडिस 1-0-4-1.

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का राणा बो अरोड़ा | 04 | 02 | 1 | 0 |
| अभिषेक का अय्यर बो राणा | 02 | 06 | 0 | 0 |
| किशन का रहाणे बो अरोड़ा | 02 | 05 | 0 | 0 |
| रेड्डी का नारायण बो रसेल | 19 | 15 | 2 | 1 |
| मेंडिस का रॉय बो नारायण | 27 | 20 | 1 | 2 |
| क्लासेन का अली बो अरोड़ा | 33 | 21 | 2 | 2 |
| अनिकेत का अय्यर बो वरुण | 06 | 06 | 1 | 0 |
| कमिंस का राणा बो वरुण | 14 | 15 | 2 | 0 |
| हर्षल पटेल का और बो रसेल | 03 | 05 | 0 | 0 |
| सिमरजीत सिंह बो वरुण | 00 | 01 | 0 | 0 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 02 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, योग : 16.4 ओवर में 120/10
गेंदबाजी : अरोड़ा 4-1-29-3, राणा 3-0-15-1, वरुण 4-0-22-3, रसेल 1.4-0-21-2, नारायण 4-0-30-1.

## खबर संक्षेप



### सारा तेंदुलकर ने खरीदी क्रिकेट टीम

**नई दिल्ली।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर देश के सबसे अमीर क्रिकेटर्स में शामिल हैं। उन्हें देश में क्रिकेट का भगवान कहा जाता है। सचिन के कारण ही उनके परिवार का भी इस खेल से खास नाता है। उनके बेटे अर्जुन तेंदुलकर क्रिकेट खेलते हैं तो वहीं उनकी बेटी सारा ने भी अब इस दुनिया में कदम रख दिया है। सारा तेंदुलकर ने क्रिकेट टीम खरीदी है। सारा तेंदुलकर ने इंस्टाग्राम पर ऐलान किया कि उन्होंने क्रिकेट टीम खरीदी है जो कि मुंबई से जुड़ी है। सारा ने ग्लोबल इ-क्रिकेट प्रीमियर लीग में मुंबई फैंचाइजी को खरीदा है। लीग ने इसका ऐलान किया।

### मनीष, हितेश, अभिनाश सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत के मनीष राठौड़, हितेश और अभिनाश जामवाल ने बुधवार को अपने-अपने वजन वर्ग में आसान जीत के साथ विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में सेमीफाइनल में जगह बनाई। जामवाल ने 65 किग्रा वर्ग में जर्मनी के डेनिस ब्रिल को सर्वसम्मत फैसले से हराया जबकि हितेश ने इटली के गैब्रिएल गुइडी रोनतानी को 70 किग्रा वर्ग में सर्वसम्मत फैसले से शिकस्त दी।



### आईसीसी ने पाकिस्तान की टीम पर लगाया जुर्माना

**दुबई।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम पर हैमिल्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच रेफरी जेफ क्रो ने ये जुर्माना तब लगाया जब 2 अप्रैल को दूसरे वनडे मुकाबले में न्यूजीलैंड की 84 रन से जीत के दौरान पाकिस्तान निर्धारित समय में एक ओवर कम फेंक पाया था। आईसीसी के नियमों के मुताबिक खिलाड़ियों पर प्रत्येक ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का पांच फीसदी जुर्माना लगाया जाता है। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने अपनी गलती मान ली और जुर्माना स्वीकार कर लिया इसलिए इसमें औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं है।

## बार्सिलोना और रियल मैड्रिड में होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

बार्सिलोना ने बुधवार रात को यहां एटलेटिको मैड्रिड को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 1-0 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड से होगा।

बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने पहले हाफ में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले इन दोनों टीमों के बीच फरवरी में खेला गया सेमीफाइनल का पहला चरण 4-4 से बराबर रहा था। इस तरह से बार्सिलोना ने कुल मिलाकर 5-4 से जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। यह पिछले चार सत्र में पहला अवसर है जबकि बार्सिलोना इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। रियल मैड्रिड ने मंगलवार को अतिरिक्त समय तक चले मैच में रियल सोसिदाद को 5-4 के कुल स्कोर से पराजित करके फाइनल में जगह बनाई थी। इन दोनों टीमों के बीच 2013-14 सत्र के बाद पहली बार फाइनल खेला जाएगा। तब रियल मैड्रिड ने खिताब जीता था।



### कैरम बॉल पर कर रहा था काम : किशोर

**बेंगलुरु।** गुजरात टाइटंस के स्पिनर आर साई किशोर इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अपनी कैरम बॉल से बल्लेबाजों को गच्चा देने के लिए तैयार हैं जिस पर वह पिछले 3-4 वर्षों से काम कर रहे थे। किशोर ने बुधवार को यहां गुजरात की बेंगलुरु के खिलाफ आसान जीत के दौरान अपनी कैरम बॉल से क्रुणाल पंड्या को हैरान कर दिया था। इस 28 वर्षीय स्पिनर ने मैच के बाद खुलासा किया कि वह पिछले कुछ सत्र से कैरम बॉल पर काम कर रहे थे लेकिन उन्होंने किसी भी तरह के मैच में अभी तक इसका उपयोग नहीं किया था।

### अच्छी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध था

**बेंगलुरु।** गुजरात टाइटंस के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने स्वीकार किया कि यहां खेले गए आईपीएल मैच के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट का कैच छोड़ने के बाद वह शर्मिंदा महसूस कर रहे थे। बटलर ने 39 गेंद पर नाबाद 73 रन बनाए जिससे गुजरात की टीम ने यह मैच आठ विकेट से जीता।

# होम ग्राउंड का रोना, बीसीसीआई ने दी हिदायत

## लखनऊ बनाम पंजाब मैच को लेकर मेंटोर जहीर खान हुए थे नाराज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आपीएल के 18वें सीजन में अबतक 14 मैच हुए हैं लेकिन कई मौके ऐसे भी आए हैं जब टीमें पिच की शिकायत करती दिखीं। शिकायत ये कि होम ग्राउंड पर खेलने के बाद भी उन्हें फायदा नहीं मिल रहा क्योंकि पिच उनके मनमाफिक क्यूरेट नहीं हुई है। ताजा मामला मंगलवार को हुए लखनऊ बनाम पंजाब मैच का है।

हार के बाद लखनऊ के मेंटॉर जहीर खान तो यहां तक बोल गए कि ऐसा लगा जैसे हमारे होम ग्राउंड की पिच को पंजाब के क्यूरेटर ने तैयार किया है। अब इन शिकायतों को लेकर बीसीसीआई ने फ्रैंचाइजियों को ही हिदायत दी है कि वे अपनी जरूरतों को लेकर पिच क्यूरेटर को पहले ही बताएं, सीजन के बीच में नहीं।



### कई फ्रैंचाइजी नाराज

आईपीएल के मौजूदा सीजन के शुरुआती दौर में ही होम ग्राउंड की पिच को लेकर कई फ्रैंचाइजी ने असंतोष जताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी मांग की है कि ईडन गार्डन्स की पिच ऐसी हो जो स्पिनर्स को मदद पहुंचाए। दिल्ली कैपिटल्स का मैनेजमेंट भी अपने शुरुआती दो होम मैचों की पिच को लेकर क्यूरेटर से नाखुश है। कुछ ऐसा ही हाल चेन्नई सुपर किंग्स का भी जो होम पिच को लेकर खुश नहीं है। पंजाब के खिलाफ हार के बाद लखनऊ ने मेंटॉर जहीर खान ने तो प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही पिच को लेकर अपनी नाखुशी का इजहार किया है।

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
भिलाई एसएमई शाखा (छ.ग.)

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | प्रकार / सीमा / बकाया ऋण |
|---|---|---|
| **मेसर्स श्री सेल्स कॉर्पोरेशन, प्रॉप.- सैफुद्दीन थरानी,** 102 जी यूनिट-2, सुखपाल धर्मकांटा के सामने, नंदिनी रोड, भिलाई, भिलाई-दुर्ग- 490011. **श्री सैफुद्दीन थरानी पुत्र सदरुद्दीन थरानी,** प्लॉट-21, वार्ड-49, आदर्श नगर, भिलाई-दुर्ग-490011. **श्रीमती नाजिमा सैफुद्दीन थरानी,** प्लॉट नं. 21, अमन अपार्टमेंट के पीछे, बोरसी रोड, न्यू आदर्श नगर, दुर्ग-490011. | **शीर्षक धारक का नामः सैफुद्दीन थरानी पुत्र सदरुद्दीन थरानी,** प्लॉट नं. **21,** खसरा नं. **146/281,** मौजा- पोटियाकला, प.ह.नं. 19, आरएनएमः दुर्ग-1 (महाराजा चौक से न्यू आदर्श नगर चौक- आंतरिक भाग) तहसील एवं जिला दुर्ग (छ.ग.) नगर निगम दुर्ग के अंतर्गत, क्षेत्रफल- **2400** वर्ग फीट या **223.05** वर्ग मीटर में स्थित आवासीय भूमि एवं भवन के समस्त भाग तथा अंश। **चौहद्दीः उत्तर-** सबनम लिरानी का मकान, **दक्षिण-** 30 फीट सड़क, **पूर्व-** प्लॉट नं. 22, **पश्चिम-** प्लॉट नं. 20. | MSME/ HOUSING LOAN; ₹ 20,10,000/-; 29.03.2025 से कुल देय धनराशि ₹ 3,06,185.35 एनपीए तिथि 31.07.2024 |

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर **केनरा बैंक, भिलाई एसएमई शाखा (छ.ग.)** से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि **(ऊपर उल्लेखित अनुसार)** अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर **(संविदात्मक दर)**, लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 03.04.2024 स्थानः भिलाई (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

**रायपुर विकास प्राधिकरण**
भक्त माता कर्मा काम्पलेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006
टोल फ्री नंबर 1800-233-7188

**"आम सूचना"**

**प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत रायपुर विकास प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ फेस-02 रायपुरा के 1472 ई.डब्ल्यू.एस. (1बी.एच.के.) फ्लैट्स के आबंटितियों के लिए आम सूचना।**

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत रायपुर विकास प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ फेस-02 रायपुरा 1472 ई.डब्ल्यू.एस. (1बी.एच.के.) फ्लैट्स के अंतर्गत फ्लैटों का आबंटन, निम्नांकित सूची में दर्शित आबंटितियों को किया गया था। आबंटितियों द्वारा आबंटन आदेश के शर्तों के अनुसार समयावधि में किश्तों की राशि का भुगतान नहीं किया गया। राशि जमा करने के लिये दूरभाष (कॉलिंग, एस.एम.एस.) तथा नोटिस के माध्यम से सूचना दी गई किन्तु राशि जमा नहीं की गई है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आबंटिती फ्लैट लेने के इच्छुक नहीं है अतः इस आम सूचना के माध्यम से आबंटितियों को अंतिम सूचना दी जाती है कि दिनांक **15.04.2025** को शाम 5:00 बजे तक पूर्ण राशि का भुगतान नहीं किये जाने पर उनका आबंटन निरस्त कर दिया जावेगा।

यदि आबंटिती चाहे तो दिनांक 15.04.2025 तक बकाया राशि का पूर्ण भुगतान करके अपना आबंटन यथावत रख सकेगा। आबंटितियों द्वारा समयावधि में पूर्ण राशि का भुगतान किया गया है तो रसीदों की छायाप्रति तत्काल जमा कर प्राधिकरण कार्यालय में उपस्थित होकर सूचित करें। इसके पश्चात् दिनांक 15.04.2025 के बाद आबंटन के संबंध में किसी भी प्रकार का निवेदन स्वीकार नही किया जावेगा।

| स.क्र. | ब्लाक नं. | फ्लैट नं. | आबंटिती का नाम | पिता/पति का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | F | 312 | श्री सौरभ सिंह ठाकुर | श्री प्रताप सिंह ठाकुर |
| 2 | B | 612 | ईश्वर ठाकुर | स्व. रामजी ठाकुर |
| 3 | B | 717 | श्रीमती सुखबती नागपुरे | श्री कपूरचन्द नागपुरे |
| 4 | F | 204 | कु. किरण चौहान | श्री राकेश चौहान |
| 5 | E | 716 | श्री महेश साहू | श्री महेश्वर प्रसाद साहू |
| 6 | F | 810 | श्री ईश्वर देवांगन | लच्छन देवांगन |
| 7 | F | 218 | श्रीमती पिंकी कुर्रे | श्री अशोक कुर्रे |
| 8 | D | 801 | श्री रमेश यादव | श्री रामदरस यादव |
| 9 | F | 706 | श्रीमती उपमा सिंह | श्री आशीष कुमार सिंह |
| 10 | B | 609 | श्रीमती सोहद्रा बाई | श्री पवन सारथी |
| 11 | E | 208 | श्रीमती किरण चोपड़ा | स्व. पोलचन्द चोपड़ा |
| 12 | B | 203 | श्रीमती रत्ना ठाकुर एवं श्री रितेश सिंह ठाकुर | श्री रितेश ठाकुर एवं श्री घनश्याम सिंह |
| 13 | B | 417 | श्री रत्ना ठाकुर | स्व. सोनू ठाकुर |
| 14 | B | 606 | श्रीमती सोमा भट्टाचार्य | श्री अरिजीत भट्टाचार्य |
| 15 | B | 624 | श्रीमती प्रभा चन्द्राकर | श्री महेन्द्र चन्द्राकर |
| 16 | B | 813 | श्रीमती रेखा त्रिवेदी | श्री पंकज त्रिवेदी |
| 17 | B | 213 | श्रीमती राजलक्ष्मी धीवर | श्री ओम प्रकाश धीवर |
| 18 | B | 823 | श्री धनाराम | श्री जीवन लाल |
| 19 | B | 513 | श्रीमती पार्वती यादव | श्री दीपक यादव |
| 20 | C | 713 | श्रीमती गीता बिछिया | श्री प्रकाश बिछिया |
| 21 | B | 732 | श्री लक्ष्मण श्रीवास | स्व. फेरू श्रीवास |
| 22 | A | 530 | श्रीमती नूरजहां शेख | श्री मो. अहमद |
| 23 | G | 408 | मो. मुर्तजा हुसैन | मो. इरतजा हुसैन |
| 24 | F | 819 | सुरभि वर्मा | स्व. नकुल वर्मा |
| 25 | E | 603 | श्रीमती सविता सिंह | श्री राकेश सिंह |
| 26 | E | 811 | रीतू बिझवार | स्व. श्याम सुन्दर बिझवार |
| 27 | E | 303 | श्री अमित कुमार पोपतानी | कन्हैया लाल पोपतानी |
| 28 | E | 801 | श्रीमती भावना ठाकुर | श्री राज भारती ठाकुर |
| 29 | D | 304 | श्रीमती बबीता सोनी | श्री कुंदनमल सोनी |
| 30 | C | 710 | श्रीमती मीनू शर्मा | श्री योगेश शर्मा |
| 31 | C | 808 | नाज अली | शमीम अली |
| 32 | C | 611 | श्रीमती रजनी प्रजापति | श्री संतोष प्रजापति |
| 33 | A | 630 | सीताराम | श्री लाला राम कोशी |
| 34 | A | 823 | श्रीमती गायत्री मंडल | श्री बिरजु मंडल |
| 35 | F | 715 | श्रीमती रेखा नायक | श्री जीवन लाल नायक |
| 36 | G | 122 | श्रीमती अश्वनी सोनी | श्री गांधी सोनी |
| 37 | C | 519 | श्रीमती पूजा चन्द्राकर | श्री अशोक चन्द्राकर |
| 38 | G | 705 | श्रीमती ज्योति कुमार | श्री डेवीड कुमार |
| 39 | F | 804 | श्री चन्द्रकांत श्रीवास | श्री सनत श्रीवास |
| 40 | A | 704 | श्री शेखर साहू | श्री कमल नारायण साहू |
| 41 | C | 802 | श्रीमती तरूणा वर्मा | श्री चन्द्रशेखर वर्मा |
| 42 | A | 705 | श्रीमती भेनूपाल एवं श्री लक्ष्मी नारायण | श्री लक्ष्मी नारायण एवं श्री सुखीराम |
| 43 | A | 827 | श्रीमती तुलसी देवांगन | श्री अशोक कुमार देवांगन |
| 44 | G | 820 | श्रीमती संतोषी साहू | श्री शीतल चंद साहू |
| 45 | G | 303 | श्रीमती देवकी देवांगन | श्री चेतन देवांगन |
| 46 | G | 505 | श्रीमती राधा सोनी | श्री हरिया सोनी |
| 47 | C | 512 | श्रीमती रूपिन्दर कौर सौंध | श्री पपिन्दर सिंह सौंध |
| 48 | C | 809 | वसीम दाद खान | जहीर दाद खान |
| 49 | C | 822 | कु. रसना नायक | अग्रसेन नायक |
| 50 | C | 501 | श्रीमती धनेश्वरी रात्रे | श्री विनोद कुमार रात्रे |
| 51 | C | 704 | श्रीमती कान्ती साहू | श्री विष्णु साहू |
| 52 | F | 721 | श्रीमती रानी ठाकुर | श्री विरेन्द्र ठाकुर |
| 53 | A | 821 | श्रीमती जमुना बाई | स्व. सुखदेव यादव |

अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी

## कोयला खदानों की नीलामी से राज्य को सर्वाधिक 1722 करोड़ का मिला राजस्व

**कोरबा।** पिछले पांच वर्षों में वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी से राज्य को सर्वाधिक 1722.85 करोड़ के राजस्व की प्राप्ति हुई है। वाणिज्यिक कोयला नीलामी से वर्ष 2020 से अब तक कुल 4149 करोड़ रूपये की राशि मिली है। जिसके तहत कुल 109 कोयला खदानें आबंटित की गई हैं।

वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के माध्यम से जिन खदानों की नीलामी की गई वर्तमान में उनमें से 15 खदानें चालू हैं। इसके अतिरिक्त, इसी अवधि के दौरान 392 गैर-कोयला प्रमुख खनिज ब्लॉकों की नीलामी की गई है, जिनमें से 32 चालू हैं। कोयला मंत्रालय द्वारा राजस्थान में वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के माध्यम से कोई कोयला लिग्नाइट खदान आवंटित नहीं की गई है।




## अंधेरी से 5 शार्प शूटर्स को किया गिरफ्तार

**अंधेरी।** मुंबई पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी किसी बड़ी शख्सियत की हत्या के लिए आए थे। अंधेरी के एक होटल से पुलिस ने सभी पांचो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने पांचो की गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से पुलिस को हथियार भी बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि सभी आरोपी शार्प शूटर्स हैं।

## दिल्ली में 5 से लागू होगी आयुष्मान भारत योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार 5 अप्रैल से आयुष्मान भारत योजना शुरू करने जा रही है, जिसमें सबसे गरीब लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने बताया कि 10 अप्रैल तक एक लाख लोगों को इस योजना में शामिल किया जाएगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। इस योजना में दिल्ली के सबसे गरीब परिवारों, विशेष रूप से अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com